RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 209
लखनऊ, बुधवार, 22 मई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



पेशेवर खेल में उम्र संबंधी छूट नहीं मिलतीः धोनी

स्पोर्ट्स-12

# सपा और कांग्रेस में तुष्टीकरण की होड़ः मोदी

● कहा, दोनों दलों के शहजादों को अपने परिवार के आगे कुछ भी नहीं दिखता

**भाषा।** प्रयागराज




मंगलवार को प्रयागराज में भाजपा की रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व एनडीए के अन्य वरिष्ठ नेता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शहजादों को अपने परिवार के आगे कुछ नहीं दिखता। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रयागराज की इलाहाबाद और फूलपुर सीट के लिए 25 मई को होने वाले मतदान से पूर्व परेड ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादे भारत को गाली देने के लिए विदेश जाते हैं। सपा और कांग्रेस के शहजादों को अपने परिवार के आगे कुछ भी नहीं दिखता। कांग्रेस तो आजादी का सारा श्रेय एक परिवार को देना चाहती है। उन्होंने कहा, जो जिंदादिली मैंने प्रयागराज के लोगों में देखी है, वह कम ही देखने को मिलती है। आज भारत का भी यही मिजाज है। हर देश प्रेमी इससे खुश है। सपा, कांग्रेस और इंडिया के घटक दलों को भारत का गौरव गान हजम नहीं होता।

प्रधानमंत्री ने कहा, इनका (विपक्ष के घटक दलों का) एजेंडा है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 फिर से लागू करना, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को रद्द करना, भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े कानून निरस्त करना। क्या ए सब करने के लिए आप सपा और कांग्रेस वालों को एक भी वोट देंगे? उन्होंने कहा, इस बार का यह चुनाव तय करेगा कि भारत के भविष्य की त्रिवेणी किधर बहेगी। आज भारत की पहचान कैसे होती है? भारत की पहचान अब एक्सप्रेसवे, बुनियादी ढांचे से होती है। बड़े-बड़े देश कहते हैं कि भारत की डिजिटल प्रौद्योगिकी हमें भी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत का कोना-कोना इस बात की गवाही देता है कि इंडी के सहयोगी दलों से विकास नहीं हो सकता। प्रयागराज के कुम्भ का ही उदाहरण देखें तो सपा की सरकार में भगदड़ मच जाती थी, लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती थी। हर तरफ अव्यवस्था रहती थी, क्योंकि उन्हें कुम्भ से ज्यादा अपने वोट बैंक की चिंता रही है। अगर कुम्भ के लिए ज्यादा कुछ करते दिख गए तो उनका वोट बैंक नाराज न जाए, इस बात का उन्हें भय रहता था। उन्होंने कहा, कांग्रेस और सपा में तुष्टीकरण को लेकर होड़ रहती है। राम मंदिर का बहिष्कार करने वाले, सनातन को डेंगू-मलेरिया कहने वाले ए लोग अगले साल होने वाले कुम्भ को अच्छे से करने देते क्या?

प्रधानमंत्री ने कहा, सपा और कांग्रेस का चरित्र ही विकास विरोधी है। कैसे बिजली के लिए यहां के लोगों को तरसा कर रखा जाता था। हर दुकान के बाहर जेनरेटर का शोर रहता था। वर्ष 2017 से पहले किसान भाई रात-रात भर जागकर सिंचाई करते थे। आज किसानों को भी आसानी से बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा, प्रयागराज में खुले आम बम चलते थे, गुंडे-माफिया अपनी शेखी बघारते थे। यहां के दुकानदार कारोबारी क्या वे दिन भूल सकते हैं? जब से भाजपा सरकार आई है, माफिया के खिलाफ यहां अभियान जारी है। सपा सरकार में माफिया गरीबों की जमीनों पर कब्जा करता था, अब उसके अवैध महल तोड़कर भाजपा सरकार वहां गरीबों के लिए घर बनवा रही है। मोदी ने कहा, प्रयागराज शिक्षा का इतना बड़ा केंद्र है। यहां के युवा क्या यह भूल सकते हैं कि सपा सरकार कैसे आपके सपनों का सौदा करती थी? मेहनत आपकी, योग्यता आपकी, लेकिन नौकरी किसी और को मिलती थी। नौकरी दी जाती थी जाति देखकर, नौकरी मिलती थी घूस देने वालों को। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को इन्होंने परिवार सर्विस कमीशन बना दिया था। उन्होंने कहा, इनकी नाव डूब रही है। इनका एक ही सहारा है झूठ। लगातार झूठ, हर जगह झूठ, बार-बार झूठ। ए संविधान को लेकर देश में झूठ फैला रहे हैं। आपातकाल लगाकर संविधान को बदलने की साजिश किसने की थी। इसी इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कांग्रेस की तानाशाही पर लगाम लगाया था। इतने साल बीत गए, लेकिन कांग्रेस का चरित्र नहीं बदला।

प्रधानमंत्री ने कहा, बाबा साहेब आंबेडकर भी धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे। लेकिन कांग्रेस वाले संविधान के खिलाफ जाकर दलितों, पिछड़ों का आरक्षण अपने वोट बैंक को देने की कोशिश में हैं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया है। अब यही काम ए देशभर में करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मोदी आज प्रयागराज की धरती पर यह गारंटी देने आया है कि दलितों, पिछड़ों का आरक्षण इन लोगों को छीनने नहीं दूंगा। मोदी आगे भी आपकी सेवा करता रहे, इसके लिए इलाहाबाद सीट से नीरज त्रिपाठी और फूलपुर सीट से प्रवीण पटेल को आप जो वोट देंगे, वह मोदी को मजबूत करेगा।

# इंडी गठबंधन की मानसिकता महिला विरोधीः प्रधानमंत्री

**वाराणसी (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की मानसिकता को महिला विरोधी करार देते हुए मंगलवार को दावा किया कि आज कांग्रेस की सरकार होती तो रसोई का खर्च दो तीन गुना ज्यादा होता, जबकि इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने विभिन्न योजनाओं के जरिए जनता को हजारों रुपयों की बचत कराई है।

प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन में कहा कि उनके नेतृत्व में पहली बार केंद्र में ऐसी सरकार आई है जिसने महिलाओं के सम्मान की चिंता की है। उन्होंने कहा, बीते 10 साल में पहली बार सरकार की नीतियों से लेकर निर्णयों तक के केंद्र में माताएं, बहनें और महिलाएं आई हैं। इस पर उतनी चर्चा भले ही न हुई हो लेकिन यह भारत की सफलता की कहानी का एक बहुत बड़ा कारक है। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकारों पर महिलाओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा, जब घर आपके बिना नहीं चलता है तो देश आपके बगैर कैसे चल जाता, यह बात 60 वर्षों तक सरकारों को समझ ही नहीं आई। विपक्षी दलों के समूह इंडिया की मानसिकता ही महिला विरोधी है। वे महिलाओं को आरक्षण देने का विरोध करते हैं। प्रधानमंत्री ने महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए दावा किया कि उनकी सरकार की विभिन्न योजनाओं से जनता की बचत में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार की पहचान एक गाने से खूब होती है। महंगाई डायन खाए जात है.... कांग्रेस आई, महंगाई लाई। कांग्रेस सरकार रही होती तो आपकी रसोई का बजट दो-तीन गुना बढ़ चुका होता लेकिन यह मोदी लगातार प्रयास करता है कि आपका खर्च कम हो और आपकी बचत बढ़े। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मुफ्त राशन योजना से हर परिवार के साल में करीब 12 हजार रुपए बच रहे हैं। उज्ज्वला रसोई गैस सिलेंडर योजना से प्रति सिलेंडर 300 रुपए से ज्यादा की बचत हो रही है। जन औषधि केंद्रों पर 80 प्रतिशत छूट वाली दवाएं मिल रही हैं। पाइपलाइन के जरिए गैस आपूर्ति होने से भी बचत हो रही है। मोदी ने कहा, वाराणसी में पिछले 10 साल में तीन लाख से अधिक लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ है। प्रति ऑपरेशन कम से कम 10 हजार रुपए के हिसाब से देखें तो लोगों के करोड़ों रुपए बचे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना से भी बिजली के बिल में प्रति माह दो से ढाई हजार की बचत हो रही है। चार जून के बाद सरकार बनने पर इस योजना का विस्तार किया जाएगा। (शेष पेज 9)

# भारतीय सेना खोज रही देश की सैन्य विरासत

● उद्भव परियोजना के तहत चला रही अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सेना प्रमुख** जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि शासन कला में भारत की समृद्ध विरासत को उजागर करने के प्रयास में सेना ने एक परियोजना के हिस्से के रूप में महाभारत की महाकाव्य लड़ाइयों, प्रख्यात सैन्य हस्तियों के वीरतापूर्ण कारनामों का पता लगाया है, जिसका उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में देश के दृष्टिकोण को समृद्ध करना है। जनरल पांडे ने बताया कि उद्भव परियोजना का उद्घाटन पिछले साल किया गया था और इसके तहत वेदों, पुराणों, उपनिषदों और अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों की गहराई से पड़ताल की जा रही है और इसने प्रख्यात भारतीय और पश्चिमी विद्वानों के बीच उल्लेखनीय बौद्धिक समानताओं का खुलासा किया है।

सेना प्रमुख ने हिस्टोरिकल पैटर्न्स इन इंडियन स्ट्रैटेजिक कल्चर (भारतीय सामरिक संस्कृति में ऐतिहासिक प्रणालियां) सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। इस परियोजना का उद्देश्य आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एक अद्वितीय और समग्र दृष्टिकोण तैयार करते हुए समकालीन सैन्य प्रथाओं के साथ प्राचीन ज्ञान का इस्तेमाल करना है। यह भारतीय सेना की ऐसी पहल है जिसका लक्ष्य सदियों पुराने ज्ञान को समकालीन सैन्य शिक्षाशास्त्र के साथ एकीकृत करना है।

सेना प्रमुख ने कहा, इस परियोजना में वेदों, पुराणों, उपनिषदों और अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों का गहराई से अध्ययन किया गया है, जो परस्पर जुड़ाव, धार्मिक सोच और नैतिक मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, इसमें महाभारत के युद्ध, मौर्य, गुप्त और मराठा के शासनकाल के समय की सामरिक उत्कृष्टता का अध्ययन किया गया है जिसने भारत की समृद्ध सैन्य विरासत को आकार दिया है। सेना प्रमुख ने कहा कि इस परियोजना ने भारत की जनजातीय परंपराओं, मराठा नौसैन्य विरासत और सैन्य हस्तियों, विशेषकर महिलाओं के वीरतापूर्ण कारनामों को उजागर कर नए क्षेत्रों में खोज को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा, उद्भव परियोजना शिक्षाविदों, विद्वानों और सैन्य विशेषज्ञों के बीच नागरिक-सैन्य सहयोग को बढ़ावा देकर देश की समग्रता के दृष्टिकोण को मजबूत करती है।

# स्वाति मालीवाल ने उपराज्यपाल से साझा की अपनी पीड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली के** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को आप नेता और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर हुए कथित हमले पर पहली बार प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि मालीवाल ने बेहद पीड़ा में होने के कारण एक दिन पहले सोमवार को उन्हें फोन किया था। सक्सेना ने कहा कि वह स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से बहुत व्यथित हैं और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गहरी चुप्पी महिलाओं की सुरक्षा पर उनके रुख के बारे में बहुत कुछ बताती है।

यह बहुत समय पहले की बात नहीं है जब मालीवाल और सक्सेना 223 लोगों को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) हटाने के लिए आमने-सामने थे, जिन्हें डीसीडब्ल्यू की पूर्व अध्यक्ष द्वारा नियुक्त किया गया था। राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया था जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने शनिवार को केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

राज निवास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान जारी किया है, जिसमें सक्सेना ने कहा कि दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है और इसे तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने इस मामले पर आम आदमी पार्टी द्वारा उसके रुख को बदल लिए जाने को भी चौकाने वाला बताया। उपराज्यपाल ने कहा, आम आदमी पार्टी की सांसद सुश्री स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री के आवास पर कथित मारपीट के मुद्दे पर पिछले कुछ दिनों से मीडिया में चल रही खबरों से मैं बहुत व्यथित हूं। सक्सेना ने कहा, कल, उन्होंने बेहद पीड़ा से मुझे फोन किया और अपने दर्दनाक अनुभव और उसके बाद अपने ही सहयोगियों द्वारा उन्हें धमकाने और शर्मसार करने के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सबूतों से कथित छेड़छाड़ और उनपर दबाव डालने पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है और पूरी दुनिया के राजनयिक यहां रहते हैं तथा ऐसी शर्मनाक घटनाएं और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार की असंवेदनहीन, षडयंत्रकारी तिरस्कारपूर्ण प्रतिक्रिया पूरी दुनिया में भारत की छवि को धूमिल करती है।

उपराज्यपाल ने बयान में कहा, अगर ऐसी घटना देश के किसी अन्य मुख्यमंत्री के आवास में हुई होती, तो भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण निहित स्वार्थ वाली बाहरी ताकतों ने भारत में महिला सुरक्षा को लेकर जबर्दस्त वैश्विक विमर्श छेड़ दिया होता। इस मामले में इस तरह का कोई आक्रोश न होना कई सवाल खड़े करता है जिनके जवाब नहीं है। सक्सेना ने मालीवाल का समर्थन करते हुए कहा, वह मेरे और मेरे कार्यालय के प्रति मुखर, शत्रुतापूर्ण और स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रही हैं और अक्सर अनुचित रूप से मेरी आलोचना करती रही हैं। सक्सेना ने कहा कि यह 'सबसे ज्यादा परेशान करने वाली बात है कि कथित अपराध स्थल मुख्यमंत्री का ड्राइंग रूम है जबकि वह कथित तौर पर घर में मौजूद थे, और यह उनके निकटतम सहयोगी द्वारा एक अकेली महिला के साथ किया गया।' उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य राज्यसभा सदस्य (संजय सिंह) ने मीडिया के सामने मालीवाल के आरोपों की पुष्टि की और आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री अपराधी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उपराज्यपाल ने कहा, बाद में मामले में रुख बदल लिया गया, जाहिर तौर पर उच्चतम पदाधिकारी के कहने पर। (शेष पेज 9)

# अमेरिका ने जांच में ईरान की मदद से किया इनकार

**पीटीआई।** वाशिंगटन

**ईरान की** सरकार ने उस हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच के लिए अमेरिका से मदद का आग्रह किया है, जिसमें राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री तथा छह अन्य की मौत हुई है, लेकिन अमेरिका लॉजिस्टिक (साजो-सामान) कारणों से सहायता नहीं करेगा। यह जानकारी अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी है। रईसी और विदेश मंत्री आमिर-अब्दुल्लाहियन और छह अन्य जिस हेलीकॉप्टर में सवार थे, वह कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और ये सभी सोमवार को मृत मिले थे। रईसी को 85 वर्षीय ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के उत्तराधिकारी की दौड़ में अग्रणी उम्मीदवारों में से एक माना जाता था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से सोमवार को जब प्रेस वार्ता में ईरानी सरकार की ओर से मदद का आग्रह किए जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका इस तरह की स्थितियों में विदेशी सरकारों से आग्रह आने पर मदद करता है, लेकिन अमेरिका उसकी किसी भी तरह की मदद कर पाने में सक्षम नहीं है। मिलर ने पत्रकारों से कहा कि काफी हद तक लॉजिस्टिक कारणों के चलते ईरान की मदद नहीं की जा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अमेरिका ने रईसी के निधन पर आधिकारिक तौर पर शोक जताया है (शेष पेज 9)

# अगले पांच दिन तक गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं



**भाषा।** नई दिल्ली

**देश के** एक बड़े हिस्से में मंगलवार को लगातार पांचवें दिन प्रचंड गर्मी का सितम जारी रहा जिससे लोगों की सेहत और आजीविका प्रभावित हुई। इस बीच अगले पांच दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश में गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम कार्यालय ने इन राज्यों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए कमजोर लोगों के लिए अत्यधिक देखभाल की आवश्यकता पर बल दिया है। उसने कहा कि इस अवधि के दौरान हिमाचल प्रदेश की निचली पहाड़ियों में अत्यधिक गर्मी का दौर जारी रहेगा, जो मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से बचने के लिए लोगों के सुरक्षित आश्रय स्थल रहे हैं। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हुआ और कई लोगों ने दोपहर में घर के अंदर ही रहना पसंद किया।

गुजरात के कुछ हिस्सों में भी लोगों को प्रचंड गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा के सिरसा में मंगलवार को पारा 47.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और यह देश में सबसे गर्म स्थान रहा। दिल्ली में, पिछले दिनों की तुलना में तापमान में कुछ गिरावट आई, लेकिन यह सामान्य से तीन से पांच डिग्री अधिक रहा। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की अधिकतम मांग मंगलवार दोपहर 7,717 मेगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, क्योंकि घरों (शेष पेज 9)

# अंटार्कटिका में पर्यटन पर लगाम लगाने के लिए भारत चलाएगा अभियान

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**जैसे-जैसे** अंटार्कटिका एक वैज्ञानिक आश्रय स्थल से एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। इसकी पारिस्थितिक नाजुकता के बारे में बढ़ती चिंताएं के मद्देनजर अब सभी की निगाहें भारत पर हैं जो पर्यटन को विनियमित करने के लिए केरल में चल रही दस दिवसीय 46वीं अंटार्कटिक संधि सलाहकार बैठक (एटीसीएम) में चर्चा का नेतृत्व कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण समिति (सीईपी) की 26वीं बैठक में भी इसी तरह का विचार-विमर्श किया जा रहा है। 1966 से एटीसीएम में पर्यटन को विनियमित करने के बारे में चर्चाएं चल रही हैं, लेकिन अब तक ये केवल एजेंडा आइटम, सत्र, कागजात या संकल्पों के आसपास केंद्रित रही हैं। यह पहली बार है कि 20 मई से कोच्चि में भारत द्वारा आयोजित 46वें एटीसीएम में क्षेत्र में पर्यटन को विनियमित करने के लिए एक समर्पित कार्य समूह तैयार किया गया है।

इस सभा में लगभग 40 देशों के 350 से अधिक प्रतिभागियों ने महाद्वीप के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण जलवायु परिवर्तन के खतरों पर विचार-विमर्श किया। इससे पेंगुइन जैसे महाद्वीप के वन्यजीवन को नुकसान उठाना पड़ रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, पिछले चार दशकों में अंटार्कटिक पर्यटन में वृद्धि आश्चर्यजनक है, हाल के सीज़न में आगंतुकों की संख्या कुछ सौ से बढ़कर 100,000 से अधिक हो गई है, जो मुख्य रूप से क्रूज पर आते हैं। ऐसी चिंताजनक पृष्ठभूमि में, देशों के लिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि वे इस अनूठे और प्राचीन क्षेत्र की टिकाऊ और जिम्मेदार खोज सुनिश्चित करने के लिए व्यापक नियम बनाएं। भारत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा क्योंकि अंटार्कटिक संधि प्रणाली के व्यापक ढांचे में शामिल



करने के लिए कार्रवाई योग्य सिफारिशों की एक श्रृंखला लाने की उम्मीद है।

केंद्रीय पृथ्वी और विज्ञान मंत्रालय के सचिव और भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख डॉ. एम रविचंद्रन ने बैठक में सत्र को संबोधित करते हुए कहा, अंटार्कटिका जंगल और वैज्ञानिक खोज की अंतिम सीमाओं में से एक का प्रतिनिधित्व करता है। इस असाधारण क्षेत्र के प्रबंधकों के रूप में यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि अनुसंधान और पर्यटन सहित सभी गतिविधियाँ इस तरीके से संचालित की जाएं जिससे भावी पीढ़ियों के लिए इसकी पारिस्थितिक अखंडता सुरक्षित रहे। डॉ. रविचंद्रन ने आगे कहा, अंटार्कटिक संधि प्रणाली का एक प्रतिबद्ध सदस्य होने के नाते, भारत अंटार्कटिका में बढ़ती पर्यटन गतिविधियों और महाद्वीप के नाजुक पर्यावरण पर उनके संभावित प्रभाव को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता को पहचानता है। उन्होंने दोहराया कि भारत ने हमेशा एहतियाती सिद्धांतों पर आधारित एक व्यापक, सक्रिय और प्रभावी पर्यटन नीति की वकालत की है। अंटार्कटिका संधि प्रणाली के भीतर देशों के सहयोगात्मक प्रयास प्राचीन पर्यावरण को संरक्षित करने और अंटार्कटिका में वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं। 46वें एटीसीएम और 26वें सीईपी के अध्यक्ष राजदूत पंकज सरन ने कहा, अपने नेतृत्व और प्रतिबद्धता के माध्यम से, भारत अंटार्कटिक शासन के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एटीसीएम और सीईपी उच्च स्तरीय वैश्विक वार्षिक बैठकें हैं जो तदनुसार आयोजित की जाती हैं। अंटार्कटिक संधि के प्रावधानों के साथ 1959 में 56 अनुबंध दलों के एक बहुपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इन बैठकों के दौरान अंटार्कटिक संधि के सदस्य देश अंटार्कटिका के विज्ञान, नीति, शासन, प्रबंधन, संरक्षण और संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हैं। सीईपी की स्थापना 1991 में अंटार्कटिक संधि (मैड्रिड प्रोटोकॉल) के (शेष पेज 9)

# प्रदेश का हर माफिया सपा से रखता है संबंध: सीएम योगी

● योगी ने डुमरियागंज के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल के लिए की जनसभा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ सिद्धार्थनगर



**सपा** व कांग्रेस पर हमलावर सीएम योगी ने कहा कि यह लोग आतंकियों के आका और माफिया के सरपरस्त हैं। हर अपराधी व माफिया 2017 के पहले जनता का खून चूसता था, वसूली करता था, बेटी की सुरक्षा पर खतरा था। आज माफिया को उल्टा टांगने और राम नाम सत्य की यात्रा निकलने पर सपा को पीड़ा होती है। हमें माफिया के सहयोगी-सरपरस्त, आतंकियों के आकाओं को सत्ता पर काबिज नहीं होने देना है। सपा व कांग्रेस के गठबंधन के कारण अनर्थ होता है। जब केंद्र में कांग्रेस व प्रदेश में सपा सरकार थी तो अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि, काशी में संकट मोचन, अयोध्या, लखनऊ व वाराणसी की कचहरियों पर आतंकी हमला हुआ था। सीएम बनते ही अखिलेश यादव ने आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने का कार्य किया था। तब न्यायालय ने कहा था कि आतंकी छूटेंगे नहीं, सरकार को शर्म आनी चाहिए।

सीएम योगी मंगलवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में डुमरियागंज से सांसद व लोकसभा प्रत्याशी जगदंबिका पाल के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि सपा और माफिया का चोली-दामन का संबंध है। दोनों को अलग करके देखा ही नहीं जा सकता। प्रदेश का हर माफिया सपा से संबंध रखता है। सपा की संवेदना समाज के बेटी-व्यापारी की सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि माफिया के साथ है। माफिया के प्रति इनकी संवेदना को देखते हुए जनता ने इन्हें 2014, 2017, 2019, 2022 में इन्हें खारिज कर दिया। अबकी बार-400 पार के नारे को सुनकर सपा चारों खाने चित हो रही है। सपा कुल 63 सीट पर चुनाव लड़ रही। इन सभी सीटों पर इनकी जमानत जब्त हो रही है, इसलिए दो लड़कों (सपा व कांग्रेस) का इंडी गठबंधन षडयंत्र व गुमराह कर झूठ-अफवाह फैला रहा है। सीएम ने कहा कि जिस माफिया को गोरखपुर, संतकबीर नगर की जनता ने लात मारकर भगाया है, उसे महात्मा बुद्ध की धरती सिद्धार्थनगर में नहीं पनपने देगी। यह माफिया पनपेंगे तो गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करेंगे। डुमरियागंज व कपिलवस्तु में मैं आंदोलन करता था, तब आपको न्याय मिलता था। फिर ऐसी नौबत न आने दें। यह माफिया केवल स्वार्थ के हैं। यह किसी की जमीन कब्जा कर बंदूक की नोक पर लिखवाने का कार्य करेंगे। यद्यपि इन माफिया का हम जीना हराम कर देंगे, लेकिन फिर भी यह माफिया आएंगे तो गुंडागर्दी का प्रयास करेंगे। रंगदारी वसूली करेंगे। वोट और फैसला दोनों आपका है। योगी ने कहा कि अवसर मिला तो हमने अयोध्या में रामलला को विराजमान कर दिया। सपा वाले रामभक्तों पर गोली चलाते थे। सपा महासचिव का बयान आया कि राम मंदिर बेकार बना है। राम जगत नियंता और परमपिता परमेश्वर हैं। राम के बिना हमारा कोई काम नहीं।

# मोदी सरकार ने संसद में अधिनियम पारित कर आधी आबादी को दिया प्रतिनिधित्व का अवसर: मुख्यमंत्री

● योगी ने वाराणसी में आयोजित नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में भारत की सरकार के एजेंडे में प्रभावी ढंग से देश की आधी आबादी को स्थान देकर उनका सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने देश में जिन चार जातियों पर चर्चा की थी। उनमें गरीब, अन्नदाता, नौजवान और महिलाएं शामिल हैं। देश में वर्ष 2014 के बाद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से लेकर मातृ वंदन समेत अन्य अभियान चलाए गये हैं। इतना ही नहीं मोदी सरकार ने नई संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करके आधी आबादी को देश की विधायिका में प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है। इसके प्रति देश, प्रदेश और काशीवासी की आधी आबादी उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए हृदय से स्वागत करती है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वाराणसी में आयोजित नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम में कही। इस दौरान मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर उपस्थित सभी मातृशक्ति और कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों, अलग-अलग सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों से जुड़ी मातृशक्ति को स्वागत और अभिनंदन किया। इससे पहले उन्होंने भारत के संस्कृत जागरण के पुरोधा, दुनिया के लोकप्रिय राजनेता और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मातृशक्ति की ओर से भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में बेटियां और बहनें असुरक्षित थीं, उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पा रहा था। उन्हें कहीं तीन तलाक के नाम पर प्रताड़ित किया जाता था तो कहीं उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देने में संकोच किया जाता था, लेकिन पिछले 10 वर्ष में आपने बदलते भारत को देखा है। जिसमें आधी आबादी को सम्मानजनक और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का काम किया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति के वंदन कार्यक्रम को प्रभावी और प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का काम किया है। यही वजह है कि 2024 के लोकसभा के चुनाव में पूरे देश की आधी आबादी का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिल रहा है।

# फर्रुखाबाद के खरिया पमारान में 25 को होगा पुनर्मतदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** निर्वाचन आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के मतदान स्थल प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर 13 मई को हुए मतदान को अमान्य घोषित कर दिया गया है। इस मतदान स्थल पर आगामी 25 मई को पुनर्मतदान के आदेश जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 13 मई 2024 को हुए मतदान में कुछ अनियमितताएं प्रकाश में आई थी, जिसके कारण पुनर्मतदान का निर्णय लिया गया है। पुनर्मतदान प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा, जिसमें मतदाताओं को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने का एक और अवसर मिलेगा। पोलिंग बूथ के सभी मतदाताओं के बाँये हाथ की मध्यमा उँगली में अमिट स्याही का निशान लगाया जायेगा। गांव के सभी मतदाताओं को डुग्गी के माध्यम से मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और सभी राजनैतिक दलों तथा उम्मीदवारों को लिखित रूप में सूचित किया जा चुका है। रिटर्निंग ऑफिसर और संबंधित प्रेक्षक को भी पुनर्मतदान के कार्यक्रम से अवगत करा दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान की प्रक्रिया के दौरान सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों का पालन कराया जाएगा और मतदाताओं से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि पर मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस अवसर पर सभी मतदाताओं से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान की अपील की है। उन्होंने बताया कि पुनर्मतदान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# पांच चरणों में भाजपा जीत चुकी है 53 सीटें: भूपेन्द्र सिंह चौधरी



● रिटायर्ड आईपीएस अफसर प्रेम प्रकाश भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रिटायर्ड आईपीएस प्रेम प्रकाश ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, विधायक पूरन प्रकाश, डॉ. अंकुश त्रिपाठी एवं अभिषेक कौशिक उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा परिवार में शामिल हुए प्रेम प्रकाश का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलने वाली विकास यात्रा के साथ बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि मोदी के संकल्प को हम सब मिलकर पूरा करेंगे। समाज के लोग भी आपसे प्रेरणा लेंगे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा की प्रेम प्रकाश बहुजन समाज के लिए नियमित रूप से काम कर रहे हैं। उनके आने से भाजपा को अगले दो चरणों में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा पर जनविश्वास बना हुआ है। इसलिए प्रदेश में 80 की 80 सीटें भाजपा जीत रही है। पाँच चरणों में 53 सीटें भाजपा जीत चुकी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की गाड़ी डीरेल हो चुकी है। अखिलेश यादव और राहुल गांधी को उनके ही कार्यकर्ता रैली नहीं करने दे रहे हैं। उनकी रैलियों में गुंडे और अराजक तत्वों की ही भीड़ आ रही है, आम जनता का इनसे कोई सरोकार नहीं है। इनका नारा सबका साथ परिवार का ही विकास है। इनके इंडी गठबंधन में विश्व के सबसे बड़े बहुरूपिये केजरीवाल जो शराब घोटाले में आरोपित हैं। इनके घर में इनकी पार्टी की सांसद के साथ बदसलूकी होती है, उनकी पिटाई होती है। इसके बाद भी एलायंस पार्टनर्स ने एक भी आवाज नहीं उठाई। इनका इतिहास ही महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का रहा है। पाठक ने कहा कि देश में मोदी जी की लहर चल रही है, देश में गरीब, किसान, महिला व नौजवान की बेहतरी के लिए सरकार की प्रत्येक योजना समर्पित है। विपक्ष हताश, निराश और बेसुध हो चुका है। प्रदेश में विपक्ष का बस्ता लगाने के लिए कार्यकर्ता नहीं मिल रहे हैं। भाजपा जनता के आशीर्वाद से चुनाव में विजयश्री पाने जा रही है। प्रेम प्रकाश ने कहा कि देश का जो कर्ज मुझ पर है, उसे उतारने का मौका मिला है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो देश के लिए पूरी तरह समर्पित है। 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को स्थापित करने के मिशन में जुटी है। अब मैं भी उसका हिस्सा हूं। उन्होंने कहा कि विपक्ष झूठ बोलकर संविधान बदलने और आरक्षण छीनने का फेक नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ही है जिसने संविधान को बदलकर इमरजेंसी लगाई थी। आरक्षण से खिलवाड़ भी कांग्रेस ने किया है। भाजपा ही ऐसा दल है जो संविधान का सम्मान करती है। गरीब कल्याण के लिए काम करने वाली पार्टी है। बाबा साहेब आम्बेडकर जी के सिद्धांतों पर काम करने वाला दल है।

# कांग्रेस व सपा के अनर्थकारी गठबंधन की मंशा अच्छी नहीं: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/बस्ती

## योगी ने बस्ती के सांसद व भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के लिए की वोट की अपील

**अबकी** बार-400 पार की बात पर सपा के लोगों को चक्कर आने लगता है, क्योंकि सरकार के लिए 273 सांसद चाहिए और सपा 63 सीट पर भी चुनाव नहीं लड़ पा रही है। इन्हें जनता ही जवाब देती है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। इस चुनाव में एक तरफ रामभक्त तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। रामद्रोही आतंकवाद, नक्सलवाद समर्थक हैं। यह भारत की सुरक्षा पर सेंध लगाने वाले, विकास को बाधित करने वाले, गरीबों के हकों पर डकैती डालने वाले, समाज को जाति के नाम पर बांटने वाले लोग हैं। इनके मन में आपके प्रति नहीं, बल्कि माफिया के प्रति संवेदना है। वहीं दूसरी तरफ रामभक्त हैं, जिन्होंने मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में रामलला को विराजमान किया। रामभक्त देश को सम्मान दिला रहे हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बस्ती से सांसद व लोकसभा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के पक्ष में जनता इंटर कॉलेज नगर बाजार महादेवा में मंगलवार को जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपील की कि 25 मई को कमल के फूल पर बटन दबाना है और अबकी बार-400 पार कराना है। राम-लक्ष्मण, भरत-शत्रुघ्न के लिए इसी मखौड़ा धाम की धरा पर पुत्रेष्टि यज्ञ हुआ था। सीएम ने कहा कि कांग्रेस व सपा सरकार में आतंकी घटनाएं होती थीं। अब पाकिस्तान को पता है कि नया भारत छेड़ता नहीं, छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं है। अखिलेश यादव ने सीएम बनते ही आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का प्रयास किया था, लेकिन न्यायालय ने कहा कि इन्हें नहीं छोड़ा जाएगा। सीएम ने सपा को आतंकियों का समर्थक बताया। बोले कि यह रामभक्तों पर गोली चलाते हैं और आतंकियों के मुकदमे वापस लेते हैं। गरीबों भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करता था तो इनकी संवेदना नहीं होती थी, लेकिन माफिया के यहां मातम मनाने गए थे। योगी ने कहा कि सपा की सरकार में मुंडेरवा चीनी मिली बंद हुई थी, भाजपा सरकार ने इसे शुरू कराया। हम लोग बस्ती नगर के अंदर भी फोरलेन सड़कें बना रहे। बेहतर कनेक्टिविटी कर रहे हैं। बस्ती के इधर गोरखपुर और उधर अयोध्या का एयरपोर्ट है। यहां महर्षि वशिष्ठ और सिद्धार्थनगर में माधव बाबू के नाम पर मेडिकल कॉलेज है। भाजपा सरकार आपको अटल आवासीय विद्यालय भी दे रही है, जिसमें अनाथ व श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। सीएम ने आह्वान किया कि हर व्यक्ति पांच-पांच घर जाकर जनसंपर्क करे और मेरा संदेश दे कि फिर से रामभक्तों की सरकार बनानी है।

# सुल्तानपुर के सोनू सपा में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मंगलवार को सुल्तानपुर जनपद के पूर्व विधायक चन्द्र भद्र सिंह सोनू ने भेंट कर उनके नेतृत्व एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की है। चन्द्र भद्र सिंह इसौली से विधायक रह चुके है। इनके पिताजी इन्द्र भद्र सिंह भी विधायक रहे है। बता दें कि चन्द्र भद्र सिंह सोनू 2019 में सुल्तानपुर से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके है। चन्द्र भद्र सिंह सोनू के समाजवादी पार्टी में शामिल होने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# भाजपा का सफाया कर रही है यूपी की जनता: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को लालगंज लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी दरोगा प्रसाद सरोज और भदोही लोकसभा क्षेत्र से टीएमसी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए रिकार्ड मतों से जिताने की अपील की।

अखिलेश यादव ने कहा कि जनता परिवर्तन के लिए और भाजपा को हटाने के लिए वोट दे रही है। उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा का सफाया कर रही है। अभी तक चुनाव को लेकर जो रिपोर्ट आ रही है उसमें भाजपा सारी सीटें हार रही है। इंडिया गठबंधन सब सीटें जीत रहा है। यादव ने कहा कि भाजपा के नेता भी हार मान चुके हैं। इनके भाषणों में वही पुरानी घिसीपिटी कहानी है। जनता भाजपा नेताओं के घिसेपिटे डायलॉग अब नहीं सुनना चाहती है। समाजवादी पार्टी पीडीए इंडिया गठबंधन परिवार भाजपा के एनडीए को हरा रहा है। भाजपा नेताओं की हर बात झूठी है। इनके हर वादे झूठे है। भाजपा ने दस साल झूठ बोला और लूट की। आज झूठ और लूट भाजपा की पहचान बन चुकी है। भाजपा ने बहुत भ्रष्टाचार किया। चौतरफा लूट और वसूली की। इलेक्टोरल बांड के नाम पर वसूली की। यादव ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। एक तरफ इंडिया गठबंधन संविधान बचाने वाले लोग है दूसरी तरफ भाजपा है जो संविधान बदलना चाहती है। संविधान से सभी को वोट डालने का अधिकार मिला है। संविधान हम सब की संजीवनी है। मै बहुजन समाज के लोगों से अपील करता हूँ कि बाबा साहब का संविधान बचाने के लिए समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को वोट दे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा हटेगी तभी संविधान बचेगा। लोकतंत्र बचेगा। आरक्षण बचेगा। जनता के अधिकार बचेंगे। भाजपा बाबा साहब के संविधान के पीछे पड़ी है। जनता भाजपा की साजिश को समझ चुकी है। देश के 140 करोड़ देशवासी इस बार भाजपा को 140 सीट के लिए तरसा देंगे। भाजपा ने किसानों, नौजवानों से झूठ बोला, धोखा दिया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। खेती का लागत मूल्य बढ़ गया। किसान जानते हैं कि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। किसानों पर कर्ज भी बढ़ता जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया है। चार जून के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी। भाजपा सरकार ने किसानों की कोई मदद नहीं की। भाजपा सरकार ने नौजवानों के साथ विश्वासघात किया। हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था लेकिन कोई नौकरी नहीं दी। भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं के दस पेपर लीक हुए। इस सरकार ने जानबूझ कर पेपर लीक कराये। इस सरकार की नीयत नौकरी, आरक्षण देने की नहीं है। इंडिया गठबंधन की सरकार विभिन्न विभागों में खाली पड़े तीस लाख पदों को भरने का काम करेगी। नौजवानों को नौकरी और सम्मानजनक रोजगार दिलायेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार भरोसे लायक नहीं है। इसने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में दे दिया। क्या किसी को पता था कि हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, बंदरगाह बिक जाएंगे। क्या पता था कि अग्निवीर योजना आयेगी। क्या किसी को पता था कि आधी रात में अचानक नोटबंदी हो जाएगी। भाजपा से सभी को सावधान रहना है। इन्होंने देश को बहुत नुकसान पहुंचाया है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD RAFIQ से बदलकर MOHAMMAD RAFIQ BABU कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHAMMAD RAFIQ BABU S/o Babu 202/182 Attarsuiya, Prayagraj

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वर्ष 1981 का बीए प्रथम वर्ष का मूल अंक पत्र वास्तव में खो गया है। जिसका एनरोलमेंट नंबर डीडी 14743 है। पति राम यादव (PATI RAM YADAV) पुत्र स्वर्गीय होरीलाल निवासी 4/937 फर्स्ट फ्लोर विभाग- 4 विकास नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश।

# महाकुंभ से पहले प्रयागराज जंक्शन को मिली रेल कोच रेस्टोरेंट की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ प्रयागराज

● पर्यटकों को उपलब्ध होगा कई राज्यों का देसी खाने का जायका

● सेल्फी प्वाइंट और फव्वारों का भी लुत्फ उठा सकेंगे पर्यटक

**प्रयागराज** में होने वाले महाकुंभ को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के लिए डबल इंजन की सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। ऐसे में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए प्रयागराज के जंक्शन रेलवे स्टेशन में रेल कोच रेस्टोरेंट का निर्माण किया गया है और सिविल लाइंस की ओर से जंक्शन रेलवे स्टेशन में इसकी शुरुआत कर दी गई है।

प्रयागराज महाकुंभ कई अभिनव प्रयोगों का साक्षी बन रहा है। इसी के तहत प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और पहले यातायात पार्क के बाद अब कुंभ नगरी में रेल कोच रेस्टोरेंट की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है। जंक्शन रेलवे स्टेशन के बाहर बने रेल कोच रेस्टोरेंट को मंगलवार से शुरू कर दिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के जन संपर्क अधिकारी अमित सिंह बताते हैं कि लखनऊ, बरेली, वाराणसी, झांसी और आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के बाद अब प्रयागराज यूपी का छठवां रेलवे स्टेशन है, जहां रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू हो गया है। पर्यटक मील्स ऑन व्हील की थीम पर ट्रेन की पटरियों पर कोच में जायके का लुत्फ उठा सकेंगे। इसमें रेलवे के पुराने एसी टू कोच को रेस्टोरेंट का लुक दिया गया है। रेल कोच रेस्टोरेंट के अंदर एक बार में 56 लोग बैठ सकते हैं, जिसके लिए यहां कुल 14 टेबल की व्यवस्था की गई है। हर एक टेबल के साथ दो-दो सोफे लगाए गए हैं। इसमें चार लोग आसानी से बैठ सकते हैं। महाकुंभ को देखते हुए रेल कोच रेस्टोरेंट में यात्रियों को सौ फीसदी शाकाहारी भोजन ही परोसा जाएगा। रेल कोच रेस्टोरेंट 24 घंटे ओपन रहेगा। वहीं रेल कोच रेस्टोरेंट में दो सेल्फी प्वाइंट और फुहारे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा बच्चों के खेलने के लिए अलग से स्पेस बनाया गया है, जिसमें फैमिली के साथ आने वाले बच्चे खुली हवा में खेल सकें। जन संपर्क अधिकारी के मुताबिक जंक्शन के अलावा छिवकी व सूबेदारगंज में भी रेल कोच रेस्टोरेंट का निर्माण हो रहा है, जो महाकुंभ से पहले बनकर तैयार हो जायेंगे।

# राजीव गांधी ने दिलाई भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत लोकतांत्रिक देश के रूप में पहचान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



● कांग्रेस नेताओं ने पूर्व पीएम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक किया याद

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मंगलवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि के मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्री श्याम किशोर शुक्ला, सतीश अजमानी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया। इस अवसर पर दिनेश सिंह ने कहा कि देश की एकता अखंडता के लिए शहादत देने वाले राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी सोच और आधुनिक भारत निर्माण के दृढ़ संकल्प के दम पर भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत लोकतांत्रिक देश के रूप में पहचान दिलाई है।

सामाजिक न्याय की परिकल्पना को स्थापित करने के लिए पंचायती राज कानून को कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए राजीव गांधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। औद्योगिक विकास एवं कम्प्यूटर क्षेत्र में उनके द्वारा लाई गई क्रांति का ही नतीजा है कि आज वैशविक स्तर पर भारतीय कम्प्यूटर दक्ष युवाओं का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने बताया कि 18 वर्ष के भारतीय युवाओं को मिला मताधिकार और ग्रामीण महिलाओं को मिला सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक सम्मान राजीव गांधी जी द्वारा चलाये गये क्रांतिकारी कार्यक्रमों से ही फलीभूत हो सका है। सरल स्वभाव के मालिक राजीव गांधी द्वारा भारतीय शिक्षा को नया आयाम देने के लिए देश भर में सात सौ से अधिक जवाहर नवोदय विद्यालयों द्वारा आवासीय शिक्षा देने की व्यवस्था दी गई। जिसके माध्यम से आज भी गरीब छात्रों को बारहवीं तक मुफ्त शिक्षा दी जा रही जो कि राजीव गांधी की दूरगामी व विकासपरक सोच का ही परिणाम है।

# नफरत की ताकतों के ताबूत पर आखिरी कील ठोंकेगा सिद्धार्थनगर: अविनाश पांडेय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बुद्ध** की नगरी-सिद्धार्थ नगर में मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी के पक्ष में समन्वय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सिद्धार्थ की बाल लीलाओं एवं तरुण काल की क्रीड़ाओं की साक्षी यह धरती उन्हें सर्वाधिक प्रिय थी। इस नगर के हमारे पुरखों ने धार्मिक आडंबर एवं दलितों, पिछड़ों के जीवन पर निषेध, नियंत्रण, तिरस्कार अपमान को संस्थागत रूप देने वाली परंपराओं को खारिज किया। उसकी जगह बुद्ध की सामाजिक बराबरी, अहिंसा और करुणा के संदेश को अपनाया था। तथागत भारत की भूमि पर पैदा हुए एक विश्व पुरुष है, जिनका परचम आज भी सिंहल से साइबेरिया तक अर्थात श्रीलंका, बर्मा, वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया, मंगोलिया, तिब्बत, चीन, जापान तक फहरा रहा है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
मंडलीय कार्यालय : लखनऊ, परिसर विभाग
न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल,हजरतगंज,लखनऊ-226001

कार्यालय परिसर लीज के लिए निविदा आमंत्रण सूचना

इंडियन बैंक,एक सार्वजनिक क्षेत्र बैंक, "रुदौली" में नए परिसर खोलने के लिए 1100 वर्ग फीट क्षेत्रफल कार्पेट एरिया वाले (पूर्ण निर्मित / निर्माणाधीन परिसर), भूतल पर स्थित,पार्किंग सुविधा से सम्पन्न परिसर के लिए परिसर के मालिकों से (तकनीकी और वित्तीय निविदा) प्रस्ताव आमंत्रित करता है जो पट्टे के आधार पर 15 वर्षों के लिए शाखा / कार्यालय स्थापना के लिए देने को तैयार हो।

निविदा प्रपत्र मंडलीय कार्यालय, न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल,हजरतगंज,लखनऊ-226001 से अथवा बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in से 22.05.2024 से 06.06.2024 तक डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 06.06.2024 सायं 5.00 बजे तक है। निविदा का विवरण हमारी वेबसाइट www.indianbank.in से प्राप्त किया जा सकता है
बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक 21.05.2024 अंचल प्रमुख

# शोध कार्यों के लिए विषय सूची बनाएं और विश्वविद्यालयों को जोड़ें : राज्यपाल

**● राजभवन में हुई स्वर्णप्राशन के औषधीय महत्व पर एलोपैथिक व आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संयुक्त संगोष्ठी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में आयुर्वेदिक औषधि स्वर्णप्राशन के औषधीय महत्व पर एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संयुक्त संगोष्ठी सम्पन्न हुई। इस अवसर पर राज्यपाल ने संगोष्ठी में हुई चर्चाओं को 'आई ओपनर' कहा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का औषधीय ज्ञान बहुमूल्य है। आयुर्वेदिक औषधियों के स्टैण्डर्ड निर्माण में उत्तर प्रदेश के नेतृतव के लिए आगे आए।

राज्यपाल ने संगोष्ठी में आयुर्वेद और एलोपैथिक चिकित्सकों द्वारा दिए गए प्रस्तुतिकरण में स्वर्णप्रशान औषधि के प्रयोग और प्रभाव पर हुई केस स्टडीज को देखते हुए कहा कि इसमें प्रभावी कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी भी आयुर्वेदिक औषधीयों और इसके परम्परागत ज्ञान को महत्वपूर्ण मानते हैं। इस दिशा में प्रदेश में कार्य को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दवा निर्माण के लिए विश्वविद्यालयों में शोध किए जाएं। अलग-अलग शोध कार्यों की सूची बनाएं और उनसे विश्वविद्यालयों को जोड़ा जाए। कोई एक विश्वविद्यालय या विभाग ये कार्य नहीं कर सकता। इसमें चिकित्सा के सभी विभाग और विश्वविद्यालय जोड़े जाएं। कार्य और शोध विषयों की रूपरेखा बनाकर शीघ्र कार्य प्रारम्भ किए जाएं। संगोष्ठी में राज्यपाल के समक्ष आज राजभवन में आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अभय नारायण तिवारी ने आयुर्वेदिक औषधि 'स्वर्णप्राशन' के स्वास्थ्यवर्द्धक प्रभावों, भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के बहुमूल्य स्वास्थ्य सम्बन्धी ज्ञान को लेकर प्रस्तुति दी तथा इसके अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक प्रचार-प्रसार और सम्वर्द्धन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए केजीएमयू कुलपति डॉ सोनिया नित्यानंद ने कहा कि 'स्वर्णप्राशन' निश्चित रूप से आयुर्वेद की एक प्रभावी औषधि है, लेकिन इसके सर्वमान्य उपयोग से पूर्व मानक और मात्रा का निर्धारण तथा इसके दुष्प्रभावों को जानना भी जरूरी है। उन्होंने इस पर पर्याप्त शोध और दवा के अंतर्राष्ट्रीय निर्धारण के नियमों पर चर्चा की। संगोष्ठी में डॉ विकास अग्रवाल प्रो क्लीनिकल इम्योनोलॉजी विभाग, एसजीपीजीआई ने 'स्वर्णप्राशन' से कुपोषित बच्चों के रक्त में किए गए शोध के सकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया।

# मतगणना होने तक संगीनों के साए में सुरक्षित रहेंगी ईवीएम

**● स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में 24 घंटे सीआरपीएफ जवान मुस्तैद**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मतदान** के बाद रमाबाई रैली स्थल पर सभी ईवीएम अब मतगणना तक संगीनों के साए में रहेंगी। यहां इन्हें डबल लॉक स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है। 21 मई को तड़के तक ईवीएम रमाबाई रैली स्थल के स्ट्रांग रूम में जमा कराई गई। इनकी निगरानी के लिए सीआरपीएफ के जवान लगाए गए हैं। किसी को भी आसपास फ्टकने की इजाजत नहीं है। तीन शिफ्टों में इनकी रखवाली के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

प्रदेश की राजधानी के लखनऊ, मोहनलालगंज संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा के उपचुनाव की वोटिंग हो चुकी है। 20 को मतदान के बाद देर शाम मशीनों को जमा करने का काम शुरू हुआ। जो 21 मई के तड़के तक चला। ईवीएम मशीनों के शांतिपूर्वक जमा होने के बाद अब उनकी सुरक्षा का बेहद मजबूत इंतजाम किया गया है। सभी ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम में डबल लॉक में रखी गई है। यह सभी संगीनों के साए में तीन मई तक रहेंगी। मतगणना वाले दिन से पहले कोई भी इन मशीनों के पास तक नहीं पहुंच पाएगा। इसके लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। सीसीटीवी से भी इनकी निगरानी रहेगी। इस सीसीटीवी को ऑनलाइन जिला निर्वाचन अधिकारी से लेकर अन्य निर्वाचन से जुड़े अधिकारी भी लाइव देख सकेंगे। सीसीटीवी के अलावा राइफल धारी सीआरपीएफ के जवान भी लगाए गए हैं। यूपी पुलिस भी तैनात कर दी गई है। जिसको बाहर रखा गया है। ईवीएम की निगरानी के लिए तीन शिफ्ट में कई वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह अफसर इन तीनों शिफ्ट में पूरे समय मौजूद रहेंगे। स्ट्रांग रूम की सुरक्षात्मक प्रबंधन की निगरानी खुद अपर जिलाधिकारी भूमि अर्जन प्रथम धर्मेंद्र सिंह के ऊपर रहेगी। इन्हें स्ट्रांग रूम स्थित कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है। सहायक आयुक्त राज्य कर महेश पाठक, मत्स्य निरीक्षक सत्येंद्र यादव, मुख्य अनुदेशक राजकीय खाद्य प्रसंस्करण रात 11 बजे से अगले दिन सुबह 7 तक यहां डटे रहेंगे। दूसरी शिफ्ट सुबह 7 से अपराह्न 3 तक रहेगी। इसमें सहायक आयुक्त राज्य कर संदीप रतन, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक सौरभ सक्सेना, राज्य कर अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहेंगे। तीसरी शिफ्ट में शाम 3 बजे से रात के 11 तक सहायक आयुक्त राज्य कर राजीव मिश्रा, सहायक निदेशक राहिब, पशुधन प्रसार अधिकारी भू रत्न प्रकाश चंद्र शुक्ला तैनात रहेंगे। यह मतगणना तक इसी तरह रोजाना शिफ्ट के अनुसार तैनात रहेंगे।

# कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं : प्रो. आलोक कुमार राय

**● कर्मयोगी योना के 25 लाभार्थी छात्रों को कुलपति ने प्रशंसा पत्र के साथ प्रदान की छात्रवृत्ति**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय में सोमवार को मंथन हॉल में आयोजित समारोह के दौरान विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कर्मयोगी योजना के प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देने के साथ ही 15,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। सीखते हुए कमाओ कार्यक्रम का हिस्सा यह छात्र कल्याण पहल का उद्देश्य छात्रों को उनकी पढ़ाई के दौरान आर्थिक रूप से सहायता करना है।

कर्मयोगी योजना के तहत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों से चुने गए 25 छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य और दूसरे परिसर के भीतर विभिन्न विभागों और कार्यालयों में विविध भूमिकाएँ निभाईं। पुरस्कार समारोह के दौरान, प्रो. राय ने छात्रों को बधाई दी और कर्मयोगी योजना द्वारा प्रदान किए जाने वाले कौशल, श्रम और वित्तीय समझ के गहन मूल्य पर प्रकाश डाला।

उन्होंने छात्रों की लगन की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है और इस तरह के प्रयास आंतरिक शक्ति और लचीलापन पैदा करते हैं। प्रो. राय ने छात्रों से बातचीत की और उन्हें कर्मयोगी के रूप में अपने अनुभवों को मूल्यवान कौशल में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से दुनिया में अपना स्थान बनाने का आग्रह किया और समय तथा धन प्रबंधन के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह पहल, समग्र व्यक्तित्व के विकास तथा उन्हें जीवन की जटिलताओं से निपटने के लिए तैयार करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। इस दौरान छात्र कल्याण की डीन प्रोफेसर संगीता साहू ने छात्रों की विभिन्न जिम्मेदारियों को रेखांकित किया और काम तथा पढ़ाई के बीच उनके द्वारा बनाए गए संतुलन पर प्रकाश डाला। उनके कर्तव्यों में कार्यालय का काम, पुस्तकालय सहायता, कंप्यूटर संचालन, प्रयोगशाला कार्य, शिक्षक सहायता और जिम प्रशिक्षण शामिल थे। प्रत्येक छात्र ने छात्रवृत्ति अर्जित करने के लिए 100 घंटे काम किया।

# ईवीएम रिसीविंग स्थल का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ईवीएम** रिसीविंग स्थल की व्यवस्थाओं को जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी साथ प्रेक्षक मौजूद रहे। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी अमित कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजीता श्रीवास्तव व नगर मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ की उपस्थित में जायजा लिया गया। मंगलवार को को रमाबाई स्थल में जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार के द्वारा सामान्य प्रेक्षक लोक सभा 35 लखनऊ व विधानसभा 173 लखनऊ पूर्व के सामान्य प्रेक्षक ओम प्रकाश कसेरा व लोक सभा 34 मोहनलालगंज के सामान्य प्रेक्षक एन वसंत कुमार की उपस्थिति में कल 20 मई को हुए मतदान की स्क्रूटनी सुबह 11 बजे से शुरू की गई। स्क्रूटनी में मुख्य विकास अधिकारी मोहनलालगंज अजय जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभी सिंह, अपर जिलाधिकारी भू अ प्रथम धर्मेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह, सभी ईआरओ एईआरओ और प्रत्यशिगण व उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि स्क्रूटनी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सभी बूथो पर शांतिपूर्ण व पारदर्शी मतदान सम्पन्न हुआ है। किसी भी बूथ पर कोई रिपोलिंग की आवश्यकता नही है।

# एलयू के राजनीति विज्ञान के शिक्षक और छात्र करेंगे पूर्वी यूपी का राजनीतिक अध्ययन


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के शिक्षक और छात्र करेंगे पूर्वी उत्तर प्रदेश का राजनीतिक अध्ययन करेंगे। इस बावत मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण एवं निर्देशन में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागीय समिति की बैठक हुई। जिसमें वर्तमान में पूर्वी उत्तर प्रदेश में किए जाने वाले राजनीतिक निर्णय-निर्माण एवं उसके पूर्ववृत्त के संबंध में एक अध्ययन पर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में एक विस्तृत योजना तैयार की गई, तथा 5 शिक्षकों एवं 4 शोधकर्ताओं की एक टीम, जो अन्य शोधकर्ताओं के समूह नेताओं के रूप में प्रतिनिधित्व करेगी, 25 से 27 मई, 2024 तक इस क्षेत्र का दौरा करेगी। ये तिथियां इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए तय की गई हैं कि इस अवधि के दौरान संस्थानों के भीतर और बाहर राजनीतिक प्रचार एवं गतिविधियां अपने चरम पर होंगी। इसके अलावा, इन दिनों के दौरान, अध्ययन समूह को चुनाव लड़ने वाले पार्टी उम्मीदवारों से मिलने और उनसे बात करने का अवसर भी मिलेगा। इस तरह अध्ययन समूह को पूर्वी उत्तर प्रदेश के चुनिंदा जिलों जैसे वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, गाजीपुर आदि में राजनीतिक परिदृश्य को समझने और जनता के मूड को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलेगा। मतदाताओं के मतदान व्यवहार का अध्ययन करने के उद्देश्य से, क्षेत्र के उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों को दौरा करने का प्रस्ताव है। समूह अपनी रिपोर्ट तैयार करेगा और उसी दिन विश्वविद्यालय को सौंप देगा। अपने अध्ययन को व्यवस्थित बनाने के लिए उत्तरदाताओं से पूछे जाने वाले प्रश्नावली तैयार किए जा रहे हैं। इस अध्ययन में नमूनाकरण और अन्य शोध तकनीकों को लागू किया जाएगा।

# लविवि के छात्रों ने प्रयोगशाला के लिए बनाया उपकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय में बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्रों ने विभाग में योगदान देने के लिए कंपोजिट वॉल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिग एवं हेगन पॉइज़ुइल नामक उपकरण बनाया है। इस उपकरण का उपयोग मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा क्रमशः हीट एंड मास ट्रांसफर और फ्लुइड मैकेनिक्स प्रयोगशाला में किया जाएगा। कंपोजिट वॉल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिग के उपयोग से, किसी भी मैटेरियल की तापीय चालकता और थर्मल प्रतिरोध का पता लगा सकता है और हेगन पॉइज़ुइल सेट अप में, छात्र लामिना के प्रवाह में हेड लॉस की गणना कर सकते हैं। जबकि तरल पदार्थ गोलाकार पाइप के माध्यम से बह रहा हो और हेगन पॉइज़ुइल समीकरण को भी सत्यापित कर सकते हैं।

दोनों उपकरण का बाजार मूल्य 2 लाख से ऊपर है, हालांकि, छात्रों ने सहायक प्रोफेसर इं संदीप कुमार गुप्ता और डॉ सुनील कुमार यादव के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय की केंद्रीय कार्यशाला में उपलब्ध संसाधनों के उपयोग से 25,000 रुपये के भीतर दोनों उपकरण का निर्माण किया। इन छात्रों में दीपाली सिंह, आयुष चौधरी, प्रथम, प्रद्युम्न सिंह और हिमांशु यादव ने कंपोजिट वॉल उपकरण और अब्दुल ताहिर, पंकज यादव, अवनीश सिंह और समीर ने हेगन पॉइज़ुइल सेट अप बनाया। विभाग के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ कमलेश तिवारी एवं संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने छात्रों को सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बीबीएयू छात्र नीरज कुमार का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बाबासाहेब** भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के हार्टिकल्चर विभाग के शोध छात्र नीरज कुमार प्रजापति का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अचीवर के रूप में दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि उन्हें विभिन्न कांफ्रेंस , सेमीनार, ट्रेनिंग, लेक्चर, मीटिंग, वेबिनार, कार्यशाला, क्विज आदि में प्रतिभाग करने के पश्चात एक हजार से अधिक प्रमाण पत्र हासिल करने पर मिली है। वह वर्तमान में बीबीएयू के हार्टिकल्चर विभाग के प्रो संजय कुमार के सानिध्य में शोध कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो एनएमपी वर्मा ने छात्र को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र नीरज कुमार प्रजापति का कहना था कि यह उपलब्धि मेरे लिए सम्मान एवं हर्ष का क्षण है। साथ ही मैं अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करने के लिए प्रेरित महसूस कर रहा हूँ। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी छात्र को शुभकामनाएं दीं।

# एलडीए ने गोमती नगर में अवैध निर्माण किया सील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एलडीए** द्वारा गोमतीनगर में अवैध निर्माण पर कड़ीकार्रवाई की गयी। विहिता प्राधिकारी द्वारा अवैध निर्माण पर नोटिस जारी कर सीलिंग आदेश दिए थे। आदेश पर एलडीए प्रवर्तन टीम द्वारा सीलिंग कार्रवाई की गयी। मंगलवार को एलडीए की टीम ने गोमती नगर के विनम्र खण्ड में एक अवैध निर्माण को सील किया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि लल्ली उपाध्याय व अन्य द्वारा गोमती नगर के विनम्र खण्ड में भूखण्ड संख्या-2/22 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफ्ल में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके विरुद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। इसके अनुपालन में मंगलवार को सहायक अभियंता उदयवीर सिंह, अवर अभियंता एसके दीक्षित द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत स्थल को सील कर दिया गया।

# पीजीआई में रोबोटिक सर्जरी के जरिए बदले जाएंगे हार्ट के वाल्व

**लखनऊ।** गैस्ट्रो सर्जरी, इंडोक्राइन सर्जरी, यूरोलॉजी और पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के अलावा अब पीजीआई के सीवीटीएस विभाग में आने वाले दिनों में रोबोटिक सर्जरी के जरिए हार्ट वॉल्व और दिल के छेद भरे जायेंगे। इसको लेकर विभाग के डॉक्टर प्रशिक्षण ले चुके हैं। पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमान ने बताया कि पीजीआई में पहली बार वर्ष 2019 में इंडोक्राइन सर्जरी विभाग में मरीजों की रोबोटिक सर्जरी शुरू थी। मौजूदा समय में संस्थान में एक रोबोट की मदद से पांच विभाग रोबोटिक सर्जरी कर रहे हैं। सीवीटीएस विभाग के डॉ. एसके अग्रवाल के मुताबिक संस्थान में रोबोट की मदद से बाईपास और थोरेसिक सर्जरी की जा रही हैं। अब रोबोट से वॉल्व की मरम्मत और बदलने-दिल के छेद भरने की सर्जरी की जाएगी। डॉ. अग्रवाल का कहना है कि सामान्य ऑपरेशन में सीने में बड़ा चीरा लगाया जाता है। रोबोटिक सर्जरी में एक से दो सेमी. के चीरे लगाए जाते हैं। इसमें मरीज का रक्तस्राव कम होता है और घाव भी जल्दी भर जाते हैं। मरीज को दर्द कम होने के साथ अस्पताल में कम दिन रुकना पड़ता है। सामान्य ऑपरेशन के मुकाबले रोबोटिक सर्जरी की सफलता की दर अधिक होती है। इसमें मरीज दो से तीन दिन में चलने की स्थिति में हो जाता है।

# झारखंड के गोड्डा पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह, भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के लिए किया जनसंपर्क

**● सरोजनीनगर विधायक ने बाबा वैद्यनाथ के दर्शन कर की भाजपा के लिए प्रचंड बहुमत की कामना**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोड्डा (झारखंड)



**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह मंगलवार को झारखंड राज्य के गोड्डा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. निशिकांत दुबे के समर्थन में जनसंपर्क करने पहुंचे।

विधायक ने सर्व प्रथम देवघर स्थित वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन पूजन किया और आशीर्वाद लिया। वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन के उपरांत विधायक ने अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) पर लिखा 'बाबा वैद्यनाथ से समस्त प्रियजनों की विजय एवं भाजपा के लिए प्रचंड बहुमत की कामना की।'

सरोजनीनगर विधायक ने गोड्डा में 3 बार से लगातार भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के लिए जनसंपर्क किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सरोजनीनगर विधायक ने गोड्डा में निशिकांत दुबे द्वारा कराए गए कार्यों से जनता को अवगत कराते हुए कहा कि गोड्डा में निशिकांत दुबे के प्रयासों से देवघर में एम्स और हवाई अड्डा बन रहा है, नई रेलवे लाइन बनीं, पुनासी बांध बन रहा है, 1,37,225 घरों तक नल से जल पहुंचा, 1,39,674 परिवारों के पीएम आवास बनें, 2,27,291 को किसान सम्मान निधि मिली, 2,89,093 घरों में टॉयलेट्स बनें, 7,35,735 को आयुष्मान योजना का लाभ मिला, 17,64,258 परिवारों को फ्री राशन मिल रहा है।

विधायक डॉ. सिंह ने आगे जोड़ा कि निशिकांत दुबे के प्रयासों से गोड्डा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 692 किमी सड़क बनीं,18,007 को श्रमयोगी मानशक्ति का लाभ मिला, 20,941 को कौशल विकास प्रशिक्षण मिला, 2,32,140 को दीन दयाल अंत्योदय योजना का लाभ मिला, 5,73,470 को मुद्रा योजना का लाभ मिला, 6,93,162 श्रमिकों के ई श्रम कार्ड बनें। निशिकांत दुबे झारखंड में अंत्योदय से सर्वोदय का लक्ष्य पूरा कर रहे हैं।

**हाईकोर्ट ने सीबीएफसी से मांगा जवाब**

# ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर फिल्मों के प्रदर्शन का सर्टिफिकेट देने के लिए कौन अधिकृत

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से पूछा है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम व अन्य सोशल मीडिया नेटवर्क पर फिल्मों के प्रदर्शन का सर्टिफिकेट देने के लिए कौन अधिकृत है। पीठ ने जवाबी हलफ़नामा दाखिल कर यह भी बताने को कहा है कि ओटीटी की फिल्मों के लिए क्या कोई अन्य व्यवस्था है अथवा सीबीएफसी ही उन्हें भी प्रमाण पत्र देने के लिए अधिकृत है। मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी। पीठ ने यह स्पष्ट भी किया है कि अगली सुनवाई तक जवाब नहीं आने पर सीबीएफसी के किसी गजटेड अधिकारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सुनवाई में हाजिर होना होगा।

जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश दीपांकर कुमार की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में तेलगू मूवी 'ताकतवर पुलिसवाला' में बिहारियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है। यह मूवी तेलगू भाषा की 'धी आंते धी' का हिन्दी रूपांतरण है। याचिकाकर्ता का कहना है कि वर्ष 2015 में बनी मूलत: तेलगू भाषा की यह फिल्म यू ट्यूब पर उपलब्ध है। जिसमें बिहारियों को गंदगी फैलाने वाला बताया गया है। याचिका में फिल्म का सेंसर सर्टिफिकेट रद् करने की मांग की गई है।

पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए वकील कुलदीप पति त्रिपाठी को न्याय मित्र नियुक्त किया था और इस मामले की सुनवाई में सहयोग देने को कहा था। न्याय मित्र ने इस फिल्म को देखने के पश्चात बताया कि फिल्म में बहुत ही आपत्तिजनक संवाद हैं। जिनसे क्षेत्र के आधार पर भेदभाव, अलग-अलग राज्यों के लोगों के बीच कटुता व लोकशांति भंग हो सकती है। पीठ ने इस पर केंद्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय व सीबीएफसी से जवाब तलब कर लिया।

## अपात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश देने के मामले में अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 2021-22 में नीट-यूजी की मेरिट को दरकिनार कर अपात्र अभ्यर्थियों को आयुष कालेजों में प्रवेश देने के मामले में चुनार, मिर्ज़ापुर के अपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड कॉलेज के प्रबंधक हिमांशु त्रिपाठी व आजमगढ़ के बाबा विश्वनाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के आदित्य सिंह यादव की जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज मंजुला सरकार ने प्रथम दृष्टया अभियुक्तों के अपराध को गंभीर करार दिया है।

अभियोजन के मुताबिक अभियुक्तों पर ऐसे अभ्यर्थी जिनकी मेरिट कम थी, उनसे कालेज कोटा व उचित एडमिशन के नाम पर लाखों रुपए लेकर उनका नीट स्कोर कार्ड प्राप्त करने व फिर उसकी इलेक्ट्रॉनिक कूटरचना व धोखाधड़ी कर एडमिशन कराने का आरोप है। चार नवम्बर 2022 को इस मामले की रिपोर्ट तत्कालीन आयुर्वेद निदेशक सत्य नारायण सिंह ने थाना हजरत गंज में दर्ज कराई थी। बाद में इस मामले की विवेचना एसटीएफ को सौप दी गई।

## वकील नहीं करेंगे न्यायिक कार्य

**लखनऊ (विसं)।** सिविल जज हवाली (जुडि) के व्यवहार से नाराज सीबीए के वकीलों ने मंगलवार को आम सभा की। इस सभा में उन्हें न्यायिक कार्य करने से रोकने की मांग की गई। साथ ही तब तक अदालती कार्य नहीं करने का निर्णय लिया गया। वकीलों का कहना है कि जब तक सिविल जज हवाली से अदालती काम के निष्पादन का क्षेत्राधिकार वापस नहीं लिया जाता तब तक वो अदालती काम नहीं करेंगे। वकील 23 मई को फिर से आम सभा करके इस संबंध में निर्णय लेंगे।

# बिजली संकट से मुक्त, रोस्टर फ्री बनेगा उत्तर प्रदेशः एके शर्मा

**लखनऊ/ आजमगढ़।** नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि पीएम मोदी देश के गरीब व्यक्ति के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं। देश के गरीबों को अन्न, आवास, शौचालय और आयुष्मान का लाभ देकर ऐसे 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकालने का काम किया। शर्मा आजमगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल निरहुआ के पक्ष में ग्राम सभा तरौका लाटघाट, विधानसभा सगड़ी में आयोजित जन चौपाल के दौरान किसानों और क्षेत्रीय जनता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन काल में प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार करते हुए जनता को सुरक्षा का एहसास कराया गया। मंत्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश को हम जल्द ही रोस्टर मुक्त प्रदेश बनाने के प्रयास में अग्रसर हैं। शर्मा ने कहा कि मोदी ने देश के 80 करोड़ लोगों की चिंता करते हुए उन्हें मुफ्त राशन दिया। वहीं 04 करोड़ लोगों को आवास देकर उनके सर पर छत देने का काम किया। शौचालय देकर महिलाओं को सम्मान दिया और आयुष्मान का लाभ देकर करोड़ों लोगों की 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था कराई गयी। उन्होंने कहा कि जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी व्यस्थाओं से गरीबों तक पहुंचाने का यह भगीरथ प्रयास मोदी ने किया है।


Piramal Finance

**पंजीकृत कार्यालय पताः** यूनिट नं. 601, 6वीं मंजिल पीरामल अमिटी बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई–400070
सीआईएनः L65910MH1984PLC032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा का पताः धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भूतल और प्रथम तल, एक्सिस बैंक के साथ में, मोनालिसा बिल्डिंग के समाने, आगरा रोड, हरि निवास सर्कल, नौपाड़ा, ठाणे (पश्चिम)–400602

**मांग सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रवर्तन के तहत पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी कर आह्वान किया है निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता") को जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दिया गया है। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर पीसीएफएल को भुगतान करने का नोटिस दिया जाता है। नीचे दी गई तारीखों से भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ पठित ऋण समझौते के तहत देय, उक्त मांग नोटिस में बताए गए अतिरिक्त ब्याज के साथ, नीचे दर्शाई गई राशियाँ, यदि कोई हो, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित। ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियों को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा पीसीएफएल को गिरवी रखा गया है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता/गारंटर्स का नाम | मांग सूचना की तिथि और राशि साथ में एन पी ए की तिथि | सुरक्षित सम्पत्ति का पता (अचल सम्पत्तियां) |
|---|---|---|---|
| 1. | (नई दिल्ली शाखा का एलसी नं. 01400003023) धनक्षय कुमार शर्मा (उधारकर्ता) साधना (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 5,53,522/- (रु. पांच लाख तिरेपन हजार पांच सौ बाईस मात्र) एनपीए (09-04-2024) | प्लॉट नं. बी-57, फ्लैट नं. जी-3, एलआईजी भूतल (आरएचएस बैक पोर्शन) श्याम पार्क एक्सटेंशन, साहिबाबाद गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश- 201009 |
| 2. | (लखनऊ शाखा का एलसी नं. 060000003675) अमित पांडे (उधारकर्ता) प्रीति पांडे (सह-उधारकर्ता 1) इंद्रावती देवी (सह-उधारकर्ता 2) | 22-04-2024/रु. 11,50,138/- (रु. ग्यारह लाख पचास हजार एक सौ अड़तीस मात्र) एनपीए (04-04-2024) | गाटा नं. 327 ग्राम चकबहादुर पुर परगना तहसील जिला रायबरेली रायबरेली रायबरेली उत्तर प्रदेश - 229001 |
| 3. | (लखनऊ शाखा का एलसी नं. 060000004643) सिराजुद्दीन अहमद (उधारकर्ता) तबस्सुम सिद्दीकी (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 11,92,256/- (रु. ग्यारह लाख बान्वे हजार दो सौ छप्पन मात्र) एनपीए (09-04-2024) | प्लॉट नं. 4 खसरा नं. 1208 मिनजुमला ग्राम मडियांव वार्ड जानकी पुरम लखनऊ लखनऊ उत्तर प्रदेश- 226020 |
| 4. | (देहरादून शाखा का एलसी नं. 09700004720) सुशील शर्मा (उधारकर्ता) बबीता पत्नी सुशील शर्मा (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 10,16,549/- (रु. दस लाख सोलह हजार पांच सौ उनचास मात्र) एनपीए (09-04-2024) | खसरा नं. 181, ग्राम सलेमपुर आदर्श विहार परगना सुल्तानपुर सहारनपुर उत्तर प्रदेश- 247001 |
| 5. | (देहरादून शाखा का एलसी नं. 09700005092) नरेंद्र सिंह (उधारकर्ता) हरिंदर कौर (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 1,47,521/- (एक लाख सैंतालीस हजार पांच सौ इक्कीस मात्र) एनपीए (09-04-2024) | प्लॉट नं. 2 खसरा नं. 20 जोकि गांव दरगाहपुर, विक्रांत विहार परगना सहारनपुर, सहारनपुर उत्तर प्रदेश- 247001 में स्थित |
| 6. | (वाराणसी शाखा का एलसी नं. 12000001108) ओंकार नाथ शाह (उधारकर्ता) गीता देवी (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 9,53,235/- (नौ लाख तिरेपन हजार दो सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (09-04-2024) | आराजी नं. 257 मौजा सुसुवाही वाराणसी वाराणसी उत्तर प्रदेश- 221005 |
| 7. | (मेरठ शाखा का एलसी नं. 14600001386) जय गोपाल कुकरेजा (उधारकर्ता) संजय कुमार (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 16,58,751/- (रु. सोलह लाख अट्ठावन हजार सात सौ इक्यावन मात्र) एनपीए (11-03-2023) | मकान नं. 123 और 124 ब्लॉक-डी हस्तिनापुर तहसील मवाना जिला मेरठ, मेरठ उत्तर प्रदेश- 250404 |
| 8. | (हल्द्वानी शाखा का एलसी नं. 15000003275) साकेत कुमार सक्सैना (उधारकर्ता) अभिषेक सक्सैना (सह-उधारकर्ता 1) संगीता सक्सैना (सह-उधारकर्ता 2) | 22-04-2024/रु. 16,38,188/- (रु. सोलह लाख अड़तीस हजार एक सौ अट्ठासी मात्र) एनपीए (09-04-2024) | खसरा नं. 27 केएचए मिन का भाग, टिकट गंज तहसील सदर रामपुर रामपुर उत्तर प्रदेश-244901 |
| 9. | (मुरादाबाद शाखा का एलसी नं. 29300000159) साकेत कुमार सक्सैना (उधारकर्ता) अभिषेक सक्सैना (सह-उधारकर्ता 1) संगीता सक्सेना (सह-उधारकर्ता 2) | 22-04-2024/रु. 6,50,939/- (रु. छह लाख पचास हजार नौ सौ उनतालीस मात्र) एनपीए (09-04-2024) | खसरा नं. 27 केएचए मिन का भाग, टिकट गंज तहसील सदर रामपुर रामपुर उत्तर प्रदेश-244901 |
| 10. | (लखनऊ-लालबाग शाखा का एलसी नं. 19300044276) शिव शंकर अवस्थी (उधारकर्ता) शशांक अवस्थी (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 5,02,637/- (रु. पांच लाख दो हजार छह सौ सैंतीस मात्र) एनपीए (09-04-2024) | खसरा नं. 1175 मिजं पर प्लॉट, जोकि गांव मौंडा परगना बिजनौर तहसील सरोजनीनगर लखनऊ, लखनऊ उत्तर प्रदेश- 226020 में स्थित |
| 11. | (आगरा शाखा का एलसी नं. 23400001381) मानवेंद्र सिंह चौहान (उधारकर्ता) मंजुलता (सह-उधारकर्ता 1) प्रदीप शर्मा (सह-उधारकर्ता 2) | 22-04-2024/रु. 21,43,513/- (रु. इक्कीस लाख तैंतालीस हजार पांच सौ तेरह मात्र) एनपीए (09-04-2024) | प्लॉट नं. 85 के भाग पर मकान, खसरा नं. 147 बह्मपुरी कॉलोनी शमशाबाद रोड मौजा, कहरई आगरा आगरा उत्तर प्रदेश- 282001 |
| 12. | (आगरा शाखा का एलसी नं. 23400001974) उदयवीर (बो ओवर) बबीता (सह उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 14,38,815/- (रु. चौदह लाख अड़तीस हजार आठ सौ पंद्रह मात्र) एनपीए (09-07-2023) | ईडब्ल्यूएस मकान नं. बी-331 यमुना पुरम कॉलोनी साईं मंदिर के पास बुंलदशहर, पी एंड टी बारां बुलन्दशहर बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश-203001 |
| 13. | (आगरा शाखा का एलसी नं. 23400003204) आनंद वर्धन उपाध्याय (उधारकर्ता) प्रीति शुक्ला (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 30,96,557.36/- (रू. तीस लाख छियानवे हजार पांच सौ सत्तावन और पैसे छत्तीस मात्र) एनपीए (03-01-2023) | फ्लैट नं. 302 (तीसरी मंजिल) खसरा नं. 43/2 कृष्णा अपार्टमेंट (राजा का ताल के पास) मौजा मिल्कीखानजहांपुर फिरोजाबाद आगरा उत्तर प्रदेश - 283203 |
| 14. | (मुरादाबाद शाखा का एलसी नं. 29300001150) संजय गिरी (उधारकर्ता) नीरज गोस्वामी (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 6,28,888/- (रु. छह लाख अट्ठाईस हजार आठ सौ अट्ठासी मात्र) एनपीए (09-04-2024) | गाटा सं. 314 का भाग मोह. धक्का सरिता नगर मुरादाबाद मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश- 244001 |
| 15. | (इलाहाबाद शाखा का एलसी नं. 29400000970) पंकज कुमार शर्मा (उधारकर्ता) नंदिनी शर्मा (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 5,00,455/- (रु. पांच लाख चार सौ पचपन मात्र) एनपीए (09-04-2024) | गाटा सं. 697 मिन का भाग, ग्राम मलिकमऊ आइमा, परगना तहसील एवं जिला रायबरेली, पटेल नगर के पास, रायबरेली, उत्तर प्रदेश- 229001 |
| 16. | (सोलापुर शाखा का एलसी नं. 06300002122) श्रीशैल मलिकार्जुन वनाले (उधारकर्ता) लक्ष्मी श्रीशैल वनाले (सह-उधारकर्ता 1) निरंजन नवनाथ लेंडे (सह-उधारकर्ता 2) | 22-04-2024/रु. 15,68,128/- (रु. पंद्रह लाख अड़सठ हजार एक सौ अट्ठाईस मात्र) एनपीए (09-02-2023) | फ्लैट नं. 103, पहली मंजिल, स्वप्नशिल्प - रेजीडेंसी, संत ज्ञानेश्वर नगर क्रमांक 20ध और 21/1/2, औसा रोड लातूर लातूर महाराष्ट्र-413512 |
| 17. | (मेरठ शाखा का एलसी नं. 14600001120) उमंग छाबड़ा (उधारकर्ता) विशाल छाबड़ा (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 13,47,345/- (रु. तेरह लाख सैंतालीस हजार तीन सौ पैंतालीस मात्र) एनपीए (11-05-2023) | प्लॉट नं. 64 पर दूसरी मंजिल का फ्लैट, खसरा नं. 362 मोहल्ला किरण सिटी कॉलोनी गांव मुस्तफाबाद भोपा रोड मुजफ्फर नगर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश - 251001 |
| 18. | (नोएडा-सेक्टर 2 शाखा का एलसी नं. 20000042528) विजय चौहान (उधारकर्ता) गुड्डी चौहान (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 23,25,521/- (तेईस लाख पच्चीस हजार पांच सौ इक्कीस मात्र) एनपीए (03-09-2023) | प्लॉट नं. 39 ब्लॉक-डी खसरा नं. 240 न्यू आनंद विहार ग्राम सादुल्लाबाद परगना लोनी गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश- 201102 |
| 19. | (गोरखपुर शाखा का एलसी नं. 25700000045) शशि भूषण मणि तिवारी (उधारकर्ता) श्रीमती मीरा (सह-उधारकर्ता 1) | 22-04-2024/रु. 5,66,092/- (रु. पांच लाख छियासठ हजार बान्वे मात्र) एनपीए (09-02-2024) | आराजी नं. 600मि और 601 मि, मौजा जंगल तुलसी राम टप्पा हवेली, परगना हवेली तहसील सदर गोरखपुर उत्तर प्रदेश- 273013 |
| 20. | (इलाहाबाद शाखा का एलसी नं. 29400000461) मोह. इसरार (उधारकर्ता) शहीदान (सह-उधारकर्ता 1) मोहम्मद सलमान (सह-उधारकर्ता 2) | 22-04-2024/रु. 16,84,046.38/- (रु. सोलह लाख चौरासी हजार छियालीस और पैसे अड़तीस मात्र) एनपीए (09-04-2024) | मकान नं. 940, ओल्ड 835, वार्ड नं. 5 घोसियाना, टाउन एरिया, मजरे भनौली परगना व तहसील मुसाफिरखाना निकट जामा मस्जिद अमेठी सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश- 227813 |
| 21. | (बरेली शाखा का एलसी नं. BLSA000010F7) मोह. तकी (उधारकर्ता) मोहम्मद दानिश (सह-उधारकर्ता 1) अनीस जहां (सह-उधारकर्ता 2) | 23-04-2024/रु. 8,79,283/- (रु. आठ लाख उनासी हजार दो सौ तिरासी मात्र) एनपीए (04-04-2024) | वार्ड नं. 08, मोह. शिव मंदिर बरेली, लाजपत राय इंटर कॉलेज के पास बरेली उत्तर प्रदेश- 243505 |
| 22. | (मथुरा शाखा का एलसी नं. M0226531) बदन सिंह (उधारकर्ता) सरिता (सह-उधारकर्ता 1) | 23-04-2024/रु. 24,31,426/- (रु. चौबीस लाख इकतीस हजार चार सौ छब्बीस मात्र) एनपीए (03-06-2023) | मकान नं. डी 44 खसरा नं. 30 प्रगति कुंज फेस 1 तहसील और जिला मथुरा खसरा नं. 30 मौजा आजमपुर मथुरा प्रगति कुंज मंदिर के पास मथुरा उत्तर प्रदेश- 281006 |
| 23. | (आगरा शाखा का एलसी नं. HLSA0000C2A9) शिव कुमार (उधारकर्ता) कविता कुमारी (सह-उधारकर्ता 1) | 23-04-2024/रु. 11,65,528/- (रु. ग्यारह लाख पैंसठ हजार पांच सौ अट्ठाईस तात्र) एनपीए (04-04-2024) | प्लॉट नं. 27 खसरा नं. 296 मौजा गिरधरपुर तहसील और जिला मथुरा खसरा नं. 296 मौजा गिरधरपुर मथुरा किशोरी रिसॉर्ट के पास मथुरा उत्तर प्रदेश- 281004 |
| 24. | (अलीगढ़ शाखा का एलसी नं. BLSA00007C8D) वेद मोहन वर्मा (उधारकर्ता) रानी देवी (सह-उधारकर्ता 1) | 23-04-2024/रु. 14,11,358/- (रु. चौदह लाख ग्यारह हजार तीन सौ अट्ठावन मात्र) एनपीए (04-04-2024) | मकान नगर निगम नं. 15/155, जोकि मोहल्ला सराय राय, निकट खिरनी गेट पुलिस चौकी, परगना तहसील कोइल जिला अलीगढ उत्तर प्रदेश-202001 में स्थित |
| 25. | (गोंडा शाखा का एलसी नं. BLSA00009D02) शाहेनूर (उधारकर्ता) मोहम्मद बिन कासिम (सह-उधारकर्ता 1) | 23-04-2024/रु. 8,87,979/- (रु. आठ लाख सत्तासी हजार नौ सौ उनासी मात्र) एनपीए (04-04-2024) | प्लॉट, गाटा सं. 1989 मिन, जोकि मौजा-शहरी छेत्र बहराईच मो. नाजिर पुरा, आर.टी.ओ कार्यालय परगना और तहसील और जिला-बहराइच उत्तर प्रदेश- 271801 में स्थित |
| 26. | (अलीगढ़ शाखा का एलसी नं. HLSA00056C0A) अकील खान (उधारकर्ता) अस्मा (सह-उधारकर्ता 1) | 23-04-2024/रु. 26,89,171/- (छब्बीस लाख नवासी हजार एक सौ रुपये) एनपीए (04-04-2024) | खेत नं. 497, 514, 515 का हिस्सा, मौजा रामगढ़ पांजूपुर, मदीना मस्जिद के पास परगना और तहसील कोइल, जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश- 202001 |
| 27. | (मुरादाबाद शाखा का एलसी नं. HLSA0004BBF3) तौकीर अहमद (उधारकर्ता) रुकसाना ना (सह-उधारकर्ता 1) | 23-04-2024/रु. 13,74,425/- (रु. तेरह लाख चौहत्तर हजार चार सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (04-04-2024) | खसरा नं. 257 (मिन) पर प्लॉट पर निर्मित मकान, गुल्लर वाली मस्जिद के पास, जयंतीपुर पश्चिमी, मुरादाबाद- 244001 |
| 28. | (मेरठ शाखा का एलसी नं. BLSA00008C5C) शान मौहम्मद (उधारकर्ता) रिजवाना (सह-उधारकर्ता 1) जाहिदा (सह-उधारकर्ता 2) मोहम्मद फैज (सह-उधारकर्ता 3) जुनैद (सह-उधारकर्ता 4) | 23-04-2024/रु. 17,03,408/- (रु. सत्रह लाख तीन हजार चार सौ आठ मात्र) एनपीए (04-02-2024) | वार्ड नं.-13 नया वार्ड नं. 12 वार्ड नं. 13 नया वार्ड नं. 12 कस्बा खुटाली, पार. एवं तह.- खतौली एवं जिला- मुजफ्फर नगर उत्तर प्रदेश - 251201. मुजफ्फरनगर लैंडमार्कः कैज गार्डन के पास, सिटीः मुजफ्फरनगर- 251201 |
| 29. | (लखनऊ-गोमती नगर शाखा का एलसी नं. BLSA0001BF48) शिखर निगम (उधारकर्ता) सुमन निगम (सह-उधारकर्ता 1) रमन कुमार निगम (सह-उधारकर्ता 2) | 23-04-2024/रु. 21,10,214/- (रु. इक्कीस लाख दस हजार दो सौ चौदह मात्र) एनपीए (04-04-2024) | प्लॉट नं. 21 परगना-लखनऊ, ग्राम-सैदपुर जागीर खसरा नं. 106 मिंज. तहसील-बख्शी का तालाब एवं जिला लखनऊ, संत एस राम इंटर कॉलेज लखनऊ- 226021 |
| 30. | (अलीगढ़ शाखा का एलसी नं. M0093041) चीनू एम (उधारकर्ता) जरीना टी (सह-उधारकर्ता 1) | 23-04-2024/रु. 6,38,613/- (रु. छह लाख अड़तीस हजार छह सौ तेरह मात्र) एनपीए (04-04-2024) | खेत नं. 2618 का हिस्सा, मोहल्ला सराय मियां, अलबर मस्जिद के पास, कस्बा कोइल पर. एवं तह. कोइल जिला-अलीगढ़ उत्तर प्रदेश-202001 |
| 31. | (आगरा शाखा का एलसी नं. M0105142) विजय सिंह (उधारकर्ता) कविता कुमारी (सह-उधारकर्ता 1) सत्यपाल सिंह (सह-उधारकर्ता 2) चंद्रवीर सिंह (गारंटर 1) | 23-04-2024/रु. 16,22,256/- (रु. सोलह लाख बाईस हजार दो सौ छप्पन मात्र) एनपीए (04-04-2024) | दुकान/गाटा सं. 204 बी लोहाकरेरा रुनकता आगरा मौजा रुनकता किरवालियो आगरा मथुरा रोड आगरा पीएनबी और परिहार ढाबा के पास आगरा उत्तर प्रदेश- 282007 |
| 32. | (झांसी शाखा का एलसी नं. M0106757) अशोक कुमार (उधारकर्ता) शिवम नगेले (सह-उधारकर्ता 1) | 23-04-2024/रु. 4,46,960/- (रु. चार लाख छियालीस हजार नौ सौ साठ मात्र) एनपीए (04-04-2024) | मकान टैक्स रसीद नं. 1251/1 के अनुसार, मौज़ा तहर ग्रिड झांसी नंदनपुरा, झांसी मस्जिद के पास, झाँसी 284135 |
| 33. | (अलीगढ़ शाखा का एलसी नं. M0172893) विशारत अली (उधारकर्ता) साजिद अली (सह-उधारकर्ता 1) शाहनाज बेगम (सह-उधारकर्ता 2) | 23-04-2024/रु. 9,91,869/- (रु. नौ लाख इक्यानबे हजार आठ सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (04-04-2024) | खसरा नं. 191/3 का हिस्सा जोकि अलहदादपुर निवरी, निवरी चौराहा पर. एवं तह.-कोइल जिला - अलीगढ़-202001 में स्थित |
| 34. | (कानपुर शाखा का एलसी नं. M0140160) खुर्शीद आलम (उधारकर्ता) खुर्शीदा बेगम (सह-उधारकर्ता 1) | 23-04-2024/रु. 14,42,987/- (रु. चौदह लाख बयालीस हजार नौ सौ सतासी मात्र) एनपीए (06-05-2023) | मकान नं. 88/115 (पुराना) नया मकान नं. 88/567 चमनगंज कानपुर नगर पीएनबी बैंक के पीछे गुरुद्वारा के पास, कानपुर नगर- 208001 |
| 35. | (दिल्ली-द्वारका शाखा का एलसी नं. M0169890) मोह. मुकीम (उधारकर्ता) अनीसा (सह-उधारकर्ता 1) | 23-04-2024/रु. 11,17,963.92/- (रु. ग्यारह लाख सत्रह हजार नौ सौ तिरेसठ और पैसे बान्वे मात्र) एनपीए (04-04-2024) | संपत्ति जोकि वार्ड नं. 5/3, लोनी तहसील और जिला गाजियाबाद, खसरा नं. 21/1, प्रेम नगर, गाजियाबाद लैंडमार्कः आर्य नगर, अफगानी मस्जिद/आइस फैक्ट्री के पास, सिटीः गाजियाबाद -201102 |

यदि उक्त उधारकर्ता उपरोक्तानुसार पीसीएचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, लागत और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर होगा। अधिनियम के तहत उक्त उधारकर्ताओं को पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा उपरोक्त संपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

**दिनांकः 22.05.2024**
**स्थानः उत्तर प्रदेश**

हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड


# सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी, आज बरस रहे हैं फूलः योगी

● **संतकबीर नगर लोकसभा क्षेत्र में बोले सीएम, पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या को त्रेता युग का गौरव वापस दिलाया**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ संतकबीर नगर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि समाजवादी पार्टी राम भक्तों पर गोलियां चलवाती थी। वहीं आज अयोध्या में राम भक्तों पर पुष्प वर्षा हो रही है। सपा के लोग कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। आज वहां रामभक्तों की आवभगत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अयोध्या को त्रेता युग का गौरव दिलाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश में बड़ा परिवर्तन आया है। देश में विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। देश हाईवे, रेलवे, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा गोरखपुर में एम्स और फर्टिलाइजर कारखाना फिर से चालू हो गया है। साथ ही संत कबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ का धाम को भी विकसित किया जा रहा है। संत कबीर नगर की पावन महानिर्वाण स्थल को कबीर पीठ के रूप में एक बार फिर से शोध और इनोवेशन के नए केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को संत कबीर नगर के मेंहदावल विधानसभा में संत कबीर नगर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीन निषाद के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के समय देश में आतंकी घटनाएं होती थी। इनसे देशवासी कहते थे कि आतंकवाद से निपटो, लेकिन यह कहते थे कि आतंकवादी सीमा पार के हैं। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन का अपना कोई एजेंडा नहीं है। यह अनुसूचित और पिछड़ी जाति के आरक्षण में सेंध लगा कर मुसलमानों को देना चाहता हैं, जिसे हम स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता है। यह आरक्षण अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति को संविधान द्वारा दिया गया है और यह मिलता रहेगा। वहीं राहुल गांधी और अखिलेश यादव का बयान जाहिर करता है कि उनकी मंशा जनता जनार्दन के प्रति अच्छी नहीं है। ऐसे में हमें इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। यह लोग सत्ता में आएंगे तो विरासत टैक्स लगाएंगे। यह विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। यह इनकी खतरनाक मंशा है, जिसे सफल नहीं होने देना है। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गयी है। हमें इनसे सावधान रहना है और इनक मंसूबों पर पानी फेरना है। देश की जनता भी इनकी मंशा जान चुकी है इसलिए पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा लगा रही है। वह कहते हैं जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। एक तरफ अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला अपने दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। वहीं दूसरी ओर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि, रैन बसेरे का नाम निषाद राज और भोजनालय का नाम माता शबरी के नाम पर रखा गया है। यह हमारी विरासत के सम्मान को दर्शाता है।

# आजमगढ़ को आतंक का गढ़ बनाने वालों को एक-एक वोट के लिए है तरसानाः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ आजमगढ़



**सीएम** योगी ने कहा है कि देश में पहली बार चुनाव परिणाम को लेकर जनता जनार्दन निश्चिंत है क्योंकि पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है कि एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। यह सुनते ही समाजवादी पार्टी को चक्कर आने लगता हैं और वह भौचक हो जाते हैं क्योंकि उन्होंने 400 सीटों पर कभी चुनाव ही नहीं लड़ा है। वर्तमान में समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, उसमें भी कैंडिडेट एक-एक करके भागते जा रहे हैं। यह इनके पुराने कर्मों का नतीजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 वर्षों के बाद रामलला को दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान किया है जबकि सपा के लोग कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। वहीं जनता का खून चूसने वाले माफिया और अपराधियों की राम नाम सत्य की यात्रा निकाल दी गयी है। आज प्रदेश के दुर्दांत अपराधी या तो जहन्नुम चले गये हैं या फिर प्रदेश छोड़कर चले गये हैं। आजमगढ़ के सामने पहचान का संकट खड़ा करने वाले और आतंकवाद का गढ़ बनाने वालों को एक-एक वोट के लिए तरसाने का समय आ गया है। इनकी जमानत जब्त करानी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सगड़ी विधानसभा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि देश 10 वर्ष पहले पहचान और विश्वास के संकट से जूझ रहा था। हर एक व्यक्ति पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा था। देश में विकास कार्य ठप हो चुके थे क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व सरकार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी थी। उस दौरान गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करते थे, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। वहीं देश और दुनिया में आतंकी घटना होने पर उसके तार आजमगढ़ से जुड़कर बदनाम किया जाता था।

# भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों समेत सभी वर्गों को धोखा दियाः डिम्पल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/आजमगढ़

**समाजवादी** पार्टी की मैनपुरी से लोकसभा सांसद डिम्पल यादव ने मंगलवार को आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव के समर्थन में आजमगढ़ में खरिहानी बंसरिया की बाग और ब्लाक हर्रैया के बाजार गोसाईं में आयोजित चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया और धर्मेन्द्र यादव को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

डिम्पल यादव ने जनसभा में आयी जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि आजमगढ़ समाजवादियों के दिल में बसता है। आजमगढ़ के कण-कण से समाजवादियों का बेहद लगाव है। यह लगाव और प्यार मरते दम तक बना रहेगा।

# मतदान पूर्ण होने तक बूथ पर मजबूती से रहना है डटेः धर्मपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय में गोरखपुर लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में विजय का मंत्र दिया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ प्रबंधन और पन्ना प्रमुखों की मजबूत संरचना से प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हर घर पर दस्तक देकर अवश्य मतदान और भाजपा के लिए मतदान के लिए जनजागरण अभियान चलाना है। यह सुनिश्चित करना है कि परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी का पत्र प्रत्येक परिवार तक पहुंचे। हमारा लक्ष्य विकसित भारत का है, जिसके लिए अबकी बार 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करके मजबूत सरकार बनाने के लिए अथक परिश्रम करना है। मतदान पूर्ण होने तक मजबूती से बूथ पर डटे रहना है और हर बूथ पर पिछले चुनाव से 370 अधिक वोटों को भाजपा से जोड़ना है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ की विजय की रणनीति के तहत पन्ना प्रमुखों सहित बूथ की टीम को प्रत्येक व्यक्ति तक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व की योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णय को पहुंचाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि वातावरण हमारे अनुकूल है और हम प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे है। भाजपा का परिश्रमी कार्यकर्ता प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम है।

# गोरखपुर में दो भोजपुरी स्टारों के बीच लड़ाई महाराजगंज में है भगवा लहराने की तैयारी

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**गोरखपुर जिला बीते कई दशक से पूर्वांचल में भाजपा की राजनीति का केन्द्र रहा है। यहां के गोरखनाथ मठ से निकलने वाली हिन्दुत्व की विचारधारा न केवल गोरखपुर वरन आस-पास के जिलों में अच्छा-खासा प्रभाव रखती है। जो भाजपा के लिए किसी टॉनिक से कम नहीं है। आम लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में यूपी के अंतर्गत आने वाली गोरखपुर व महाराजगंज संसदीय सीट को लेकर विपक्ष अपने सारे दांव आजमा रहा है। वहीं हिन्दुत्व की राजनीति के सहारे भाजपा इन दोनों सीटों पर एक बार फिर भगवा लहराने की तैयारी में हैं।**


## गोरखपुर लोकसभा सीट





**प्रदेश** की वर्तमान सियासत में गोरखपुर जिला बेहद अहम स्थान रखता है। यह धरती प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मस्थली है। गोरखपुर को गोरखनाथ मंदिर और गीताप्रेस की वजह से भी दुनियाभर में विशेष पहचान है। भाजपा ने यहां से अपने वर्तमान सांसद रवि किशन को मैदान में उतारा है। जबकि गठबंधन से काजल निषाद मैदान में है। तारीफ की बात कि दोनों उम्मीदवार का सम्बन्ध भोजपुरी इंडस्ट्री से है। वहीं बसपा ने यहां से जावेद सिमनानी को मैदान में उतारा है। अगर जातीय समीकरण की बात करें तो यहां पर पिछडा वर्ग के वोटरों का दबदबा है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर सबसे अधिक निषाद जाति के वोटर हैं। इसके अलावा करीब 3 लाख ब्राह्मण और ठाकुर वोट हैं। भूमिहार और वैश्य वोटरों की संख्या भी करीब डेढ़ लाख है। पिछले चुनावों की बात करें तो 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रविकिशन ने सपा के राम निषाद को हराया था। वहीं इससे पहले 2018 में गोरखपुर सीट पर कराए गए उपचुनाव में बीजेपी को जोर का झटका लगा था क्योंकि यह सीट योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने की वजह से खाली हुई थी. लेकिन उपचुनाव में सपा के प्रत्याशी प्रवीण कुमार निषाद ने बीजेपी के उम्मीदवार उपेंद्र दत्त शुक्ला को हरा दिया था। बाद में प्रवीण निषाद के बीजेपी में शामिल हो गए थे। जबकि 2014 लोकसभा चुनाव में गोरखपुर सीट से बीजेपी प्रत्याशी योगी आदित्यनाथ ने सपा के राजमती निषाद को हराया था।

## महाराजगंज लोकसभा सीट





गोरखपुर जिले से सटे होने के चलते महराजगंज जिले की महाराजगंज संसदीय सीट पर हिन्दुत्व का अच्छा-खासा प्रभाव है। इस सीट पर एक मात्र हैट्रिक बीजेपी के पंकज चौधरी ने लगाई है, जो साल 1991, 1996 और 1998 का चुनाव लगातार जीते थे। भाजपा ने यहां से अपने वर्तमान सांसद पंकज चौधरी को मैदान में उतारा है। जबकि गठबंधन के तहत कांग्रेस से यहां पर वीरेन्द्र चौधरी भाग्य आजमा रहे हैं। वहीं बसपा के टिकट पर मो. मौसमे आलम मैदान में हैं। महाराजगंज संसदीय क्षेत्र कुर्मी, ब्राह्मण, ठाकुर और दलित बहुल मानी जाती है। हालांकि मुस्लिम और ओबीसी वर्ग के मतदाता भी यहां पर निर्णायक हैं। इस सीट पर पिछले दो चुनाव में मोदी लहर के चलते बीजेपी ने बड़ी जीत हासिल की है। पिछले लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2019 में बीजेपी के पंकज चौधरी ने सपा के अखिलेश सिंह को हराया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के पंकज चौधरी ने बसपा के काशीनाथ शुक्ल को हराया था। जबकि 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के हर्षवर्धन ने बसपा के गणेश शंकर पांडेय को हराया था।

# मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनेगी सरकारः अरुण

● मोदी सरकार ने 11 लाख करोड रुपया अवसंरचना पर किया खर्च

● भाजपा को 400 से अधिक सीटों पर मिलेगी जीत

**संवाददाता।** सोनभद्र



**पांच** चरण का मतदान सम्पन्न होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिल चुका है 1 जून 2024 को अंतिम चरण के मतदान के बाद भाजपा 400 पार करते हुए तीसरी बार केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाएगी।

दक्षिण के राज्य केरल व तमिलनाडु में भाजपा को अच्छी सीटे मिल रही हैं। उक्त उद्गार जनपद मुख्यालय स्थित जनता पार्टी के कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है सरकार बनने के के बाद प्रधानमंत्री सूर्य योजना के अंतर्गत सभी घरों पर सोलर पैनल लगवाया जाएगा, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं से लोग लाभांवित हो रहे हैं। जिसके चलते चुनाव में भाजपा को 400 से अधिक सीटों पर जीत मिलेगी। देश के आजादी के बाद कांग्रेस की सरकार ने कुछ नहीं किया है। कांग्रेस जो काम 70 सालों में नहीं कर पाई वह नरेन्द्र मोदी ने दस सालों में करके दिखाया है। इस बार भाजपा पश्चिम बंगाल, ओडिसा, तमिलनाडु में भी लीड कर रही है। इसके अलावा यूपी के सभी सीटों पर एनडीए का कब्जा होगा। जनता मोदी के योजनाओं से लाभांवित होकर वोट कर रही है।

कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व राहुल गांधी विकास के बारे में चर्चा करने पर जवाब नहीं देते हैं। वर्ष 2016 में भी दोनों लोग साथ आए थे, जिसका नतीजा हुआ कि यूपी से इनका सूपड़ा साफहो गया।

दोनों नेता विकास के नहीं बल्कि जातिपात के नाम पर वोट मांगते हैं। जिसको जनता अच्छी तरह से जान रही है। मोदी के दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर भारत आज विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था है और अगले तीन साल में देश तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। हमारा देश जीतना मजबूत होगा युवाओं व महिलाओं को इसका अधिक से अधिक लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि यूपीए के शासनकाल में इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर सिर्फ ढाई लाख करोड़ रूपये खर्च किए जाते थे जबकि मोदी सरकर ने 11 लाख करोड़ इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए खर्च कर रही है।

सड़क व रेलवे के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। जिससे लोगों को इसका लाभ मिल सके। पत्रकार वार्ता के दौरान समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड़, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल, सदर विधायक भूपेश चौबे, अमरेश पटेल, भाजपा मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी आदि थे।

## उत्तर मध्य रेलवे में समर हॉबी कोर्स का शुभारम्भ



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन मुख्यालय प्रयागराज की ओर से सोमवार से रेलवे अधिकारियों कर्मचारियों के बच्चों तथा नॉन रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए समर हॉबी कोर्स का शुभारम्भ हुआ। जिसका शुभारंभ शिखा गोयल अध्यक्षा के द्वारा किया गया। इस कोर्स की क्लासेस कलरव रेल गांव कालोनी सूबेदारगंज में आयोजित की गयी। 10 जून तक चलने वाले समर हॉबी कोर्स में स्केटिंग ताइक्कान्डो आर्ट एवं क्राफ्ट एवं डांस कोर्सेस को प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के द्वारा सिखाया जायेगा। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मीना माथुर सचिव ऋचा वर्मा माधुरी सिंह सुप्रिया सिन्हा अलका गर्ग नीलिमा सिंह सुनीता भारती अलका अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी रिहंद में बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

**संवाददाता।** बीजपुर, सोनभद्र



**एनटीपीसी** रिहंद में मंगलवार को बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि और मुख्य महाप्रबंधक पंकज मेदीरत्ता एवं विशिष्ट अनीता मेदीरत्ता नें दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के सीएसआर विभाग द्वारा एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित तरंग प्रेक्षागृह में किया गया। इस अभियान में ग्रामीण विद्यालयों के कक्षा 6 में पढ़ रही 120 बालिकाओं को चयनित किया गया है जिनको 21 मई से 20 जून तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस वर्ष जेम सपनों की उड़ान थीम पर आधारित है।

मुख्य महाप्रबंधक नेंकार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बच्चियों को नई ऊर्जा देगा। उन्होने कहा कि जेम से इन बच्चियों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आयेगा। जब ये बच्चियां अपने वास्तविक जीवन में कैरियर के शिखर पर पहुचेंगी, तब इन्हें इस कार्यक्रम के द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण का लाभ अवश्य मिलेगा। प्रेक्षागृह में बालिकाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नें कहा हमारा बालिका सशक्तिकरण अभियान एक अनोखी पहल है जिसके माध्यम से एनटीपीसी ने अपनी परियोजनाओं के आस पास के गांव में रहने वाली बालिकाओं को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है।

इस कार्यशाला में अकादमिक अध्यापन गणित विज्ञान अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर शिक्षा के अलावा दैनिक जीवन में उपयोगी अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण कराया जाएगा। वर्ष 2018 में शुरू हुए जेम में अबतक 480 बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इनमें से 40 उत्कृष्ट बालिकाओं को एनटीपीसी रिहंद के नगर परिसर में स्थित डीएवी स्कूल में अध्ययन हेतु प्रवेश दिलाया गया है, जिसका सम्पूर्ण व्यय नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा किया जा रहा है। जेम 2024 में एनटीपीसी अपनी कुल 42 चिन्हित परियोजनाओं के आस पास के गाँवों के वंचित वर्गों के लगभग 3,000 मेधावी बच्चों को जोड़ेगा।

# अदालत ने पार्क में अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद जिले के बुद्ध विहार मझोला में आवास विकास कालोनी के सार्वजनिक पार्क में अवैध निर्माण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने आवास एवं विकास परिषद को निर्देश दिया है कि वह जिलाधिकारी मुरादाबाद व सम्बंधित थाना पुलिस को विस्तृत अर्जी देकर पुलिस बल की सहायता लेकर हो रहे अवैध निर्माण पर कार्रवाई करें। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली तथा न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने नीरज कुमार त्यागी जनहित याचिका पर दिया है।

याची के अनुसार आवास विकास कालोनी के सार्वजनिक पार्क के कोने में बिना अनुमति के कतिपय लोग जमीन कब्जा करके मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। कालोनी में रहने वालों ने आवास विकास के अधिशाषी अभियंता को लिखित रूप से सूचित किया। 5 मई को जूनियर इंजीनियर ने आकर काम रोकने को कहा पर निर्माण कार्य जारी रहा। 9 मई को अधिशासी अभियंता ने सम्बंधित थानाध्यक्ष को लिखित रूप से जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने 22 मई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तथ्यों से अवगत कराया। 23 मई को अधिशाषी अभियंता ने जिलाधिकारी मुरादाबाद को लिखित रुप से सूचना दी पर निर्माण कार्य जारी रहा। परिषद ने जिलाधिकारी से पुलिस बल की माँग भी की।

उत्तर प्रदेश शासन ने 29 अक्टूबर 2009 को शासनादेश जारी कर सार्वजनिक मार्ग पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर मंदिर चर्च मस्जिद गुरुद्वारा आदि के निर्माण पर रोक लगा रखी है। जिसकी अवहेलना करते हुए अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई न किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका पर कोर्ट अगली सुनवाई 8 जुलाई को करेगी।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

**संवाददाता।** मुगलसराय, चन्दौली



**दुलहीपुर** स्थित सनबीम स्कूल मुगलसराय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 10 के सत्र 2023-24 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि राजेश कुमार पाण्डेय (एसोसिएट प्रोफेसर, मैथमेटिकल साइंस आई.आई.टी. बी.एच.यू.), कुमारी शैल्या वर्मा ( रिसर्च स्कॉलर एन.सी.बी.एस बैंगलोर) और कैप्टन अक्षय आकाश ( इंडियन आर्मी) के कर - कमलों द्वारा तुलसी वेदी पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों को विद्यालय की निदेशिका श्रीमती श्वेता कानूडिया जी , विद्यालय के सेक्रेटरी यदुराज कानूडिया और प्रधानाचार्य सी. के. पालित जी के द्वारा %पुष्प गुच्छ% और % अंगवस्त्रम भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

पुरस्कार सम्मान समारोह में दसवीं की परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र पुरस्कृत हुए जिनमें चंदौली जिले के प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने शशांक कुमार मौर्य ( 98.4 प्रतिशत) तथा द्वितीय स्थान पर उज्मा फ़राज़ (98.2 प्रतिशत) और तृतीय स्थान अमित कुमार सिंह ( 97.8 प्रतिशत) के साथ ही इस परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राएं पुरस्कृत भी हुए, जिनमें अपेक्षा सिंह, अंजली आर्या, आयशा , जागृति कुमारी, सुप्रिया विश्वकर्मा,आदेश आनंद, सोनम यादव , उत्कर्ष सिंह , अवनी सिंह , प्रियांशी यादव , ख्याति मौर्या, आदर्श पाल , कात्यायनी प्रग्यभा और श्रुति कुमारी सहित 49 विद्यार्थी सम्मानित हुए। सभी छात्रों को मेडल और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। तथा शशांक कुमार मौर्य को नगद धनराशि से भी पुरस्कृत किया गया।

विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों की हौंसला अफजाई की। और साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों को उनकी मेहनत, लगन व संकल्प के आधार पर यह उपलब्धि मिली है जिसका प्रयोग वह एक नवीन समाज के निर्माण में करें।

विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय की निदेशिका ने कहा - कि समय बहुत बहुमूल्य होता है, जिसका सदुपयोग करना ही हमारे जीवन को सफल एवं सार्थक बनाएगा।

आज लोगों की उम्मीद देश के युवाओं से है, उन्होंने युवाओं को अहम संदेश देते हुए कहा कि आप हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ काम करें, अपना हर पल हर क्षण अपने सपनों को समर्पित करें एवं अपने लक्ष्य पर केंद्रित करें। साथ ही प्रधानाचार्य ने अभिनंदन समारोह में आये हुए अतिथियों और अभिभावकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनके आगमन को छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया।

इस अवसर पर विद्यालय की डीन व उप- प्रधानाचार्या श्रीमती स्मृति खन्ना, उप- प्रधानाचार्य रामप्रताप सिंह, एच.आर.डी हेड श्रीमती श्रुति अग्रवाल सहित शिक्षक गण और अभिभावक उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने कृषि मंडी मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

गाजीपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत निर्वाचन सम्बन्धी विविध कार्यो को समयबद्ध एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने एवं निर्वाचन को सकुशल संचालन तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सयुक्त रूप से कृषि मण्डी जंगीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल में ई0बी0एम0 मशीन का विधानवार कैमरो की सुरक्षा व्यवस्था एवं मतगणना हाल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरान्त उन्होने सम्बन्धित को आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जंगीपुर के मण्डी सचिव को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल पर जो भी कार्य कराये जाने है उसको समयान्तर्गत पूर्ण करा लिया जाय। स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक जाने हेतु एवं पार्टी के सदस्य को बैठने हेतु बैरीकैटिंग लगाने हेतु दिशा निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन, अधिकारी मुख्य राजस्व अधिकारी, मण्डी अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भूमाफियाओं पर किसानों की जमीन कब्जा करने का आरोप

**प्रयागराज।** भगवतपुर मौजा में भू माफियाओं द्वारा जबरन जमीन कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। हाईकोर्ट में वकालत करने वाले अधिवक्ता जवाहर लाल दुबे अब्दुल वहावपुर उर्फ बरवा भगवतपुर बमरौली थाना पूरामुफ्ती के रहने वाले हैं। श्री दुबे ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर भगवतपुर मौजा में भूमाफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे की लिखित शिकायत की है। अधिवक्ता जवाहर लाल दुबे का आरोप है कि बगैर नक्शा पास कराए भगवतपुर की आराजी संख्या 230 में भूमाफिया अवैध रूप से निर्माण करके मकान बना रहे हैं। अधिवक्ता जवाहर लाल दुबे का आरोप है कि भू माफिया इसी आराजी के आसपास किसानों की भी जमीन जबरदस्ती जेसीबी चलाकर कब्जा कर रहे हैं। किसान जब उनका विरोध करते हैं तो वह बंदूक के बल पर जमीन कब्जा करने की धमकी देते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में एयरपोर्ट थाने में एक मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद भू माफियापर कोई कार्यवाही नहीं की गई। अधिवक्ता जवाहर लाल दुबे ने पीडीए के उपाध्यक्ष से अवैध निर्माण रोकने की मांग की है।

# सनातनियों से की गई राष्ट्रवाद के पक्ष में मतदान करने की अपील

**संवाददाता।** प्रयागराज



**उच्च** न्यायालय इलाहाबाद में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य स्थाई अधिवक्ता चतुर्थ और अधिवक्ता परिषद के पूर्व प्रदेश महामंत्री शीतला प्रसाद गौड़ शीतल ने मंगलवार को सनातनियों से लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व (लोकसभा चुनाव) में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। श्री शीतल आज संत शिरोमणि स्वामी कमलदास महाराज महंत पीठ हनुमानगढ़ी रामचौरा घाट श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज में सनातन प्रेमियों और हनुमान भक्तों के साथ मुख्य वक्ता के नाते संवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जहां उन्होंने सभी से राष्ट्रवाद के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की वजह से वाराणसी में काशी विश्वनाथ कारीडोर मथुरा में भव्य श्रीकृष्ण मंदिर विंध्याचल में भव्य कारीडोर के साथ अगले वाले दिव्य और भव्य महाकुंभ का आयोजन तीर्थराज प्रयाग में होने वाला है यह सब कुछ मौजूदा राष्ट्रवादी सरकार की वजह से संभव हो पाया है।

देश की आंतरिक और वाह्य सुरक्षा का बीड़ा अगर किसी ने उठाया है तो वह मौजूदा सरकार ने ही उठाया है। सनातन धर्म के साथ ही जनता की रक्षा का संकल्प भी इसी सरकार ने लिया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा अर्चना चहल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में हम यह निश्चित कर लें कि हम तो मतदान करेंगे ही साथ ही आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे। हम जितना अधिक मतदान करेंगे हमारी सरकार उतनी ही मजबूत होगी। कार्यक्रम में गंगापार के जिला प्रचारक प्रेम सागर ने कहा कि राष्ट्रवादी विचारधारा वाली सरकार के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान करने से हमारी सरकार मजबूत होगी तो हम भी मजबूत होंगे।

संत शिरोमणि स्वामी कमलदास महाराज महंत पीठ हनुमानगढ़ी रामचौरा घाट श्रृंगवेरपुर धाम ने भी सभी भक्तों से मतदान करने की अपील की।

## दौलत सिंह ने किया आदिवासी बहुल इलाकों में जनसंपर्क



**मीरज़ापुर।** लोकसभा क्षेत्र के अपना दल कमेरावादी पार्टी के सांसद प्रत्याशी दौलत सिंह पटेल ने मंगलवार को लालगंज ब्लाक के आदिवासी बाहुल्य इलाकों में सघन जनसंपर्क के दौरान आदिवासी बाहुल्य इलाकों में दूसरी बार एक दिवसीय सघन जनसंपर्क अभियान के द्वारा लोगों के बीच जाकर अपने विचारों को रखते हुए समर्थन मांगा। जनपद के लालगंज ब्लाक के महंग गोसाई, दुबार कला, दुबार खुर्द, चरखी कलां, कोलकम, खैरा, रामपुर कामता, रजई सहित दर्जनों गांवों में पार्टी पदाधिकारियों संग कार्यकर्ताओं ने जन संपर्क किया। इस दौरान दौलत सिंह पटेल ने कहा कि आजादी के बाद भी आदिवासी बहुल इलाकों की दशा में सुधार नहीं हुआ।

# बसन्त विद्यालय प्रबंधन के रवैये से शिक्षक संघ ने जताया आक्रोश

**मीरजापुर।** बसन्त विद्यालय इंटर कालेज में आये दिन शिक्षकों और कर्मचारियों के विरुद्ध निलम्बन और कारण बताओ नोटिस से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ में गहरा आक्रोश है। चुनाव के चलते संगठन आंदोलनात्मक कार्रवाई नहीं कर पा रहा। किंतु मंगलवार को वर्चुअल मीटिंग कर इस प्रकरण पर आक्रोश जताया।

वर्चुअल मीटिंग में मंडल अध्यक्ष केदार नाथ दूबे, मंडलीय मंत्री गणेश प्रसाद सिंह, जिलाध्यक्ष सत्यभूषण सिंह, जिला मंत्री डॉ0 रमा शंकर शुक्ल, कोषाध्यक्ष रश्मि और आय व्यय निरीक्षक उमाकांत शामिल हुए। जिलाध्यक्ष सत्यभूषण सिंह ने कहा कि जब से नए प्रिंसिपल ने कार्यभार संभाला है, विद्यालय में वातावरण अराजक हो गया है। पहले एक कर्मचारी जय प्रकाश को निलंबित किया गया, जिस पर कोई दोष साबित नहीं हो सका और कर्मचारी को ससम्मान बहाल करना पड़ा। पुनः कुछ माह बाद गत सप्ताह एक प्रवक्ता डॉ0 धर्मराज सिंह को निलंबित कर दिया गया।निलम्बन के बाबत जब धर्मराज अपूर्ण आरोप पत्र के बाबत प्रार्थना पत्र देने विद्यालय गए तो प्रधानाचार्य और लिपिक ने पुलिस बुला ली। इस बात का विरोध जब दूसरे प्रवक्ता डॉ0 दिनेश चौरसिया ने किया तो उन्हें 20 मई को अनुशासनहीनता का कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया।

इससे वहां के शिक्षक और कर्मचारी आक्रोशित और निराश हैं। जिला मंत्री डॉ0 रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि चुनाव अधिसूचना समाप्त होने के बाद शिक्षक संघ बसंत विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य का पोल खोलो अभियान शुरू करेगा, जिसमें चौकाने वाले तथ्य सामने आएंगे। शिक्षकों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# यूपी बोर्ड के सचिव ने वरिष्ठ समाजसेवी राजीव मिश्र को किया सम्मानित



प्रयागराज। यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल उप्र राज्य शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज के प्रभारी सचिव नवल किशोर और यूपी बोर्ड मुख्यालय की उप सचिव डा शालिनी यादव ने समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए वरिष्ठ समाजसेवी राजीव कुमार मिश्र को विद्यावती यादव स्मारक महर्षि कृष्ण इण्टरमीडिएट कालेज हण्डिया में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। अतिथियों ने वरिष्ठ समाजसेवी राजीव कुमार मिश्र को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्रम प्रदान करते हुए कहा कि उनके द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में किये गये कार्य उल्लेखनीय हैं। सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने कहा कि आज के दौर में समाज सेवा सबसे पुनीत कार्य है राजीव कुमार मिश्र समाज के सभी वर्गों की सेवाकर जो पुण्य अर्जित किया है और कर रहे है। उससे लोगों को सीख लेनी चाहिए। प्रबंधक ब्रह्म प्रकाश सिंह कार्यक्रम के संयोजक सचिन यादव और विद्यालय के प्रधानाचार्य डा हरिप्रकाश यादव ने वरिष्ठ समाजसेवी राजीव कुमार मिश्र के कार्यों की प्रशंसा किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा हरि प्रकाश यादव ने कहा कि राजीव मिश्र सामाजिक कार्यों में बढचढ कर रहते हैं और लोगों की मदद भी करते हैं। सम्मान समारोह में एडीआईओएस धर्मेन्द्र सिंह वरिष्ठ शिक्षक नेता उपेन्द्र वर्मा सुरेन्द्र सिंह विजय यादव मो जावेद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग शिक्षक और विद्यालय के बच्चे थे।

# पीएम मोदी के आगमन को लेकर उत्साहित है जिले की जनताः सुनील

**संवाददाता।** गाजीपुर

**दुनिया** के सबसे सशक्त और मजबूत नेता जिसका लोहा आज पूरा विश्व मान रहा है। जिसके व्यक्तित्व का वर्णन जन जन मे हो रहा है, ऐसे अद्वितीय प्रतिभा के धनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर जिले की जनता उत्साहित और गर्वान्वित है और स्वाभाविक है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जैसे नेता पर पूरे देश को नाज है।

यह बात आज भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने जिला कार्यालय छावनी लाइन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन विषय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही उन्होने कहा कि गाजीपुर की जनता उस क्षण का बेसब्री से इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आगमन हो रहा है और बताया तथा आगमन की तैयारी को लेकर कल स्वयं कल भूमि पूजन के साथ सारी तैयारी तेज गति से चल रही है। उन्होंने गाजीपुर की जनता से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन जिले के आरटीआई मैदान में 25 मई को अपराह्न 1-30 बजे होने जा रहा है। एक सवाल के जबाब में जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सपा प्रत्याशी सांसद अफजाल अंसारी की हताशा साफ झलक रही है और उनकी निर्दल प्रत्याशी बेटी के चुनाव चिन्ह छड़ी को लेकर कहा कि यह निशान हमारे सहयोगी दल सुभासपा का है और इस पर भारत निर्वाचन आयोग को आपत्ति दर्ज कराई गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली के प्रभारी भाजपा प्रदेश मंत्री तथा गाजियाबाद जिला पंचायत अध्यक्ष बसंत त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली ऐतिहासिक होगी एक एक कार्यकर्ता इसको ऐतिहासिक बनाने में पुरी तन्मयता से लग गये है। उन्होंने कहा कि हर सभा स्थल की तरह प्रधानमंत्री जी का लगभग एक घंटे का पूरा कार्यक्रम होगा।

सवाल के जबाब मे उन्होने वर्तमान सांसद पर अपनी टिप्पणी मे कहा कि क्षेत्र में जनता के बीच नहीं रहने और काम न करने वाले लोग कैसे जनप्रतिनिधि बन जाते है यह बहुत सोचने की बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति देश की जनता के मन मे आगाध श्रद्धा व प्रेम का भाव है, जो उनको अभिभूत करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते है और कहते हैं उनके जीवन का छण छण इस देश को आगे बढ़ने के लिए समर्पित है।

उन्होंने कहा कि ऐसे सशक्त नेता लगातार तिसरी बार प्रधानमंत्री बने इसके लिए देश की जनता ने यह संकल्प लिया है। इस अवसर पर सहारनपुर के विधायक राजीव गुंबर, लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, रैली संयोजक भानु प्रताप सिंह एवं जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा उपस्थित थे।

## एनटीपीसी रिहंद ने सेवा समर्पण संस्थान के छात्रों को दीं सुविधाएं

**बीजपुर, सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद ने नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन के अंतर्गत सोमवार को सेवाकुंज आश्रम, चपकी में अध्ययनरत 250 छात्रों को स्कूल यूनिफार्म, पाठ्य पुस्तकें, बैग्स एवं स्टेशनरी आइटम का वितरण किया गया। आश्रम के बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री का वितरण परियोजना प्रमुख पंकज मेदीरत्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक सुधांशु शेखर प्रधान और अपर महाप्रबंधक ब्रिज किशोर पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेदीरत्ता ने कहा कि एनटीपीसी रिहंद का यह छोटा सा प्रयास आश्रम के विद्यार्थियों की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने में योगदान देगा। उन्होने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि यह समय उनके जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसे चाहे तो और सुंदर बना सकते हैं डाक्टर, इंजीनियर और उच्च पदों में जाकर के स्कूल का, अपने माता पिता का नाम रोशन करें। नई पाठ्य पुस्तकें व गणवेश पाकर सेवाकुंज आश्रम के बच्चों के चेहरे खिल उठे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में कार्यकारिणी का किया गया पुनर्गठन

**मीरज़ापुर।** हलिया मिर्जापुर स्थानीय विकास खंड के रतेह चौराहा स्थित बी पी सी जूनियर हाईस्कूल में मंगलवार को जिला अध्यक्ष अजय ओझा जी के तत्वावधान में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन लालगंज ईकाई की बैठक आहूत की गई जिसमें तहसील अध्यक्ष राम मूर्ति पाण्डेय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त पत्रकारों के सर्वसहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।



सदस्यों की सक्रियता के दृष्टिगत जिम्मेदारीया प्रदान की गई बैठक के मुख्य अतिथि अजय ओझा द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का आईडी कार्ड वितरण किया गया एवं बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि हमारे समस्त पत्रकार भाइयों को सच्ची निष्ठा एवं ईमानदारी से अपना कार्य करना चाहिए किसी से डरने की जरूरत नहीं है यदि आपको अपना कार्य करने में कोई अधिकारी या कर्मचारी व्यविधान उत्पन्न करता है तो इसके लिए आपका संगठन आपके साथ है इसके बाद जिला अध्यक्ष ने तहसील अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि हर पंद्रह से बीस दिन में एक बार पत्रकार एसोसिएशन की बैठक ज़रुर होनी चाहिए जिससे बैठक की मजबूतियां बरकरार बनी रहे बैठक की लास्ट कड़ी में तहसील अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी एवं सदस्यों का गठन कर नाम का उद्बोधन किया गया।


जिसमें तहसील अध्यक्ष राम मूर्ति पाण्डेय, उपाध्यक्ष प्रवीण तिवारी, सभा शंकर पाण्डेय को बनाया गया , महामंत्री का पद धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सन्तोष कुमार पांडेय को प्राप्त हुआ एवं कोषाध्यक्ष नवनीत बरनवाल, और संगठन मंत्री दिलीप कुमार दुबे को बनाया गया सचिव मिथिलेश तिवारी एवं मिडिया प्रभारी रमेश शुक्ला जी को बनाया गया, जिला कार्यकारिणी में राकेश तिवारी, अभय नारायण तिवारी, गिरिजा शंकर तिवारी, अमरेश चन्द दुबे, व ज्ञानदास गुप्ता का नाम अंकित किया गया, इसके बाद संरक्षक का दायित्व संजीव कुमार, राकेश कुमार मिश्रा, एवं अंकित मिश्रा को दिया गया, सदस्य के रुप में हरि भूषण मधुकर, मुन्ना सिंह, एवं नरेन्द्र कुमार मिश्रा सहित समस्त पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## राजश्री, सान्वी, अरुण व वेदांत और अमिषी टॉपर

**प्रयागराज।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड एईएसएल ने प्रयागराज से अपने 65 स्टूडेंट की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया। जिन्होंने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत और उससे अधिक मार्क्स हासिल किए हैं। सीबीएसई बोर्ड ने हाल ही में 10वीं के परिणाम घोषित किए हैं। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंटस में राजश्री राय सान्वी सिंह अरुणव वेदांत अग्रहरि और अमिषी मिश्रा ने अधिक से अधिक प्रतिशत मार्क्स हासिल कर सफलता प्राप्त की। इसी क्रम में अन्य स्टूडेंट्स ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक अपने नाम किए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार शिक्षक और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर डॉ एच आर राव ने स्टूडेंट को हार्दिक बधाई दी।

## पाक अधिकृत कश्मीर
### भारत में एकीकरण

**पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके** के भारत में एकीकरण का मुद्दा भाजपा नेता चुनाव अभियान में उठा रहे हैं। 2019 में भाजपा ने पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' को अपनी सरकार की उपलब्धि की तरह पेश किया था। पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके पर भारत के दावे पर भाजपा ने फिर जोर देना शुरू किया है। वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने हाल ही में पीओके के भारत के साथ एकीकरण पर भाजपा की प्रतिबद्धता रेखांकित की है। इनमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सर्मा शामिल हैं। सबसे पहले अमित शाह ने एक असाधारण घोषणा कर जोर दिया कि भारत पीओके पर अधिकार कर लेगा क्योंकि 'वह हमारा है।' इस बयान को एक साहसी राजनीतिक वादा कहा जा सकता है जो पीओके पर भाजपा का लंबे समय से दृष्टिकोण है। इसके बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सर्मा ने यही भावना व्यक्त करते हुए जोर दिया कि यह कदम केवल भावनात्मक न हो कर वर्तमान सरकार के लिए यथार्थ लक्ष्य है। इसके बाद राजनाथ सिंह का थोड़ा अलग दृष्टिकोण सामने आया जिसमें उन्होंने पीओके में मानवाधिकारों की स्थिति पर जोर दिया। राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का आह्वान किया कि वे इस क्षेत्र में मानवाधिकार उल्लंघनों पर गौर करें। वर्तमान लोकसभा चुनाव में ऐसे बयानों का अर्थ यह स्पष्ट संकेत है कि भाजपा काफी समय से लंबित इस मुद्दे पर लोगों का ध्यान आकृष्ट करना चाहती है। पीओके का मुद्दा चुनाव विमर्श में शामिल करना पार्टी की रणनीति है जिससे वह राष्ट्रवादी तत्वों का समर्थन मजबूत करना चाहती है। वास्तव में पीओके में स्थिति अच्छी नहीं है। वहां स्थानीय जनता ज्यादा



स्वायत्तता, राजनीतिक अधिकारों, ज्यादा स्वशासन तथा स्थानीय नियंत्रण की मांग कर रही है। उसे मानवाधिकार उल्लंघनों तथा नागरिक स्वतंत्रताओं पर बंधनों की भी चिन्ता है। जनता अपने मूलाधिकारों व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ राजनीतिक दमन समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही आर्थिक विकास एक बड़ा मुद्दा है जिसके लिए बेहतर अवसरों, बेहतर ढांचागत संरचना, स्वास्थ्यरक्षा और शिक्षा की जरूरत है। क्षेत्रीय विकास के लिए ज्यादा निवेश भी जरूरी है। इन कारणों से पीओके की जनता न केवल पाकिस्तान की केन्द्रीय सत्ता के दमन का विरोध कर रही है, बल्कि वह भारत में जम्मू कश्मीर की अनुच्छेद 370 हटने के बाद से अभूतपूर्व व असाधारण प्रगति से हतप्रभ है। हाल ही में उसने जम्मू कश्मीर की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पूर्व अलगाववादी तत्वों तक को शामिल होकर मतदान करते देखा है। ऐसे में उसका यह सोचना स्वाभाविक है कि यदि उसका क्षेत्र पाकिस्तान के कब्जे के बजाय भारतीय जम्मू कश्मीर में शामिल होता तो बहुत अच्छा होता। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन स्थितियों को देखते हुए ही कहा है कि पीओके की जनता स्वयं भारत में शामिल होने की बात करेगी और यह प्रक्रिया संभवत: शुरू भी हो गई है।

पीओके के एक निर्वासित नेता ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि वह पीओके में मानवाधिकार उल्लंघनों का मामला अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाने के साथ यह 'अवसर न चूके।' स्पष्ट रूप से वर्तमान स्थितियों में यदि पीओके की जनता और बड़ी संख्या में भारत में शामिल होने की मांग करे तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार अपने दायित्व से पीछे नहीं हटेगी। मोदी सरकार पाकिस्तान या उसके समर्थकों की धमकियों से डरने वाली नहीं है। भारत की सारी जनता भावनात्मक रूप से इस मामले में भाजपा के साथ खड़ी होगी।

# समाप्त हुआ सांप्रदायिक टकराव

**आलोचनाओं के बावजूद, मोदी के कार्यकाल में सांप्रदायिक टकराव के मामले न्यूनतम रहे हैं। सरकार ने सांप्रदायिक सद्भावना के लिए परस्पर समझदारी पर जोर दिया है।**



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



आलोचनाओं के बावजूद, मोदी के कार्यकाल में सांप्रदायिक टकराव के मामले न्यूनतम रहे हैं। सरकार ने सांप्रदायिक सद्भावना के लिए परस्पर समझदारी पर जोर दिया है। वर्तमान लोकसभा चुनाव प्रचार में भी मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इस आयाम पर बहुत जोर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्तमान लोकसभा के व्यापक चुनाव प्रचार अभियान में मुस्लिम समुदाय का आह्वान किया कि वह गंभीरता से 'आत्मावलोकन' करे। उन्होंने कांग्रेस की भी जम कर आलोचना की जो लगातार समाज में 'अलगाव' की भावना को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है। जैसी कि उम्मीद थी, प्रधानमंत्री मोदी ने इस बारे में सीधे-सीधे अपनी बात कही है और कुछ कटु सत्य व तथ्य भी सामने रखे हैं। कोई भी तटस्थ व ईमानदार राजनीतिक विश्लेषक इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कार्यरत प्रशासन ने देश को सांप्रदायिक टकरावों से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है और दिल्ली में 2020 में हुए दंगे इसका अपवाद हैं। इसके पहले सांप्रदायिक टकराव भारत में आमतौर से होते ही रहते थे। हालांकि, वर्तमान समय में गौवंश की तस्करी को लेकर अपवाद स्वरूप कुछ सांप्रदायिक टकराव हुए हैं। गौवध एवं गौमांस के लिए गायों की तस्करी भारत में एक खास समुदाय के कुछ लोगों की प्रवृत्ति है। हिंदू हमेशा से गौवंश की हत्या का पूरी ताकत करते रहे हैं। इससे उनकी भावनायें आहत होती हैं क्योंकि वे गाय को माता की तरह मान कर उसकी पूजा करते हैं। सोलहवीं शताब्दी में मुगल बादशाह अकबर ने गौवध पर प्रतिबंध लगा दिया था क्योंकि इससे हिंदुओं की भावनायें आहत होती हैं।

बीसवीं शताब्दी में मौलाना आजाद द्वारा स्थापित जमीयते उलेमाए हिंद ने मुसलमानों को सलाह दी थी कि वे गौवध से परहेज करें क्योंकि इससे हिंदुओं की भावनायें आहत होती हैं। भारत के विभाजन में एक अलिखित समझौता यह भी था कि विभाजन के पश्चात भारत में रहने की इच्छा रखने वाले मुसलमानों को ऐसा कुछ नहीं करना होगा जिससे हिंदुओं की भावनायें आहत हों। कायदे आजम मुहम्मद अली जिन्ना ने 22 मार्च, 1940 में लाहौर में दिए अपने भाषण में स्पष्ट कहा था कि 'हिंदू और मुसलमान एकदम अलग हैं और वे एक ही देश में साथ साथ नहीं रह सकते हैं।' डा.बी.आर. अंबेडकर ने 1941 में अपनी पुस्तक 'थाट्स आन पाकिस्तान' में इस दृष्टिकोण से सहमति जताते हुए कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच जनसंख्या का हस्तांतरण उसी तरह होना चाहिए जिस प्रकार 1923 में लीग आफ नेशन्स के तत्वावधान में तुर्कों और यूनानियों के बीच हुआ था। जिन्ना, अंबेडकर और डा. राजेन्द्र प्रसाद ने इस दृष्टिकोण का समर्थन किया था।

1950 से 1960 तक भारत के राष्ट्रपति रहे डा. राजेन्द्र प्रसाद ने लिखा था कि भारत के विभाजन के बाद जो मुसलमान पाकिस्तान नहीं जा सके हैं, उनको खासतौर से यहां रहने की अनुमति मिलनी चाहिए। लेकिन यह अनुमति नागरिकों के रूप में नहीं, बल्कि वीज़ा प्राप्त विदेशियों की तरह होनी चाहिए। जिन्ना तथा मुस्लिम लीग के अन्य पदाधिकारियों ने 1946 और 1947 में जनसंख्या के हस्तांतरण की मांग की थी। उनके दृष्टिकोण को 'द डॉन' अखबार ने प्रकाशित किया था। जिन्ना द्वारा स्थापित यह अखबार पहले दिल्ली से छपता था, पर अब कराची से प्रकाशित होता है। बाद में पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री बने सर फीरोज़ खान नून ने अप्रैल, 1946 में धमकी दी थी कि यदि हिंदू जनसंख्या हस्तांतरण में बाधा पैदा करते हैं तो मुसलमान चंगेज़ खान और हलाकू खान जैसे हत्यारों के कृत्य दुहराने को बाध्य होंगे। ममडोट के नवाब इफ्तिखार हुसेन ने दिसंबर, 1946 में कहा था कि वे जनसंख्या हस्तांतरण का समर्थन करते हैं क्योंकि बहुत से मुसलमान सिंध में बसना चाहते हैं। बाद में पाकिस्तान के छठे प्रधानमंत्री बने इस्माइल चुंदरीगर ने कहा था कि अंग्रेजों को मुसलमानों को ऐसे लोगों को सौंपने का कोई अधिकार नहीं है जिन पर उन्होंने 500 साल शासन किया था। सिकंदर हयात खान के पुत्र शौकत हयात खान ने कहा था कि जनसंख्या का हस्तांतरण पाकिस्तान बनाने की मांग का अभिन्न अंग था।

मद्रास के मुस्लिम लीगी इस्माइल मुहम्मद ने कहा था कि मुसलमान इस समय जिहाद से गुजर रहे हैं। बाद में पाकिस्तान के खाद्य, कृषि एवं स्वास्थ्य मंत्री रहे राजा गजनफर अली के भी यही विचार थे। जनसंख्या के हस्तांतरण तथा हिंदुओं और मुसलमानों के अलग-अलग होने की बात काफी व्यापक हुई थी। जब दिल्ली में जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रोफेसर एम. मुजीब ने संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में तुर्की के प्रतिनिधि से मुलाकात की तो उन्होंने बड़े आश्चर्य से मुजीब से पूछा था, 'आप भारत का प्रतिनिधित्व कैसे कर रहे हैं? मैंने सोचा था कि सारे मुसलमान पाकिस्तान चले गए।'

मेरे कहने का अर्थ यह है कि यदि जनसंख्या हस्तांतरण हुआ होता तो दोनों समुदायों के बीच सारे झगड़े या टकराव हमेशा के लिए समाप्त हो गए होते। लेकिन देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू क वामपंथी अनुयाइयों ने भारत के संविधान में अनुच्छेद 25 व 30 शामिल कर दिए जिससे ये टकराव अब भी बने हुए हैं। इन अनुच्छेदों को शामिल करने का कारण यह था कि वे अपने महान नेता के लिए वोट का मजबूत आधार बनाए रखना चाहते थे। इससे ही पता चलता है कि 'समान नागरिक संहिता' को संविधान का ऐसा हिस्सा क्यों बनाया गया जिसे न्यायिक रूप से लागू नहीं किया जा सकता था। भारत में जहां जमींदारियों व जागीरदारियों को समाप्त कर दिया गया, वहीं वक्फ पूरी तरह बिना किसी हस्तक्षेप के बनाए रखे गए जबकि अनेक इस्लामी देशों में इनका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया था। एक खास समुदाय की पहचान को 'अलग' रखने के अनेक आयाम बनाए रखे गए जिनमें उर्दू, बहुविवाह, एकसाथ तीन तलाक, आदि शामिल हैं।

ऐसे तत्वों को न केवल अक्षुण्ण बनाए रखा गया, बल्कि लगातार बढ़ावा भी दिया गया। समानान्तर और पुरातनपंथी शिक्षा देने वाली मदरसा व्यवस्था आज भी फल-फूल रही है जो अपने ही समुदाय का नुकसान करते हुए नस्लवाद तथा अन्य संकुचित वाद की पैरवी करती और उसका प्रचार करती है। वर्तमान सरकार ने साहस के साथ कुछ सुधार किए हैं, पर उनका दायरा सीमित है। एकसाथ तीन तलाक को प्रतिबंधित किया गया है तथा मुस्लिम लड़कियों के लिए शिक्षा सुविधाओं और पहलों का विस्तार किया गया है। लेकिन इन सुधारों से लाभान्वित समुदाय की महिलाओं पर शक है कि वे इस चुनाव में एक 'हिंदू पार्टी' को वोट देंगी। इस्लाम 'वतन' या देश के बजाय 'उम्मा' या समुदाय को प्राथमिकता देता है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि मुसलमानों को 'राष्ट्रीय संसाधनों पर पहला अधिकार है।' ऐसे में उनको सारे संसाधनों का 15 प्रतिशत मुसलमानों को देने में कोई हिचक न होती। उनके शासनकाल में कम से कम पांच आयोग इस बात की 'जांच' के लिए नियुक्त किए गए थे कि भारत में मुसलमान इतने पीछे कैसे रह गए और उनकी प्रगति के लिए क्या किया जाना चाहिए। इनमें सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्र कमेटियां शामिल थीं।

भारत पर मुस्लिम आक्रमणकारियों व अत्याचारी शासकों के प्रभाव को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। कुतुबुद्दीन एबक ने दिल्ली पर 1192 ईस्वी में कब्जा किया था और इसके बाद एक के बाद दूसरे मुस्लिम वंश ने 1857 तक दिल्ली पर शासन किया। इस प्रकार कुल 665 साल बाद ब्रिटिश राज ने उनको उखाड़ फेंका। क्या किसी सरकार ने पूछा कि इतने लंबे समय तक शासन के बावजूद यह समुदाय पिछड़ा क्यों रहा जिसे ऊपर उठाने की आवश्यकता हो? क्या इसका कारण 'इज़्तिहाद' या पुन: व्याख्या पर 'तक़लीद' या कट्टरता को वरीयता देना था? क्या इसका कारण महिलाओं की लगातार अनदेखी इसका कारण है जिसके चलते उनको स्थाई रूप से पिछड़ेपन में धकेल दिया गया? मुस्लिम समुदाय के प्रति की गई इन गलतियों व अपराधों का जिम्मेदार कौन है? देश में पहली बार राजनेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ये असहज करने वाले सवाल उठाए हैं।

ऐसे में पिछले दस वर्ष से सत्तारूढ़ उनको या उनकी सरकार को मुसलमानों के पिछड़ेपन के लिए किसी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। मुस्लिम समाज को स्वयं गंभीर आत्मावलोकन कर इन असहज करने वाले सवालों का जवाब देना होगा।

# मलयालम सुपरस्टार के जिहादी रिश्ते

"इस विवाद ने एक तीखी राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है और केरल के राजनीतिक परिदृश्य में गहरे तनाव को उजागर कर दिया है।"

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



चेन्नई के व्यवसायी मोहम्मद शारशाद, जो सीपीआई (एम) के कार्यकर्ता भी हैं, द्वारा यह खुलासा कि मलयालम सिनेमा के सुपर मेगा स्टार ममूटी ने केरल के धर्मनिरपेक्ष, उदार और लोकतांत्रिक राजनीतिक नेताओं को चौंका दिया है। सीपीआई (एम), सीपीआई और कांग्रेस के नेता ममूटी को जिहादी के रूप में चित्रित करने के लिए संघ परिवार के खिलाफ खुलकर सामने आए हैं। ममूटी के जिहादी संगठनों के साथ संबंधों के बारे में खुलासा एक मुस्लिम युवक, सीपीआई (एम) के स्थानीय नेता ने किया था।

ममूटी के जिहादी संबंधों के बारे में रिपोर्ट के बारे में संघ परिवार पर हमला करने वाले पहले व्यक्ति केटी जलील विधायक थे, जो सीपीआई (एम) के पूर्व मंत्री और प्रतिबंधित सिमी के पूर्व अध्यक्ष थे। जलील अपने भाषणों और लेखों के लिए प्रसिद्ध हैं कि भारत को केवल इस्लाम के माध्यम से ही आजाद कराया जा सकता है। फिर अन्य मंत्रियों ने इस मुद्दे को उठाया और इसने केरल में हलचल मचा दी।

ममूटी, जो अपने कॉलेज के दिनों में एक औसत से भी नीचे के छात्र थे, महाराजा कॉलेज एर्नाकुलम से अरबी स्नातक हैं। जब वे छात्र थे, तब प्रोफेसर उमर अरबी विभाग के प्रमुख थे और वही प्रश्नपत्र तैयार करते थे और उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते थे। उन दिनों महाराजा कॉलेज में कोई भी अरबी छात्र बीए अरबी परीक्षा में फेल नहीं हुआ था। सुपर मेगा स्टार की उपाधि एक पुरानी कहावत की याद दिलाती है कि अंधों के देश में एक आंख वाला ही राजा होता है। ममूटी हिंदी फिल्मों या हॉलीवुड के अपने समकक्षों से कहीं आगे हैं। जिहादी या सांप्रदायिक होना कोई अपराध नहीं है। यहां मुद्दा यह है कि जो मुस्लिम समुदाय की संगठित सौदेबाजी क्षमता पर सवाल उठाता है, वह केरल में अवांछित व्यक्ति बन जाता है। जो नेता मुस्लिम राजनीतिक और आध्यात्मिक नेताओं के छिपे हुए एजेंडे को उजागर करने का साहस करते थे, वे कूड़ेदान में समा गए। ईएमएस नंबूदरीपडु ऐसे लोगों की सूची में सबसे ऊपर हैं, जिन्हें इस्लामवादी नेताओं ने खत्म कर दिया। 1991 के विधानसभा चुनावों से पहले, ई के नयनार और एम वी राघवन (दोनों मार्क्स, लेनिन और स्टालिन से मिलने के लिए चले गए) जैसे कुछ सीपीआई (एम) नेताओं ने सुझाव दिया था कि पार्टी को मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन करना चाहिए।

लेकिन नंबूदरीपडु ने तुरंत जवाब दिया कि मुस्लिम लीग को सहयोगी माने जाने के लिए अपना नाम और झंडा (जो पाकिस्तानी राष्ट्रीय ध्वज जैसा दिखता था) हटा देना चाहिए। मुस्लिम लीग के नेता क्रोधित हो गए और उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि नंबूदरीपडु को आकार में काट दिया जाए और सीपीआई (एम) ने उन्हें 1992 में महासचिव के प्रतिष्ठित पद से हटा दिया। मुस्लिम समुदाय के नेताओं के गुस्से का शिकार होने वाले अगले व्यक्ति ए के एंटनी थे जो 2001 से 2004 की अवधि के दौरान मुख्यमंत्री थे। 2003 में मराड समुद्र तट पर हुए नरसंहार में इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा आठ हिंदू मछुआरों की हत्या एंटनी के कार्यकाल के दौरान हुई थी लेकिन उन्होंने लीग के नेताओं को खुले तौर पर चेतावनी दी कि सांप्रदायिक संगठनों की संगठित सौदेबाजी की शक्ति को उनकी सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इससे मुस्लिम लीग नेतृत्व आहत हुआ और उसने कांग्रेस हाईकमान से एंटनी को जल्द से जल्द मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए कहा। इस तरह एंटनी ने 2004 के लोकसभा चुनावों के बाद अपना इस्तीफा दे दिया और नई दिल्ली चले गए। सीपीआई (एम) के एक व्यापक रूप से सम्मानित नेता वी एस अच्युतानंदन ने 2006 में विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। अच्युतानंदन हमेशा किसी भी तरह की सांप्रदायिकता और कट्टरता के खिलाफ थे। 2010 में राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस मीटिंग के दौरान अच्युतानंदन ने कहा कि लव जिहाद एक वास्तविकता है। उन्होंने कहा था, मुस्लिम कट्टरपंथियों का एजेंडा अगले दो दशकों में केरल को मुस्लिम बहुल राज्य में बदलना है। हालांकि सीपीआई (एम) 2011 के चुनावों में मामूली अंतर से हारी थी, लेकिन पार्टी 2016 में पूरे केरल में अच्युतानंदन की सद्भावना का इस्तेमाल करते हुए सत्ता में लौट आई। कासरगोड से तिरुवनंतपुरम तक राजमार्ग पर अच्युतानंदन के बड़े-बड़े पोस्टर लगे हुए थे, जिससे यह आभास होता था कि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री के रूप में सीपीआई(एम) की पसंद वे ही होंगे। लेकिन पिनाराई विजयन, जिनकी तस्वीरें या पोस्टर स्पष्ट रूप से गायब थे, को पार्टी के नेतृत्व द्वारा मुख्यमंत्री के रूप में नामित किया गया और तब से वे केरल के बेताज बादशाह बन गए हैं।

अच्युतानंदन को सीपीआई (एम) में मुस्लिम समुदाय के प्रभाव के कारण दरकिनार नहीं किया गया। मुस्लिम लीग और समुदाय के नेताओं की नाराजगी ने जी सुधाकरन के राजनीतिक करियर को भी खत्म कर दिया, जो सीपीआई (एम) के एक मंत्री थे, जिन्हें अलप्पुझा के जिला-स्तरीय नेता (सभी मुस्लिम समुदाय से संबंधित) नापसंद करते थे, जहां से वे आते हैं। पीसी जॉर्ज, सात बार के विधायक जिन्होंने विधानसभा चुनावों में एलडीएफ और यूडीएफ दोनों को हराया था, उन्हें लव जिहाद और इस ऑपरेशन में विभिन्न इस्लामी संगठनों की भूमिका की आलोचना करने के लिए अपने गृह क्षेत्र पूंजर में धूल चाटनी पड़ी। चार दशकों से अधिक समय तक, जॉर्ज मुस्लिम समुदाय के लिए स्वीकार्य एक धर्मनिरपेक्ष नेता थे।

लेकिन जब उन्होंने लव जिहाद के पीड़ितों की दुर्दशा की ओर इशारा किया, तो जॉर्ज मानवता के दुश्मन बन गए और पूरे मुस्लिम समुदाय ने 2021 के विधानसभा चुनाव में उनके खिलाफ मतदान किया। यह केरल की धर्मनिरपेक्षता का ब्रांड है। इस्लामिक संगठनों पर सवाल उठाने की हिम्मत करने वालों के लिए चेतावनी का आदर्श शब्द होगा।

## आप की बात

### प्रवासियों का योगदान

**हाल ही में जारी** यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रवासियों द्वारा वर्ष 2022 में देश में भेजा गया धन या रेमिटेंस दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह भारतीय प्रवासियों की परिश्रम, दक्षता और मातृभूमि के प्रति स्नेह को दर्शाती है। उनके द्वारा भेजी 111 अरब डॉलर की राशि ने देश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गर्व की बात है कि भारत विश्व का पहला देश बन गया है जहां प्रवासियों द्वारा एक साल में 100 अरब डॉलर से अधिक रकम भेजी गई है। यह रकम प्रत्यक्ष कुल विदेशी निवेश-एफडीआई से भी ज्यादा है। लेकिन प्रवासी भारतीयों को विदेश में अनेक समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। उन्हें कई बार दुर्व्यवहार और नस्ली घृणा का शिकार होना पड़ता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए चलाए अभियान ने साबित किया कि भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। प्रवासी भारतीयों को देश में सम्माननीय स्थान देने के लिए विदेश से मताधिकार तथा दुहरी नागरिकता जैसी व्यवस्थाओं पर भी विचार होना चाहिए। इससे प्रवासी भारतीयों का देश से जुड़ाव और बढ़ेगा तथा वे नीति निर्धारण में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकेंगे। नई सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।

**अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### विस्तारवादी चीन

**पाक अधिकृत कश्मीर**- पीओके में चीन कुछ समय से ज्यादा ही दिलचस्पी दिखा रहा है। चीनी राष्ट्राध्यक्षों की मंशा शुरू से ही यथासंभव दुनिया के अन्य देशों की अधिकतम भूमि हड़पने की रही है। इसके चलते अपनी सीमा से सटे हुए लगभग सभी देशों के साथ उसका भूमि विवाद चल रहा है। भारत के साथ भी भी कई वर्षों से वह यह विवाद कर रहा है और अरुणाचल तक पर अपना अधिपत्य जता रहा है। ऐसे ही पाकिस्तान जैसे मूर्ख देश ने जब चीन को पीओके का एक भूभाग प्लेट में रखकर सौप दिया तो वह इसका अधिकतम उपयोग अपने लाभके लिए करने लगा है। इसका सबसे ज्यादा तनाव भारत को झेलना पड़ रहा है। अन्य छोटे देशों को भी वह कर्ज के जाल में फंसा कर धीरे-धीरे उन पर आधिपत्य जमाने ने में लगा हुआ है। छोटे देशों के कुछ नेता चीन से भारी नजराने प्राप्त कर उसकी गोद में जा बैठते हैं। मालदीव इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण है। ऐसे में भारत को अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय राजनय को अपने पक्ष में करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना होगा। भारत सरकार को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए अपना कद और बड़ा करना होगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### एनटीए की परीक्षा

**नेशनल टेस्टिंग एजेंसी**-एनटीए द्वारा ली जाने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा का यह तीसरा साल है। उम्मीद थी कि पिछली गड़बड़ियों का निराकरण करते हुए इस साल सब कुछ ठीक हो जाएगा लेकिन इस साल भी छात्रों को कई तरह की दिक्कतें उठानी पड़ी। पहले 12वीं के मार्क्स पर कॉलेज में एडमिशन हो जाता था। लेकिन अब उसके स्थान पर संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा शुरू की गई है। इससे देश के लाखों छात्रों को काफी फीस अलग से देनी पड़ती है। इसके साथ ही परीक्षाओं में भयानक अव्यवस्था व्याप्त है। इस बार भी परीक्षा केंद चुनिंदा बड़े शहरों में और कहीं-कहीं शहरों से 30-40 किमी. दूर रखे गए। अनेक परीक्षा केन्द्रों में भारी अव्यवस्थाओं के चलते छात्रों को काफी तकलीफ उठानी पड़ी। कुछ केन्द्रों पर तो बिजली सप्लाई की भी समुचित व्यवस्था नहीं थी। इसके साथ ही छात्रों को इन शहरों में होटलों में रहने व भोजन आदि पर भी बहुत खर्च करना पड़ा। ऐसे में बेहतर होगा कि जहां 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं ली जाती है उन्ही केंद्रो पर एनटीए की परीक्षाएं आयोजित की जांए ताकि छात्रों का समय व धन बच सके और वह शांत मन से अपने घर पर परीक्षा की तैयारी कर सकें। उम्मीद है कि अधिकारी इस पर गौर करेंगे।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### राजनेताओं की परीक्षा

**चुनाव** में कोई अपने खानदान की याद दिला रहा है तो कोई अपने पूर्वजों की तथाकथित कुरबानी, कोई कमर दर्द से परेशान होने के बाद भी लोकतंत्र बचाने में जुटा है तो कोई दोबारा जेल न जाने के लिए वोट मांग रहा है। जनता सोचती है कि कहीं संविधान और लोकतंत्र पर खतरे का भय दिखा कर विपक्ष देश को जातिगत रूप से तोड़ने में कामयाब तो नहीं हो जाएगा। इसके जवाब में किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, खाद्य सुरक्षा, धारा 370 का उन्मूलन, अभिनन्दन की वापसी, बालाकोट हवाई हमला, राम मंदिर, रैपिड रेल, काशी कोरिडोर, अटल टनल, उज्जवला योजना, तेज गति से होता राजमार्गो का निर्माण, फ्रेट कोरिडोर और अन्य योजनाओं पर नज़र डालें तो पिछले 10 वर्षों का कार्यकाल संतोषजनक दिखाई पड़ता है। मतदाताओं में नाराजी व सहमति अनेकों मुद्दों पर हो सकती है। संभव है कि कुछ जगह वर्तमान सरकार चूक गई हो पर अंतत: भारतीय जनता अपने विवेक से व्यापक तस्वीर तथा देश के भविष्य को देख कर फैसला देगी। देखना होगा कि राजनेता चुनाव की परीक्षा में कैसा प्रदर्शन करते हैं।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# सनातन विरोधियों को सीएम योगी ने दी चेतावनी

- भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद के पक्ष में सभा को किया संबोधित

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**मंगलवार** को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेंहदावल के प्रेमलता महिला महाविद्यालय में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण कुमार निषाद के पक्ष एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में कांग्रेस-सपा के विरोध में और भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जो आतंकवादियों पर से मुकदमें हटाते है, राम का विरोध करते है, रामभक्तों पर गोली चलवाते हैं उन्हें वोट देकर पाप का भागी कोई नहीं बनेगा।

उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान से है इतना प्यार चले जाओ वहां, कटोरा लेकर भीख मांगेंगे। माफिआओं के मरने पर मातम मनाने वालों की इस बार जनता जमानत जब्त करेंगी। देश के अंदर जो रुझान है उससे स्पष्ट है कि फिर एक बार मोदी सरकार। लोगों के मन में मोदी सरकार को फिर लाने की उत्सुकता है। यह यूं ही नहीं है। पिछले दस सालों में मोदी ने जो देश के लिए कार्य किया, उससे देश का हर नागरिक चाहता है कि मोदी एक बार फिर पीएम बनें। मंगलवार को मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र के प्रेमलता महिला महाविद्यालय में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी प्रवीण कुमार निषाद के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को सम्मान दिलाने का हो या देश के अंदर नक्सलवाद को समाप्त करने का, हर क्षेत्र में अदभुत कार्य हुआ है।

2014 से पहले और अब की तुलना करें तो सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा। पहले गरीब को सर ढकने के लिए छत नहीं होती थी। आज पीएम मोदी ने सबको घर दिया है। पहले पानी तक नहीं मिल पाता था। आज 80 करोड़ लोगों को राशन, 60 करोड़ को आयुष्मान भारत की सुविधा मिल रही है। इनके अलावा यदि किसी को इलाज कराने की जरूरत होती है तो कोई विधायक सांसद हमें पत्र भेजते है तो हम तुरंत जरूरतमंदों के खाते में पैसे भेज देते है।

उन्होंने कहा कि पहले किसान आत्महत्या करता था। आज उन्हें सुविधाएं मिल रही है। किसान सम्मान निधि मिल रही है। यूपी में भाजपा सरकार ने साढ़े छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी। पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 लाख युवाओं को नौकरी दी गयी। यही अंतर है हमारी और उनकी सरकारों में। सपा की सरकार में युवाओं के हाथों में तमंचे पकड़ाए जाते थे, आज टैबलेट दिए जा रहे है। चार करोड़ मकान बने है। अगर किसी गरीब का मकान नहीं बन पाया, उसका अगले पांच साल में पीएम मोदी घर बनवाएंगे। योगी ने कहा कि आज सुरक्षा, सम्मान, विकास और गरीब कल्याण भी है।

आतंकवाद का सामना कैसे होता है और उसका खात्मा कैसे होता है, जम्मू कश्मीर में मोदी सरकार ने दिखा दिया है। कश्मीर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान हुए थे। आज वह कश्मीर पूरी तरह से हमारा हो गया है। पाकिस्तान पटाखा फूटने पर सफाई देता है। पाक कहता है कि साहब मेरा हाथ नहीं है। उसे मालूम है कि यह नया भारत है। यह छेड़ता नहीं है। अगर कोई छेड़ता है तो छोड़ता नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा का आतंकियों के साथ रिश्ते है। हमारे यहां बम विस्फोट करने वाले आतंकियों पर से सपाई मुकदमें हटाने का काम कर रहे थे। कांग्रेस और सपा का राम का विरोध करने का भी इतिहास है। कोई कहता था कि राम हैं ही नहीं तो कोई कहता था कि अयोध्या में परिंदा पर भी नहीं मार सकता है।

# इंडिया गठबंधन संयुक्त बैठक में कांग्रेस के टीम लीडरों को दी गई जिम्मेदारी

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**कांग्रेस** पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय एवं राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने मंगलवार को खलीलाबाद शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सरैया बाईपास स्थित एक होटल में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ तथा इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं की संयुक्त बैठक हुई। प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय एवं राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल के आगमन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने जोरदार स्वागत किया।

बैठक में भारी संख्या में कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन, समाजवादी पार्टी एवं आप पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय एवं राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कांग्रेस के टीम लीडरो को जिम्मेदारी देते हुए मतदान के दिन हर कार्यकर्ता को बूथ पर डटे रहने के लिए कहा। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के जनविरोधियों नीतियों को जन-जन तक पहुचाने का कार्य करें। बैठक को सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने सम्बोधित किया।

बैठक में युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष केशव यादव, प्रदेश महासचिव अमरेन्द्र पाल, प्रदेश सचिव नादिर सलाम, सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम, मो0 नजीर, सुनील पाण्डेय, ग्राम प्रधान कटबन्ध शांति देवी, मो0 परवेज अख्तर, मो0 नजीर देवी, विजय शुक्ला, चंद्रमणि त्रिपाठी, अयाजुल हक, रामलौट यादव, अहमद जमाल, अरुण पांडेय, अजय सिंह, सतीश साहनी, परवेज अख्तर, राजू गोंड, आलोक यादव, पिंटू सिंह, विजय विश्वकर्मा, मोइन अंसारी, बिट्टू सिंह, अब्दुल्ला तारिक भाई, फैजान खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज होगा श्रावस्ती आगमन

- विशाल चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित
- प्रशासन द्वारा किये गए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

**श्रावस्ती, कटरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए श्रावस्ती पहुचेंगे जहां वह लोकसभा श्रावस्ती से बीजेपी प्रत्याशी साकेत मिश्रा के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद से वह पहली बार श्रावस्ती पहुंच रहे हैं। आगामी 25 मई को लोकसभा श्रावस्ती में मतदान होना है जिसको लेकर उनका यह चुनावी दौरा बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 11 मई को इसी कार्यक्रम स्थल के पास बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी पार्टी के प्रत्याशी हाजी दद्दन खां के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित किया था।

श्रावस्ती लोकसभा जनपद श्रावस्ती की दो विधानसभा श्रावस्ती व भिनगा एवम जनपद बलरामपुर की तीन विधानसभा पचपेड़वा गैसड़ी व तुलसीपुर को मिलाकर बना है इसी के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का चयन जनपद बलरामपुर व श्रावस्ती सीमा के नजदीक किया गया है। इस जनसभा में भारी भीड़ के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है जिसको देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं।

इस जनसभा को सफल बनाने के लिए बीजेपी प्रत्याशी साकेत मिश्रा, पार्टी पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता दिनरात तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है भीषण गर्मी के दौरान जनसभा में आए लोगो के बैठने के लिए विशाल पंडाल बनाए गए है लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था की जा रही हैं।

# स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

- राजीव जी के बलिदान का ऋणी है देश: के एल शर्मा

**संवाददाता।** अमेठी



**भारत** रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी जी की 33वीं पुण्यतिथि पर केंद्रीय जन सम्पर्क कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज पर श्रद्धांजलि अर्पित कर अमेठी संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने अपने शहीद महापुरुष आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी जी के अमेठी व भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर ही नही वरन अन्य राष्ट्रों का भी मार्गदर्शन पर चर्चा हुई और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बताया 21 मई 1991 को काल के क्रूर हाथों ने राजीव गांधीजी को हम से छीन लिया था। नियति ने उन्हें बहुत कम समय दिया, लेकिन एक जननेता और प्रधानमंत्री के रूप में देश को विकासपथ पर ले जाकर राष्ट्रीय क्षितिज में उन्होंने भारत के साथ साथ अपनी अमेठी को पहचान व ऊंचाई दिलाई, वह इतिहास के पन्नों में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है। उन्होंने भारत को आधुनिक, खुशहाल और एक मजबूत राष्ट्र बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल ने बताया बताया कि राजीव गांधी जी देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने के अधूरे संकल्प को राहुल गांधी जी, प्रियंका गांधी व हम सब के नेता किशोरी लाल शर्मा अब पूरा करने के लिए हम सब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश और अपनी अमेठी के साथ खड़े हैं। 18 वर्ष का मताधिकार,पंचायती राज,संचार क्रांति के जनक राष्ट्र के गौरव राजीव गांधी जी ने अमेठी से ही विज्ञान गांव की ओर,टेक्नोलॉजी भारत ग्रामीण जीवन का एक अंग बने। आज मजबूत भारत बनाने में हम सबके व राष्ट्र के गौरव राजीव गांधी जी के कार्यों को भुलाया नही जा सकता।

अंत मे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित कांग्रेस जनों के प्रति आभार व्यक्त करने के उपरांत कांग्रेस कार्यालय के बाहर शरबत वितरण कर कड़कड़ाती धूप में आम लोगो व राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्रा, पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी,पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, विधानसभा प्रभारी/जिला कॉन्ग्रेस कमेटी,ब्लॉक अध्यक्ष गण, सेवादल,युवक कांग्रेस व अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

गौरीगंज में संपन्न हुए कार्यक्रम के बाद अमेठी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा अमेठी कस्बे के सगरा तिराहे पहुंचकर राजीव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसकी जानकारी अनिल सिंह प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी ने दी है।

## क्विक न्यूज

### प्रेम प्रसंग में एक युवक की पीट पीटकर हत्या

**रायबरेली।** जफरापुर में प्रेम प्रसंग के चलते बेरहमी से युवक की लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस ने प्राप्त नामजद तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू करदी हैं।और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।भदोखर थाना प्रभारी शिवाकांत पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के जफरापुर पोस्ट खागीपुर सांडवा के रहने वाले युवक प्रदीप कुमार का कुछ लोगों प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद चल रहा था।जिसके चलते सोमवार की रात को युवती के परिजनों ने प्रदीप कुमार से उसे वक्त मारपीट की जब वह बाजार से घर वापस जा रहा था। दबंगो द्वारा लाठी डंडे से की गई पिटाई से प्रदीप की मौत हो गई है। मंगलवार को मृतक के पिता पुत्तीलाल की नामजमद तहरीर पर उपरोक्त गांव के ही रहने वाले अर्जुन पासी, धर्मराज, राजकुमार, हरकिशन दयाशंकर, नागेंद्र, व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विवेचना के आधार पर कार्यवाही की जाएगी वहीं घटना को अंजाम देने वाले पुलिस टीम में लगाकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### मतदान उपरांत मूल्यांकन प्रक्रिया संपन्न



**अयोध्या।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत पंचम चरण में 54-फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदान समाप्त होने के बाद आज राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या में माननीय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार की उपस्थिति में सामान्य प्रेक्षक ने स्क्रूटनी करते हुए चुनाव संबंधी दस्तावेजों और अन्य प्रपत्रों की जांच माननीय आयोग के मानकों के अनुरूप की। इस दौरान यादच्छिक रूप से प्रपत्र देखते हुए राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों के सामने पूरी प्रक्रिया की गयी ताकि निर्वाचन की शेष प्रक्रियाओं में भी पारदर्शिता सुनिश्चित रहे। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नितीश कुमार ने कहा कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई गई है।

# मतदान के उपरांत प्रेक्षक व प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुई मूल्यांकन की प्रक्रिया

**संवाददाता।** अमेठी



**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान समाप्ति के उपरांत आज जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सामान्य प्रेक्षक डॉ एन0 युवराज, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्क्रूटनी की प्रक्रिया संपन्न हुई। स्क्रुटनी के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मतदान के पश्चात की जाने वाली स्क्रूटनी में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित समस्त प्रारुपों पर बिंदुवार संवीक्षा की गई, स्क्रुटनी के उपरांत मतदान का सही आंकड़ा प्राप्त हुआ जिसके अनुसार 37 अमेठी लोकसभा क्षेत्र में कुल 1796098 मतदाताओं में से 976053 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो की 54.34 प्रतिशत रहा। जिसमें विधानसभा 178 तिलोई में 97713 पुरुष, 98705 महिला तथा कुल 196418 मतदाताओं ने वोट डाले, विधानसभा 181 सलोन में 95652 पुरुष, 102593 महिला तथा कुल 198285 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, 184 जगदीशपुर विधानसभा में 101113 पुरुष, 102914 महिला तथा 204027 मतदाताओं ने वोट डाले, विधानसभा 185 गौरीगंज में 98047 पुरुष, 98362 महिला, एक थर्ड जेंडर तथा कुल 196410 मतदाताओं ने वोट डालें, विधानसभा 186 अमेठी में 90623 पुरुष, 90287 महिला, तीन थर्ड जेंडर तथा कुल 180913 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार 37 अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 483188 पुरुष, 492861 महिला, चार थर्ड जेंडर तथा कुल 976053 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने लगाई फांसी

**बछरावां, रायबरेली।** मामला बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेहगो पश्चिम गांव का है ,जहां पर शादीशुदा युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है । जानकारी के मुताबिक मृतका शिवलली पुत्री महादेव उम्र लगभग 23 वर्ष का विवाह 5 वर्ष पूर्व ग्राम गौरा थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ के निवासी संदीप के साथ हुआ थास लेकिन विवाह के 3 साल बाद ही मृतका अपने ससुराल वालों को छोड़कर अपने माता-पिता के साथ रहने लगी थी। सूत्रों की माने तो मृतका शिवलली अपने घर पर अकेली थी और उसके माता-पिता खेत पर गए थे, जिस दौरान मृतका ने फांसी लगा ली। मामले की जानकारी मिलने पर थाना बछरावां की पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बाबत कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराने से बाइक सवारों की मौत

**बाजार शुकुल, अमेठी।** क्षेत्र से होकर गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक बार फिर दर्दनाक हादसा सामने आया जहां तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक डिवाइडर से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना तेज था कि घटना के बाद बाइक घटनास्थल से दो सौ मीटर दूर जाकर रुकी।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनों से संपर्क करने के प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है दोनों युवक गाजीपुर से लखनऊ जा रहे थे और दोनों एक बाइक पर सवार थे।

दअरसल ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे स्थित किलोमीटर संख्या 56 के पास का है जहाँ मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे गाजीपुर से लखनऊ जा रहे बाइक की तेज रफ्तार बाइक से टकरा गई।हादसा इतना भीषण था हेलमेट लगाने के बावजूद दोनों की मौके पर मौत हो गई और बाइक घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर जाकर रुकी। घटना के बाद राहगीरों व ने तुरंत यूपीडा व पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही बाजार शुकुल थानाध्यक्ष तनुज पाल मौके पर पहुँचे और दोनो शवो को लेकर अस्साल पहुंचे जहां से दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एक युवक की पहचान देवजीत घोष पुत्र तपन कुमार घोष निवासी दक्षिण सुदर्शनगंज लाल गोला मुर्शिदाबाद बेस्ट बेंगाल है जबकि दूसरे युवक की पहचान नही हो पाई है। फिलहाल पुलिस मृतकों के परिजनो से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

बताया जा रहा है कि दोनों गाजीपुर से लखनऊ जा रहे थे और दोनों एक बाइक पर सवार थे वही पूरे मामले पर बाजार शुकुल एसओ तनुज पाल ने कहा कि दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# प्रशान्त के नेतृत्व में आदि कैलाश यात्रा रवाना



**अयोध्या।** साहसिक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की स्थानीय साकेत इकाई ने अयोध्या से आदि कैलाश एवं ओम पर्वत की यात्रा का आयोजन किया। संयोजक पंचकैलाशी प्रशांत केसरवानी के नेतृत्व में यात्रा के 19 प्रतिभागियों के दल को प्रादेशिक उपाध्यक्ष अनूप मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए इकाई सचिव विवेकानंद पांडेय ने बताया कि यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन द्वारा पूरे देश में समय समय पर ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन होता रहता है। विशेषकर बच्चों एवं महिलाओं के लिए यह ट्रैकिंग बहुत ही सुरक्षित है। साकेत इकाई द्वारा चार महिलाओं एवं पन्द्रह पुरुषों का दल आज रवाना किया गया। जिन्हे आशीष महेंद्रा ,विवेक जैन, अनुरोध श्रीवास्तव द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया।आदि कैलाश जिसे शिव कैलाश ,छोटा कैलाश ,बाबा कैलाश या जोंगलिंगकोंग पीक के नाम से भी जाना जाता है, भारत के उत्तराखंड के पिथौरागढ जिले में हिमालय पर्वत श्रृंखला में स्थित एक पर्वत है।काठगोदाम (अंतिम रेल स्टेशन) या पंतनगर हवाई अड्डे से यात्रा अल्मोडा, पिथौरागढ़, धारचूला से होकर गुजरती है गुंजी तक जहां से सड़क एक कांटे का आकार लेती है, एक आदि कैलाश की ओर जाती है और दूसरी ओम पर्वत की ओर जाती है।

# युवक से दिनदहाड़े की गई लूट की नामजद तहरीर पर भी पुलिस ने नहीं लिखा मुकदमा

- युवक को मारपीट कर छीने 50 हजार रुपये
- पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार
- मेडिकल कराने की जरूरत भी न समझी पुलिस ने

**संवाददाता।** रायबरेली

**दबंगों** के हौसले बुलंद हैं। दिनदहाड़े युवक से 50 हज़ार की लूट हुई। युवक के विरोध करने पर जमकर मारा पीटा गया। युवक के द्वारा थाने पर नाम जद तहरीर देने के बाद भी मिल एरिया पुलिस ने युवक का मेडिकल भी नहीं कराया और ना ही रिपोर्ट दर्ज की।

गांव के दर्जनों लोग पहुंचे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार चुनाव आचार संहिता में थाने पर बैठे थाना इंचार्ज मनचाहा काम करने पर हो गए हैं उतारू पीड़ित दर-दर भटकने को मजबूर पूरी घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के शारदा नहर की बताई जा रही है जहां पर पहले से ही घात लगाए बैठे अनिल सिंह धीरू सिंह तीन चार अज्ञात लोगों ने युवाक को जमकर मारा पीटा और 50 हज़ार जो वह अपनी बहन को देने जा रहा था उसको भी छीन लिया युवक के द्वारा विरोध करने पर एक युवक के चेहरे से रुमाल गिर गया जिससे युवक ने उनकी पहचान कर ली लेकिन थाने पर नाम जद तहरीर देने के बाद भी थाने पर तैनात इंचार्ज ने पीड़ित का मुकदमा दर्ज नहीं किया और ना ही पीड़ित का मेडिकल ही करना उचित समझा।

ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि थाने पर बैठे इंचार्ज कितने काम के प्रति लापरवाह हो चुके हैं पीड़ित परिवार के साथ गांव के दर्जन भर लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करते हुए न्याय की गुहार जरूर लगाई है अब देखना होगा कि पीड़ित को न्याय मिल पाता है या नहीं या तो आने वाला समय तय करेगा पीड़ित मोहम्मद नफीस निवासी चकपीरा शाह मनचित पुर थाना मिल एरिया का रहने वाला है।

मीडिया से बात करते हुए बताया कि बगल गांव के रहने वाले अनिल सिंह धीरू सिंह निवासी पुरे भादेरिया का पुरवा थाना महाराजगंज रायबरेली के रहने वाले हैं जिन्होंने पहले मुझे मारा पीटा और मेरा 50 हज़ार रुपये भी लेकर भाग गए जो मैं अपनी बहन को देने जा रहा था मारपीट के दौरान एक युवक के चेहरे से रुमाल गिर जाने पर मैंने उनकी पहचान कर ली उसके बाद भी थाने पर तहरीर देने के बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है

# मोबाइल चलाते हुए छत से गिरकर युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**रायबरेली।** सत्यनगर में एक युवक छत से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया था जिसको चोटें आई थी। जिसको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार को जिला अस्पताल के डॉक्टर एसके सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल में घायल अवस्था में एक व्यक्ति को इलाज के लिए सोमवार की रात को लाया गया था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है सबको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना शहर कोतवाली थाना अंतर्गत सत्य नगर स्थित काली मंदिर के पास की है।मृतक के परिजनों के मुताबिक यहां किराए पर कमरा लेकर रह रहे गोरेलाल पुत्र राम लखन छत पर चढ़कर मोबाइल चला रहा था तभी वह अनियंत्रित होकर छत से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया नीचे गिरने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया परिजनों ने एंबुलेंस के माध्यम से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया यहां भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा था तभी मंगलवार को गोरेलाल की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में जब कोतवाली पुलिस से जानकारी ली गई तो पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना का मुख्य कारण पता चल पाएगा।

### अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार युवती गिरी, गंभीर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अपने घर से बछरावा आ रही एक स्कूटी सवार युवती अनियंत्रित होकर हाईवे पर गिरी, गंभीर रूप से हुई घायलस जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की सविता पुत्री रामफेर उम्र तकरीबन 30 वर्ष निवासी गुमान खेड़ा मजरे कुंदनगंज थाना बछरावां अपनी स्कूटी से मंगलवार सुबह 10:00 बजे के आसपास बछरावां आ रही थी, तभी रास्ते में उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई, जिससे वह हाईवे पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गईस घायल अवस्था में सूचना पर पहुंचे परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा लाया गया।

# मलेरिया परजीवी विषय पर हुआ अवध विश्वविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

**संवाददाता।** अयोध्या



डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग में मंगलवार को मलेरिया परजीवी विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी एंड इम्यूनोलॉजी, ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी बाल्टीमोर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 अभय कुमार त्रिपाठी रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को मलेरिया इन्फेक्शन में कारगर दवा की विधि को बतलाते हुए कहा कि मलेरिया एक परजीवी से होने वाली बीमारी है। यह संक्रमित मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलता है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों में मलेरिया के लक्षण होते है उनमें आमतौर पर तेज बुखार और कंपकंपी वाली ठंड लगती है। जबकि यह बीमारी समशीतोष्ण जलवायु में असामान्य मानी गई है। डॉ0 अभय ने बताया कि इन जलवायु में हर साल लगभग 290 मिलियन लोग मलेरिया से संक्रमित होते हैं जिनमे 400,000 से अधिक लोग इस बीमारी से मर जाते हैं।

कार्यक्रम डॉ0 त्रिपाठी ने बताया कि मलेरिया संक्रमण को कम करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन कई ऐसे कार्यक्रम संचालित करता है। जिनमें लोगों को मच्छरों के काटने से बचाने के लिए निवारक दवाएँ और कीटनाशक व उपचारित मच्छरदानियाँ वितरित करते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक संख्या वाले देशों में रहने वाले बच्चों के लिए मलेरिया के टीके के इस्तेमाल की सिफारिश विश्व स्वास्थ्य संगठन ने की है। विद्यार्थियों को उन्होंने बताया कि मलेरिया लाल रक्त कोशिकाओं का संक्रमण है। इससे बुखार, ठंड लगना, पसीना, कभी-कभी दस्त, पेट दर्द, श्वसन संकट, भ्रम और सीजर्स होते हैं। अन्य मामले में देखा गया कि स्प्लीन का आकार बढ़ना, एनीमिया और कभी-कभी हृदय, मस्तिष्क, फेफड़े को नुकसान शामिल है। मलेरिया संक्रमण का चक्र तब शुरू होता है, जब एक मादा मच्छर मलेरिया वाले व्यक्ति को काटती है।

उन्होंने बताया कि मलेरिया परजीवी की पांच प्रजातियां लोगों को संक्रमित कर सकती हैं जिसमें प्लाज्मोडियम विवैक्स और प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम मलेरिया के सबसे आम प्रकार हैं। सबसे अधिक मौतें प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम के कारण होती हैं।

# ग्राउंड-जीरो की आ रही रिपोर्टों ने भाजपाइयों का बढ़ाया तापमान

**● बड़े पैमाने पर मतों के हुए ध्रुवीकरण, मतदाताओं की पाला बदली की खबरें ●भाजपा के परंपरागत मतों में भी सेंधमारी की हवा, एक पर एक टिका मुकाबला**

**●भाजपा के कार्यकर्ताओं में रहा जुनून तो बड़े नेताओं ने अंदर खाने किया बड़ा खेल**

**फतेहपुर।** गहमागहमी जद्दोजहद के बीच अंततः लोकसभा का मतदान यहां पूरा हो गया। भीषण गर्मी के बीच 57.09 फीसदी हुए मतदान को लेकर राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से मायने निकाल रहे हैं लेकिन जिस तरह से मतों के ध्रुवीकरण के अलावा मतदाताओं ने अपने नए-नए ठिकाने ढूंढ निकाले वह जरा चौंकाने वाले हैं। ग्राउंड जीरो की आई रिपोर्ट कुछ ऐसी है जो भाजपाइयों के चेहरे पर सिकन देने के लिए काफी है।' यहां चुनाव भाजपा प्रत्याशी एवं गठबंधन प्रत्याशी के बीच सीधे-सीधे तौर पर रहा।बसपा तो अपने मतों को बचाकर रखने की जुगत में ही लगी रही। सपा प्रत्याशी की घेरे बंदी को लेकर भाजपा के बड़े नेताओं का डेरा रहा और योगी-मोदी के जरिए भी कार्यकर्ताओं में जोश और जुनून पैदा करने की कोशिश रही लेकिन जिसकी उम्मीद थी वह करिश्मा और जादू मोदी भी यहां नहीं दिखा पाए। गठबंधन विकास एवं मुद्दों के साथ भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई रोजी-रोजगार को लेकर हमलावर रही और भाजपा नेताओं को निशाने पर रखा जबकि भाजपा कभी पाकिस्तान, कभी मुसलमान, कभी हिंदू, कभी सनातन को खतरा, कभी मंदिर, कभी मंगलसूत्र, कभी भैंस की बातें कर चुनावी फिजा को बनाने की कोशिश में लगी रही लेकिन नेताओं की जनसभाएं वो जोश और जुनून कार्यकर्ताओं में पैदा नहीं कर पाईं जो 2014, 2019 के लोकसभा चुनाव में धूम मचाने वालीं थीं।

5वें चरण में 49 फतेहपुर लोकसभा के लिए भीषण गर्मी के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। राजनीतिक दल व नेता मतदाताओं के बीच हसीन सपने दिखा वोट की अपील करते रहे लेकिन मतदान का दिन जब आया तो मतदाताओं ने किया वही जो उन्होंने ठान कर रखा था। मुकाबला सीधे-सीधे भाजपा व गठबंधन के प्रत्याशी के बीच आमने-सामने आकर खड़ा हो गया जो खबर आ रही है उसमें 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के खेवन हार रहे क्षत्रिय, ब्राह्मण, कुर्मी, लोधी, पाल मौर्या, वैश्य, पासी, खटिक सहित अन्य दलित मतदाताओं ने मतदान वाले दिन खूब उछल कूद मचाई। भाजपा के एक बड़े वोट बैंक ने गठबंधन का प्रत्याशी बिरादरी के होने के चलते पहले ही किनारा कर लिया था।

सपा के प्रत्याशी के साथ बिरादरी के लोगों ने न केवल भरोसा जताया बल्कि हर तरह से चुनाव लड़वाया। दलित के अलावा लोधी, मौर्य, क्षत्रिय सहित ब्राह्मण मतदाता भी कुछ हद तक सेंधमारी कर अपना मन बदलता नजर आया। वोटों की कांट-छांट, विभाजन, ध्रुवीकरण तथा पाला बदलने की खबरें अब मशीनों में पड़े वोटों तक सीमित नहीं रह गईं बल्कि ये आम हो गईं हैं। 'फिज़ाओं में मतों के ध्रुवीकरण की उड़ी यही हवाएं भाजपाइयों के टेंपरेचर को बढ़ाने का काम कर रही हैं। इतना ही नहीं भाजपा के बड़े व कद्दावर नेताओं ने जनसभाओं, कार्यक्रमों में मंच पर बैठकर फोटो खिंचवाने का काम तो किया लेकिन बूथों तक मतदाता पूरी शिद्दत और निष्ठा के साथ भाजपा के लिए मतदान करने को जाएं उसकी जहमत नहीं उठाई। बसपा तो अपने मतों को सहेज कर रखने तक में सीमित हो गई और हकीकत तो यह है कि विकास एवं मुद्दे के साथ बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, आरक्षण एवं नौकरी की बात लेकर आए गठबंधन ने दलित मतों में भी खूब सेंधमारी कर ली। ये खबरें जहां भाजपा को बेचौन कर रही हैं वहीं सपा को साइकिल से ही दिल्ली की राह आसानी से पा लेने की उम्मीद जगा रहीं हैं। परिणाम कुछ भी हो लेकिन जिस तरह से मतों में खूब खींचतान हुई है, वह भाजपा के लिए बड़े नुकसान के संकेत हैं और समाजवादी पार्टी ने मतों के विभाजन तथा मुस्लिम, यादव एवं कुर्मी मतदाताओं की एकजुटता के जरिए संसद की कुर्सी कब्जा करने की मंशा पाल ली है। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद तो भाजपा के सितारे सातवें आसमान पर थे। उन्हें यह यकीन था कि राम पूरे देश में उनकी नैया के खेवन हार बन जाएंगे लेकिन पहले चरण से ही चुनावी फिज़ा ने जो करवट बदली वह पांचवें चरण तक आते-आते और तेज हो गई।

# मतदान के बाद जीत हार को लेकर चौपालों का दौर शुरू

**● जीत को लेकर दलों के अपने अपने दावे**

**●4 जून को मतगणना के बाद तस्वीर होगी साफ**

**संवाददाता।** फतेहपुर

**लोकसभा** चुनाव की वोटिंग के बाद जनपद सीट की बाज़ी किसके हाथ लगेगी इसको लेकर सड़को के किनारे चाय पान की दुकानों व पब्लिक बैठकों में अटकलों का बाज़ार गर्म है। लोग भाजपा व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत हार को लेकर गुणा गणित लगाने में जुटे है। 20 मई को जनपद में पांचवे चरण में मतदान होने के बाद हालांकि अभी 6वां व सातवे चरण का मतदान शेष है। सभी चरणों के मतदान के बाद ही पूरे लोकसभा चुनाव की तस्वीर साफहो सकेगी।

लोकसभा चुनाव में जनपद से भारतीय जनता पार्टी ने जहां अपनी दो बार से मौजूदा सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरजंन ज्योति को तीसरी बार उम्मीदवार बनाया था वही जनपद की सीट गठबंधन से समाजवादी पार्टी के खाते में जाने से सपा ने निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को चुनाव मैदान में उतार है।

बसपा ने मनीष सचान मैदान में थे। लोकसभा चुनाव में सपा व भाजपा के बीच ही मुकाबला दिखाई दिया। वोटिंग के बाद से पार्टी समर्थको के अलावा आम लोगों द्वारा प्रत्याशियों की जीत हार को लेकर गुणा गठित लगाई जाने लगी है।

सुबह शाम चाय की दुकानों से लेकर पब्लिक प्लेस में चौपालों में चुनावी मुद्दा ही छाया रहता है। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जहां भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे बड़े नेताओं ने जनसभा की वहीं भाजपा की ओर से जनपद प्रभारी मंत्री एवं योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान को लगाया गया था। इसके अलावा जनपद के चार विधायकों पूर्व विधायकों के अलावा बाहरी जनपदों के नेताओं ने भी डेरा डाल था।

वहीं सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल के पक्ष में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शहर में सपा प्रत्याशी के लिए जनसभा की थी। जन चौपालों मे बड़े नेताओं की जनसभा के फैक्टर के बाद दोनों प्रमुख दलों के उम्मीदवारों को हुए फायदे एवं प्रत्याशियों के जीत हार के समर्थन में मज़बूत तर्क भी दिये जा रहे हैं। चुनावी चर्चा में अटकलों का बाज़ार बेहद गर्म है। अपनी अपनी जीत के मज़बूत दावों को लेकर कयासों या दौर जारी है।

# दहेज हत्या में पति को दस वर्ष का कठोर कारावास, छह हजार जुर्माना

**हमीरपुर।** दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के मामले में मंगलवार को विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार शासन ने पति को दहेज हत्या का दोषी मानते हुए दस वर्ष के कठोर कारावास सुनाया है। सहा. शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी ने बताया कि 22 सितंबर 2019 को वादी कुसुम ने जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उसने अपनी पुत्री रीना की शादी सरीला निवासी सुरेश कुमार पुत्र काशी प्रसाद के साथ 7 जुलाई 2016 में की थी। शादी के बाद पति सुरेश, ससुर काशी प्रसाद, सास रामदेवी, जेठ धर्मेंद्र, अशोक व जेठानी ममता, सरस्वती दहेज में एक लाख की मांग करते हुए पुत्री की उत्पीड़न करने लगे। बीती 17 सितंबर 2019 को शाम 6 बजे उसका पुत्र आकाश अपनी बहन रीना से फोन पर बात कर रहा था। तभी रीना के चोखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई देने लगी इसके बाद फोन कट गया। कई घंटे बाद दामाद सुरेश का फोन आया जिसने बताया कि रीना बीमार है हमीरपुर अस्पताल में भर्ती है। कुसुम, अरुण, आकाश व पप्पू के साथ सदर अस्पताल पहुंची तो नीना का शव स्ट्रेचर पर रखा था। जांच के बाद पति सुरेश, ससुर काशी प्रसाद व सास राम देवी के खिलाफआरोप पत्र प्रस्तुत किया। मुकदमें को सुनवाई करते हुए पति को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुए दस वर्ष का कठोर कारावास व छह हजार अर्थदंड लगाया है।

## स्वच्छता रैली निकाली गई

**पलियाकलां.खीरी।** मंगलवार को पलिया मे दून इंटर नेशनल स्कूल पलिया के बच्चों व शिक्षकों व पलिया पुलिस चैकी प्रभारी उदयवीर यादवए उपनिरीक्षक कोतवाली संजीव कुमार सहित पुलिस व सटाफने पूरे कस्बे मे स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु उससे सबंधित पम्पलेट आदि सामग्री दुकानदारों सहित लोगों को बांटते हुए जागरूक किया।

# कूट रचित फर्जी बैनामा कराने के मामले में तीन गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने आज आदर्श थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र में एक कृषि भूमि के बाहर रह रहे भूमि स्वामी का कूट रचित फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनाकर बैनामा द्वारा जमीन हड़पने वाले एक गिरोह के तीन आरोपियों को आज मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की। यह जानकारी मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता में देते हुए बताया कि फर्रुखाबाद शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमेठी जदीद का निवासी रामपाल भास्कर पुत्र शंकर लाल भास्कर कई वर्षों से बाहर रह रहा था और उसकी कृषि भूमि ग्राम खानपुर परगना पहाड़ा तहसील फर्रुखाबाद की गाटा संख्या 31/रकवा 0,0600 हेक्टयर है। इस जमीन का बैनामा कूट रचित फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनवाकर उसके ही नाम से मिलते-जुलते व्यक्ति रामपाल भास्कर पुत्र श्री कृष्ण निवासी चांदपुर कोतवाली



फर्रुखाबाद को करीब 25 000 रुपए का लालच देकर असली भू स्वामी बनाकर, खड़ा किया गया।

इस जमीन हड़पने के मामले में जियाउ रर्हमान उर्फ मुफीद पुत्र मुजीवु रर्हमान निवासी ग्राम अमेठी ब सियाराम पाल पुत्र सोनपाल व रामऔतार पुत्र जीवा लाल निवासी खानपुर व जाहिद खा पुत्र खालिद खा निवासी हाता शरीफ खा भीकमपुरा थाना मऊ दरवाजा द्वारा आपस में षड्यंत्र तैयार करके 15/10/2016 को सुमन धर्म पत्नी रामऔतार निवासी ग्राम खानपुर कोतवाली फर्रुखाबाद के पक्ष में बैनामा करा करके इसी दिन श्रीमती सुमन उपरोक्त से जियाउ रर्हमान उर्फमुफीद व सियाराम पाल के पक्ष में एक विक्रय अनुबंध पत्र किया गया। जब असली भू स्वामी रामपाल भास्कर पुत्र शंकर लाल भास्कर निवासी ग्राम अमेठी जदीद कोतवाली फर्रुखाबाद को जानकारी हुई कि उसकी अपनी जमीन को फर्जी कूटरचित पहचान पत्र के जरिए उसी के मिलते-जुलते नाम वाले व्यक्ति को खड़ा करके उपरोक्त गिरोह अभियुक्तओ द्वारा फर्जी बैनामा कराकर हड़प दिया गया तो इसकी शिकायत उसने आदर्श थाना मऊ दरवाजा में 17 अप्रैल 2017 को की।

# गंगा स्नान करते समय पैर फिसलने से एक किशोर की डूबकर मौत

**फर्रुखाबाद।** कादरी गेट थाना क्षेत्र के पांचाल घाट पर आज गंगा स्नान करते समय एक किशोर की डूव कर मौत हो गई। थाना मोहम्मदाबाद कस्बे के मोहल्ला इंदिरा नगर का निवासी प्रशांत राठोर उम्र करीब 17 वर्ष अपने सगे भाई विवेक राठौर एक अन्य युवक सचिन के साथ गंगा स्नान करने के लिए आज मंगलवार प्रातः करीब 8. 30 बजे कादरी गेट थाना क्षेत्र स्थित पांचाल घाट गंगा में स्नान करने के लिए आया। इसके बाद प्रशांत राठोर गंगा में स्नान करने के लिए जैसे ही घुसा वैसे ही उसका अचानक पैर फिसल गया और वह गहरे जल में डूब गया। इस दौरान मची चीख पुकार पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से डूबे हुए इस किशोर युवक को अचेत अवस्था में जल से बाहर निकलवाया और उसे उपचार के लिए फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया । जहां सरकारी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# क्विक न्यूज

## संदिग्ध परिस्थितियों में रिक्शा चालक की मौत

**खागा/फतेहपुर।** खागा नगर पंचायत के अम्बेडकर पार्क के समीप स्थित मुहल्लावासी निवासी सुनील कुमार लगभग 35 वर्ष पुत्र ऊदल की संदिग्ध परिस्थितियों में रिक्शा चालक की मौत हो गयी। उक्त व्यक्ति रिक्शा चलाकर अपना गुजर बसर कर कमरे में काफी समय से रहता था और कुछ दिन पूर्व मृतक की पत्नी किसी अन्य व्यक्ति के साथ कही चले जाने के कारण बहुत खोजबीन किया लेकिन कोई पता न चल सकने के वजह से पत्नी के वियोग में धीरे-धीरे नशे का लती हो गया था। कल 20 मई की रात्रि रोज की भांति रिक्शा चलाकर घर आया था और सुबह मुहल्लावासियों ने मृत शव देखकर हैरान हो गये। तभी पुलिस को सूचित कर दिया था। वही मुहल्लावासियों ने बताया कि रात्रि के समय जब रिक्शा लेकर कमरे आया हुआ था तो दो लोग और भी रिक्शा में बैठे हुए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## सड़क हादसों में ई-रिक्शा चालक समेत दो घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरैला गांव निवासी राम प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र शिव पूजन ई-रिक्शा चालक है। आज सुबह वह भाड़ा लेकर मदरियापुर जा रहा था जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से दब गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जाफरगंज थाना क्षेत्र के बिंदौर गांव निवासी इंद्रपाल का 26 वर्षीय पुत्र अखिलेश बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था जैसे ही वह तपस्वी नगर के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार आ रही चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर समाजसेवी अशोक तपस्वी ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने शिव पूजन की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

## ड्यूटी के दौरान सफाई कर्मी की बिगड़ी हालत, मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली के बच्चा का पुरवा मजरे कटोघन गांव निवासी बेटू प्रसाद का 35 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र कुमार की लोकसभा चुनाव में उनकी ड्यूटी विधानसभा 239 हजरतपुर बिंदकी में ड्यूटी लगी थी। इसी दौरान अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। जिस पर पीठासीन अधिकारी ने इसकी सूचना सेक्टर मजिस्ट्रेट को देते हुए सफाई कर्मी को सीएचसी ले गए जहां इलाज के दौरान हालत न ठीक होने पर उसे इलाहाबाद के लिए रेफर कर दिया। जिसको इलाहाबाद ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक की पत्नी रेखा ने बताया कि पति सफाई कर्मी थे और उकाथू ब्लाक धाता में तैनात थे। जो चुनाव ड्यूटी में बिंदकी विधानसभा के हजरतपुर के कक्ष संख्या 03 में ड्यूटी लगी थी।

## एंबुलेंस व ट्रैक्टर की भिड़ंत में दो चालक जख्मी

**फतेहपुर।** दिल्ली के गाजीपुर निवासी सुभाषचंद्र का 28 वर्षीय पुत्र विकास अपने साथी राम सिंह पुत्र रवीश चंद्र 35 के साथ दिल्ली से प्राइवेट एंबुलेंस में शव लेकर मिर्जापुर जनपद छोड़ने गए थे। बताते हैं कि वापस लौटते समय मंगलवार की सुबह जैसे ही ये लोग अल्लीपुर एनएच-2 में पहुंचे तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर से एंबुलेंस टकरा गई जिससे दोनों घायल हो गए। मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## प्रधानाध्यापक की उपचार दौरान मौत

**फतेहपुर।** प्रयागराज जनपद के औद्योगिक नगर थाने के गांव पुरवा खास निवासी स्व. हरिश्चंद्र का पुत्र विष्णुचंद्र खागा कोतवाली के सुजानपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे। बीमारी के कारण उन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## नदी में डूबकर मासूम की मौत

**हमीरपुर।** कोतवाली हमीरपुर के केशरिया डेरा गांव निवासी एक मासूम की मंगलवार को बेतवा नदी में डूब जाने से मृत्यु हो गयी। पुलिस के अनुसार गांव का अभिषेक (7) पुत्र रामकरन नदी में नहाने गया था तभी उसका पैर फिसल गया और वह डूब गया जानकारी होने पर परिवारीजन मौके पर जाकर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।

## पानी में खींच ले गया मगरमच्छ

**पलियाकलां.खीरी।** ग्राम सभा मझगई के मजरा नया पुरवा में एक व्यक्ति चैधरी पुत्र पवन निवासी नया पुरवा थाना मझगई उम्र 50 वर्ष जाति कोरी नाले पर मछली पकड़ने आया था जो नया पुरवा व चैरी गांव के मध्य में शारदा नदी के किनारे है जिसे मगरमच्छ खींच ले गया है। ग्राम वासियों की मदद से मृतक के शव की तलाश जारी है। नाले पर जलकुंभी बहुत अधिक छाई हुई है इसलिए जलकुंभी को हटाकर ढूंढनेमें काफी परेशानी हो रही है।

# आंगनबाड़ी केन्द्र के पास फैली गंदगी, लगी झाड़ झंखड़ से बच्चे परेशान

**संवाददाता।** लखीमपुर.खीरी

**बाल** विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा बनाये गये। आंगन बाड़ी केन्द्रों का लाभ गरीब बच्चो को मिलता दिखाई नही दे रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र के पास नाला नाली चोक होने से गन्दा पानी भरा है। केन्द्र के आस पास झाड़िया लगी है। झाड़िया में साप बिच्छू कभी भी बच्चों के लिए मुसीबत बन सकते है। ब्लाक लखीमपुर क्षेत्र के ग्राम सिघानियां में आंगनबाड़ी केन्द्र के पास गंदगी होने से बच्चों के अभिभावक बच्चों को आंगन बाड़ी केन्द्र भेज नही रहे है। आंगन बाड़ी केन्द्र की बिल्डिग कई जगह से खराब हो गई है। वर्षो से बिल्डिग का रगरोगन तक नही किया गया है। आंगन बाड़ी के पास फैल रही गंदगी से गॉव में संक्रमण फैल रहा है। ग्रामीणों ने बाल विकास पुष्टाहार एवं ग्राम्य विकास विभाग झाड़ झंखड़ चोक नाला नाली को साफ कराने की मांग।

# दूध के थोक विक्रेताओं से 25 सर्विलांस नमूने लिए

**फर्रुखाबाद।** सुरक्षा विभाग नें कुल 25 दूध के सर्विलांस नमूने लिये । जिससे हड़कंप मच गया।उत्तर प्रदेश राज्य एवं भारतीय खा। संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मध्य सम्पादित एमओयू के 2023-24 के कार्य योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही (अप्रैल 2024 से जून 2024 तक) में जनपद फर्रुखाबाद हेतु विभिन्न खा। पदार्थों के कुल 200 सर्विलांस नमूनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभिन्य स्थानों में जनपद में खा। पदार्थ दूध के 25 सर्विलांस नमूने लिए गये। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खा। सुरक्षा अधिकारी फर्रुखाबाद बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, अरूण कुमार मिश्र, विमल कुमार व आशीष कुमार वर्मा द्वारा नमूने लिये गये हैं। जिन्हे प्रयोगशाला में जाँच हेतु भेजा जा रहा है।मुख्य खा। सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय नें बताया कि नमूने प्रमुखता निर्माताओं, थोक विक्रेता व डिस्ट्रीब्यूटरों तथा डेयरियों से संग्रहित किये गये हैं।

## साधू की अश्लील फोटो हो रही वायरल

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के एक गाँव में रहे रहे कथित बाबा की कुछ अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस को अभी मामले में कोई तहरीर नही मिलीं हैं। मिली जानकारी के मुताबिक खुद को जनपद गोरखपुर का बतानें वाला एक कथित बाबा बीते लगभग एक दशक से रह रहा था। बाबा फोटो वायरल होनें के बाद फरार बताया जा रहा है। लगभग दो सप्ताह से बाबा भूमिगत है। लेकिन उसकी कई महिलाओं के साथ कथित अश्लील फोटो वायरल हो रहीं हैं। थानाध्यक्ष राजेपुर रण विजय सिंह नें बताया कि मामले में कोई तहरीर नही आयी है। फोटो वायरल होनें की जानकारी उनके पास नही है। तहरीर मिलने पर जाँच की जायेगी।

# पैरामिलिट्री फोर्स के साथ तीसरी आंख की निगरानी में ईवीएम

**● चुनाव के बाद त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच है ईवीएम**

**●चार जून को प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला**





**फतेहपुर।** 49 लोकसभा संसदीय क्षेत्र का मतदान 20 मई को सम्पन्न हो गया है। ढकौली स्थित मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम को सुरक्षित रखवा दिया गया है। ईवीएम की सुरक्षा सीसीटीवी व पैरामिलिट्री फोर्स के साए में हो रही है। यहां त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिसमें बैरिकेडिंग, फायर सेफ्टी और सुरक्षा जवानों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा बलों की क्रमवार ड्यूटी लगाई गई है। स्ट्रांग रूम की ओर किसी को भी आने-जाने की इजाजत नहीं है।

लोकसभा क्षेत्र में ताल ठोंकने वाले 15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 4 जून को होगा। इस दिन को शुभ बनाने के लिए सभी प्रत्याशी तरह तरह के जतन कर रहे हैं। कोई मंदिरों में पूजा अर्चना में लगा है तो कोई अपने समर्थक एवं इष्ट मित्रों से चुनाव के दौरान घटे वाकये एवं अपनी जीत के आंकड़ों में सिर खपा रहा है। इस सबके बीच उनकी निगाहें शहर के मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम पर भी लगी हैं। यहां कड़े सुरक्षा इंतजाम के बावजूद प्रत्याशी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका को दिमाग से नहीं निकाल पा रहे हैं। प्रवेश द्वार पर बैरिकेटिंग-नो एंट्रीः स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। प्रवेश द्वार से करीब 500 मीटर दूर बैरियर लगवा दिया गया तो प्रमुख एंट्री पर भी बैरियर लगाकर सुरक्षा चाक चौबंद है। इसके चलते मंगलवार को स्ट्रांग रूम के आसपास आवागमन पूरी तरह निरुद्ध हो गया। सीसीटीवी के अलावा ड्रोन से भी जरूरत पड़ने पर नजर रखी जा रही है। थाना पुलिस के अलावा एएसपी खुद मॉनिटरिंग कर रहे है।

# प्राइवेट नर्सिंग होम में लापरवाही से हुई प्रसूता की मौत

**● परिजन का हंगामा पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा**

**संडीला (हरदोई)।** नगर में कुकुरमुत्ते की तरह पनपे प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम के मकड़जाल में फंसकर एक प्रसूता अकाल मौत का शिकार हो गयी। उसकी मौत के बाद परिजन ने जमकर हंगामा कियाए तो अस्पताल के कर्ता धर्ता मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मृत महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। हालांकि अभी तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। नगर के बांगरमऊ रोड पर एनएस हॉस्पिटल एवं चाइल्ड केयर सेंटर के नाम से एक अस्पताल का संचालन कुछ लोगों द्वारा किया जा रहा है। घटना के संबंध में पता चला है कि कोतवाली संडीला के अंतर्गत ग्राम सनई निवासी रिज़वान अपनी पत्नी 22 वर्षीय पत्नी शबनम को प्रसवपीड़ा होने पर सोमवार को दिन में लगभग 1.30 बजे इस चाइल्ड केयर सेंटर पर लाए और भर्ती कराया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर ने उन्हें यह आश्वासन दिया कि शबनम की नॉर्मल डिलिवरी ही कराई जाएगी। रिज़वान पत्नी को भर्ती कराकर किसी कार्य से अस्पताल से चले गए। शाम को लगभग 5 बजे उनकी अनुपस्थिति में शबनम का सीज़ेरियन ऑपरेशन कर दिया गया। उस समय रिज़वान के पिता छुटक्के ही अस्पताल में मौजूद थे। आमतौर पर ऑपरेशन से पहले परिजन से ली जाने वाली अनुमति भी नहीं ली गयी। इस ऑपरेशन से शिशु के जन्म होने के तत्काल बाद प्रसूता की हालत अत्यंग गंभीर हो गयी। इसपर प्रसूता के साथ आईं परिवार की महिलाओं ने जब शोर मचाया तो तो अस्पताल का सारा स्टाफ और तथाकथित डॉक्टर मौके से फरार हो गए। इसकी सूचना मिलने पर जब तक रिजवान तथा अन्य परिजन अस्पताल पहुंचते शबनम की मौत हो चुकी थी। इस घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक बीजेन्द्र सिंह और बस अड्डा चौकी प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मृतका के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस के बुलाने पर भी अस्पताल का कोई कर्ता धर्ता मौके पर नहीं आया।

पुलिस ने मृतक प्रसूता शबनम का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया है हालांकि सूत्रों का कथन है कि अभी तक इस घटना की एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। सूत्र यह भी बताते हैं कि अस्पताल के कर्ता धर्ता मृतका के परिजन के संपर्क में हैं और इस मामले में समझौता करने का प्रयास कर रहे हैं। संडीला के चारों ओर मुख्य मार्गों से लेकर गली मोहल्लों में भी अनेक नर्सिंग होम और चाइल्ड केयर सेंटर खुल गए हैं। जिनमें डॉक्टरों के लंबे चौड़े नाम तो बोर्ड पर लिखे रहते हैं लेकिन अंदर कहानी कुछ और ही होती है। ऐसे कई नर्सिंग होम हैं जिनका संचालन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है और ऐसे ही स्वास्थ्य केन्द्रों में समय समय पर वास्तविकता से अंजान लोगों के जीवन से खिलवाड़ होता रहता है। जिले का भारी भरकम स्वास्थ विभाग इन अवैध नर्सिंग होम और चाइल्ड केयर सेंटर को लेकर अकसर आंखें मूंदे रहता है।

# बाइक और मोबाइल की हुई लूट

**संवाददाता।** गोला गोकरननाथ खीरी

**कोतवाली** क्षेत्र की अलीगंज रोड पर कार सवार बदमाशों ने बाइक से घर लौट रहे एक युवक को रोककर उसकी बाइक और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदियाना वसलीपुर निवासी अय्याज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह 18ए19 की रात एक बजे अपने मित्र अनवार पुत्र मुन्ने निवासी कुकरा की बाइक से घर लौट रहा था। तभी अलीगंज रोड पर किसान भट्ठा के निकट स्कार्पियो नें पीछे से पीड़ित को ओवरटेक कर रोक लिया।

तहरीर के मुताबिक दो बदमाश खाकी वर्दी और एक बदमाश सादे कपड़ों में था। उन्होंने पीड़ित को कई थप्पड़ मारकर बाइकए मोबाइल और आधार कार्ड लूट लिया। बदमाशों के चले जाने पर रात में ही अय्याज ने घर जाकर परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। बदमाशों की पिटाई से उसके कान का पर्दा फट गया। उसके सुनने की क्षमता चली गई है। पीड़ित ने तहरीर देकर घटना का खुलासा कर बाइकए मोबाइलए आधार कार्ड बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

## वांछित महिला अभियुक्त गिरफ्तार

**गोला गोकरननाथ खीरी।** ग्राम बेला बोझी थाना नीमगांव निवासी अंजू पत्नी श्री कृष्ण को नगर के मोहम्मदी रोड बाईपास खुटार रोड से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अंजू देवी एक आरोपी को संरक्षण देने के आरोप में मुकदमे में वांछित थी और अरसे से फरार चल रही थी। मंगलवार को उन्हें नगर की खुटार रोड से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# भाजपा का चार सौ पार तो सपा का संविधान बचाओं के फार्मूले को लेकर कांटे की टक्कर

**● सपा ने बसपा व भाजपा मतदाताओं के गढ़ में सेंधमारी का किया है पूरा प्रयास, किस करवट ऊंट बैठेगा अटकल तेज**

**हमीरपुर।** कल हुये हमीरपुर महोवा संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव में भाजपा का नारा चार सौ पार को उलट करते हुये सपा व कांग्रेस गठबंधन ने मतदाताओं को संविधान बदलने की बात कह कर चुनावी हवा बनाने का पूरा प्रयास किया है लिहाजा सपा व भाजपा में कांटे की टक्कर मानी जा रही है। जानकारी के मुताबिक भाजपा का चार सौ पार का नारा इंडिया गठबंधन ने गांवों गांवों में जाकर संविधान बदलने की बात कह कर अपने खेमें में करने का पूरा प्रयास किया है।क्योकि यह बात मतदाताओं को आसानी से समझ में आ जाती है यही नही सपा नेताओं ने भाजपा के गढ़ में पूरी तरह सेंध लगाने का प्रयास किया है। सपा ने जो अनूसूचित जाति का बोट जो बसपा का आधार बोट माना जाता था उसको तोड़ने का पूरा प्रयास किया है। क्योकि बसपा प्रत्याशी निर्दोश दीक्षित जो पहली मर्तवा चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे थे वह ब्राह्मण मतदाताओं को अपने पाले में करने मे लगे रहे मगर ब्राह्मण मतदाता बसपा पाले में तो आ नही पाया मगर बसपा का जो आधार बोट अनुसूचित जाति का था वह भी धीरे धीरे हाथ से निकलता दिखायी दे रहा है। जानकार लोगो का कहना है कि धोबी कोरी बाल्मीकि सोनकर अहिरवार मिलाकर संसदीय क्षेत्र में 25 फीसदी से अधिक बोट है जिसमे ज्यादातर बोट सपा के खेमें मतदान किया है यही नही पिछले चुनाव में गल्ला फैक्टर भाजपा के पक्ष में खुलकर सहयोग किया था मगर इस मर्तवा यह बोटर कुछ भाजपा से छिटका हुआ देखा गया है। राठ व चरखारी विधानसभा का लोधी मतदाता सपा के पक्ष में मतदाने करने से भाजपा को चुनावी नैया पार करने में काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। सपा नेताओं ने भाजपा के गढ़ मे सेंधमारी करने का संविधान बदलने फार्मूले का प्रयोग किया है। काटे की टक्कर में किस करवट ऊंट बैठेगा अभी कुछ कहा नही जा सकता है। इधर मतदान केंद्रों में तपती धूप में सामान्य वर्ग का मतदाता बोट डालने में काफी कंजूसी करता है। बूथों में सबसे ज्यादा संख्या महिला मतदाताओं की देखी गयी है। बुद्धजीवी वर्ग ने संसदीय क्षेत्र में जातिवाद छोड़कर राष्ट्रवाद के आधार पर भाजपा को ही बोट दिया मगर इस वर्ग की संख्या कितनी है इसका अंदाजा नही लगाया जा सकता है। राजनीतिज्ञों का मानना है कि सपा ने भाजपा के आधार मतदाताओं पर सेंधमारी की है भाजपा ने सपा के बोटों में सेंधमारी नही कर पायी है इससे और काटे की टक्कर हो गयी है।

# कांग्रेस नेता पार्टी के संविधान की रक्षा करने में ही विफल रहे : निर्मला सीतारमण



**पटना।** भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस झूठ फैला रही है कि राजग फिर से सत्ता में आने के बाद संविधान को बदल देगा और दावा किया कि एक ही परिवार को बढ़ावा देने के लिए कांग्रेस अपनी ही पार्टी के संविधान की रक्षा करने में विफल रही। पटना में मंगलवार को संवाददाताओं से सीतारमण ने कहा, कांग्रेस और राजद के नेता झूठ फैला रहे हैं कि राजग सत्ता में आने के बाद संविधान को बदल देगा। वे ऐसी बात कैसे कह सकते हैं, जब कांग्रेस नेता अपनी ही पार्टी के संविधान की रक्षा करने में विफल रहे।

उन्होंने कहा, उन्हें यह याद होना चाहिए कि कैसे पार्टी में सोनिया गांधी के उत्थान में किसी भी बाधा को रोकने के लिए, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी को एक कमरे में बंद कर दिया गया था। आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस अनुसूचित जाति (एससी), अनु. जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को छीनकर इसे मुसलमानों को देने की कोशिश कर रहे हैं।

सीतारमण ने कहा, वे केवल मुसलमानों को फायदा पहुंचाने के लिए धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं, जो संविधान के खिलाफ है। कांग्रेस और राजद एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण छीनकर इसे मुसलमानों को देने की कोशिश कर रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी पहले ही ऐसा कर चुकी है। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो उसने बाबा साहेब आंबेडकर को कभी उचित सम्मान नहीं दिया। उन्हें 1990 में भारत रत्न दिया गया था। वे संविधान या बाबा साहब के बारे में बोलने के लायक नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए और देश के समग्र विकास के लिए कई कदम उठाए हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि पूर्वी राज्यों का तेजी से विकास हमेशा राजग के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की शीर्ष प्राथमिकता रही है। भाजपा नेता ने कहा, केंद्र सरकार चाहती है कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के तहत पूर्वी राज्य- बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा..पूरे देश के लिए विकास के इंजन बनें। जहां तक बिहार का सवाल है, 2005 से पहले जंगलराज के कारण बिहार की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। बिहार में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 1991 में 21,282 रुपए था जो कि ओडिशा से अधिक था, लेकिन जंगलराज के दौरान यह घटकर 14,209 रुपए हो गया। बिहार की प्रति व्यक्ति जीडीपी में लगभग 33 प्रतिशत की गिरावट आई। मैं कहना चाहूंगी कि वर्ष 2002 के बाद बिहार में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बढ़कर 37,000 रुपए हो गया। सीतारमण ने कहा कि राजग सरकार ने अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी दोनों) के तहत गरीब लोगों को 40 लाख घर उपलब्ध कराए हैं।

## पश्चिम बंगाल में भारी मतदान भाजपा के लिए लाभ का संकेत : जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में पश्चिम बंगाल में भारी मतदान भाजपा के लिए फायदेमंद साबित होगा। पश्चिम बंगाल की सात लोकसभा सीटों - बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलुबेरिया, सेरामपुर, हुगली और आरामबाग में 20 मई को मतदान हुआ था। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने कहा, भले ही राष्ट्रीय औसत लगभग 60 प्रतिशत था लेकिन पश्चिम बंगाल में 73 प्रतिशत मतदान हुआ, जिससे भाजपा को स्पष्ट तौर पर लाभ होगा। अत्यधिक गर्मी के बावजूद सातों निर्वाचन क्षेत्रों में उच्च मतदान दर्ज किया गया। मंत्री ने कहा, लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान भाजपा के लिए फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने कहा कि सोमवार को जिन सात निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ, उनमें सबसे अधिक 76.90 प्रतिशत मतदान आरामबाग लोकसभा सीट पर दर्ज किया गया।

# चार जून को 20 साल बाद 2004 जैसा क्षण मिलेगा: रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि आगामी जून को लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को स्पष्ट जनादेश मिलने के साथ ही 2004 जैसा क्षण देखने को मिलेगा और इस गठजोड़ के शानदार प्रदर्शन का एक कारण उत्तर प्रदेश में होने वाला बहुत प्रभावशाली बदलाव है। रमेश ने साक्षात्कार में यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक सांप्रदायिक पिच तैयार कर रहे थे लेकिन उनकी पार्टी ने इस पर खेलने से इनकार कर दिया और उनकी गुगली और बाउंसर को भी विफल कर दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि चार जून को नतीजे वाला दिन 2004 के क्षण की याद दिलाएगा जब भारतीय जनता पार्टी अपने इंडिया शाइनिंग (भारत उदय) अभियान के बावजूद सत्ता से बेदखल हो गई थी।

उनका कहना है, यह 2004 का क्षण है, आप देखेंगे। लोग मुझसे पूछते रहते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा। मुझे



आपको याद दिलाना होगा कि 2004 के चुनाव के नतीजे 13 मई, 2004 को आए थे। 17 मई तक यह स्पष्ट हो गया था कि मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस बार यह और भी जल्दी हो सकता है। वैसे यह भारत में चुनाव कोई सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं है या फिर कोई कौन बनेगा पीएम नहीं है, यह इस बारे में है कि किस गठबंधन को जनादेश मिलेगा।

हम एक दल केंद्रित लोकतंत्र हैं। हम अमेरिकी प्रणाली की तरह नहीं हैं, यह व्यक्तियों के बीच एक सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं है, यह पार्टियों के बीच का एक चुनाव है। यह 2004 का क्षण है। 1962 में वहीदा रहमान और विश्वजीत अभिनीत फिल्म बीस साल बाद आई थी... 2004 में जो हुआ, बीस साल बाद, आप उसे दोहराते हुए देखेंगे। रमेश ने यह विश्वास भी जताया कि उप्र में आश्चर्यजनक बदलाव आएगा। कांग्रेस महासचिव ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीट होने का उल्लेख करते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को प्रयागराज, वाराणसी, प्रतापगढ़, लखनऊ अमेठी, रायबरेली, अलीगढ़, मुरादाबाद और अमरोहा जैसी जगहों पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। उप्र में युवा, महिलाएं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी यात्रा के समर्थन में सामने आए थे। कांग्रेस नेता का कहना था, मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री से पूरी तरह मोहभंग हो गया है क्योंकि राजग उनसे तंग आ चुका है। वह (मोदी) थक चुके हैं और उनका असर फीका पड़ गया है। चार जून का जब नतीजे आएंगे तो हमारे शानदार प्रदर्शन में योगदान देने वाले बुनियादी कारकों में से एक उत्तर प्रदेश में बेहद प्रभावशाली बदलाव के रूप में सामने आएगा।

# खालिस्तान समर्थक आतंकी अर्श समेत चार के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कनाडा में रह रहे खालिस्तान समर्थक आतंकवादी अर्शदीप सिंह और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ पंजाब और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी हमले करने की साजिश में शामिल होने के आरोप में आरोपपत्र दायर किया है। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि यह कार्वाई पंजाब और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए सिंह उर्फ अर्श डाला द्वारा संचालित स्लीपर सेल को नष्ट करने के एनआईए के प्रयासों की दिशा में यह एक बड़ी सफलता है।

कनाडा में रह रहे अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला और उसके भारतीय गुर्गों हरजीत सिंह उर्फ हैरी मौर, रविंदर सिंह उर्फ राजविंदर सिंह उर्फ हैरी राजपुरा तथा राजीव कुमार उर्फ शीला के खिलाफ नई दिल्ली स्थित एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष सोमवार को आरोपपत्र दायर किया गया।

तीनों सहयोगी खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के आतंकवादी डाला के निर्देश पर भारत में एक बड़ा आतंकी-गैंगस्टर गिरोह चला रहे थे। एनआईए ने कहा कि आरोपी मौर और राजपुरा स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहे थे और उन्हें राजीव कुमार द्वारा पनाह दी जा रही थी और तीनों ने डाला के निर्देश पर और उससे प्राप्त धन से कई आतंकी हमलों को अंजाम देने की साजिश रची थी। मौर और राजपुरा गिरोह के शूटर थे और उन्हें लक्षित हत्याओं को अंजाम देने का काम सौंपा गया था, जबकि राजीव कुमार उर्फ शीला को हैरी मौर और हैरी राजपुरा को शरण देने के लिए अर्श डाला से पैसा मिल रहा था। एनआईए की जांच से यह भी पता चला है कि डाला के निर्देश पर राजीव कुमार अन्य दो के लिए रसद सहायता और हथियारों की व्यवस्था भी कर रहा था।

# ममता ने संदेशखालि की महिलाओं की दुर्दशा पर दुख जताया

**● भाजपा पर साजिश का आरोप लगाया**

**बशीरहाट।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि संदेशखालि की महिलाओं की दुर्दशा देखकर उन्हें बहुत दुख हुआ है। भाजपा को संकटग्रस्त क्षेत्र में महिलाओं की गरिमा के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए और उसकी साजिश अब बेनकाब हो गई है। बशीरहाट में एक रैली को संबोधित करने के दौरान बनर्जी ने संदेशखालि में प्रदर्शन करने वाली और भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से फोन पर बात करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। आरोप लगाया कि भाजपा शासन में महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा के मामले में देश का रिकॉर्ड सबसे खराब है।

संदेशखालि उत्तर 24 परगना जिले में बशीरहाट लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है। बनर्जी ने जनवरी में संदेशखालि का मुद्दा सामने आने के बाद इस लोकसभा क्षेत्र की अपनी पहली यात्रा में कहा, संदेशखालि की महिलाओं के साथ जो कुछ भी हुआ और जिस तरह से उन्हें अपमानित किया गया, उसका मुझे खेद है। मैं दिल से अपना दुख व्यक्त करती हूं। उन्होंने कहा कि किसी को भी महिलाओं की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने का दुस्साहस नहीं करना चाहिए। कि अगर वीडियो सामने नहीं आए होते तो लोग कभी नहीं समझ पाते कि भाजपा ने कैसे साजिश रची। ममता ने कहा कि भाजपा को महिलाओं की गरिमा के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

बनर्जी की टिप्पणी सोशल मीडिया पर सामने आ रहे कई वीडियो की पृष्ठभूमि में आई है, जिनमें दावा किया गया है कि एक स्थानीय भाजपा नेता ने संदेशखालि की कई महिलाओं से कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए, जिनका इस्तेमाल बाद में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने में किया गया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि वह जल्द ही संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करेंगी। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी के उम्मीदवार हाजी नूरूल जैसे ही बशीरहाट सीट से जीतेंगे, कुछ दिन के



भीतर मेरी पहली यात्रा संदेशखालि की होगी। मैं वहां के लोगों से मिलने जाऊंगी। बशीरहाट सीट के लिए सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा।

प्रधानमंत्री किसी को फोन कॉल करते हैं, पहले से निर्धारित बातचीत करते हैं और इसके बाद उसे टेलीविजन पर प्रसारित करते हैं। लेकिन वह वास्तव में कितने लोगों से इस तरह बात करते हैं? उनके कार्यकाल में देश में महिलाओं के खिलाफ सबसे अधिक अपराध हुए। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अपराध के लिहाज से पहले स्थान पर है। एक पोर्टल द्वारा मई के पहले सप्ताह से चार वीडियो जारी किए गए हैं। पहले वीडियो में संदेशखालि में भाजपा मंडल अध्यक्ष होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया कि पूरी साजिश के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी थे। दूसरा वीडियो उन महिलाओं के बारे में था जिन्होंने पहले बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई थी। इस वीडियो में शिकायत करने वाली महिलाओं ने कथित तौर पर दावा किया था कि स्थानीय भाजपा नेताओं ने उनसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाए और उन्हें थाने में जाने के लिए मजबूर किया। तीसरे वीडियो में, बशीरहाट निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और संदेशखालि की प्रदर्शनकारी रेखा पात्रा को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया कि वह उन बलात्कार पीड़ितों को नहीं जानती हैं जिन्हें राष्ट्रपति से मिलाने के लिए दिल्ली ले जाया गया था। चौथे वीडियो में, एक भाजपा नेता को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया कि 70 से अधिक महिलाओं को टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए दो-दो हजार रुपए मिले थे।

# भाजपा के स्टार प्रचारक ओडिशा की राजधानी का नाम तक नहीं बता सकते : पांडियन

**पुरी (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी सहयोगी वी. के. पांडियन ने राज्य में भाजपा के स्टार प्रचारकों को राजनीतिक पर्यटक बताया और कहा कि वे ओडिशा की राजधानी का नाम तक नहीं बता सकते। पांडियन (49) ने यह भी विश्वास जताया कि पटनायक लगातार छठी बार सत्ता में लौटेंगे और उन्होंने पटनायक के शपथ लेने की तारीख और समय तक की भी घोषणा कर दी। पटनायक का दायां हाथ माने जाने वाले पांडियन ने सोमवार रात को पीटीआई-वीडियो को दिए एक साक्षात्कार में दावा किया कि बीजू जनता दल (बीजद) चुनावों में बड़ी सफलता हासिल कर रहा है और उसे 147 सदस्ईय विधानसभा में तीन-चौथाई बहुमत मिलेगा।

ओडिशा में लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव भी कराए जा रहे हैं। पटनायक ने दो सीटों गंजाम जिले की हिंजिली और बोलांगिर जिले की कांटाबांजी से चुनाव लड़ा है जहां सोमवार को मतदान हुआ। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी पांडियन वर्षों से पटनायक के विश्वासपात्र रहे हैं और अब स्टार राजनीतिक प्रचारक हैं। उनके बॉस दोनों सीटों पर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, हमने शपथ ग्रहण का समय भी तय कर दिया है। नौ जून को सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच माननीय मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। पांडियन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पीटीआई के साथ साक्षात्कार में दिए गए उस बयान को खारिज कर दिया कि 77 वर्षीय पटनायक के खिलाफ सत्ता विरोधी प्रचंड लहर है और बीजद के लिए इन चुनावों में अस्तित्व बचाना तक मुश्किल हो जाएगा। पांडियन ने कहा, मोदी ने 2019 में भी यही बात कही थी लेकिन पटनायक ने प्रधानमंत्री को उनके शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा, वह माननीय प्रधानमंत्री को शपथ ग्रहण के लिए फिर से आमंत्रित करेंगे। इस बार हमें उम्मीद है कि वह कुछ उपहार लेकर आएंगे।

ओडिशा के लोगों को जिन उपहार की जरूरत है, उनमें राज्य को विशेष दर्जा देने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने और कोयला खनन पर केंद्र सरकार द्वारा राज्य को उच्च राजस्व देने की लंबे समय से की जा रही मांग शामिल है। लोकसभा चुनाव पर पांडियन ने कहा कि बीजद 2019 के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन करेगी, जब उसने राज्य में 21 में से 12 सीटें जीती थीं जबकि भाजपा ने आठ और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी।

राज्य में सत्ता में आने की उम्मीद से भाजपा ने मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, धर्मेंद्र प्रधान और कई भाजपा मुख्यमंत्रियों समेत अपने बड़े नेताओं को प्रचार अभियान में लगाया है। हाल में एक रैली में मोदी ने पटनायक को राज्य के जिलों की राजधानियों का नाम बताने की चुनौती दी थी जो यह दिखाने का प्रयास था कि बढ़ती उम्र के साथ पटनायक का लोगों से संपर्क टूट गया है। पांडियन ने कहा, ओडिशा के लोग उन्हें राजनीतिक पर्यटक के तौर पर देखते हैं। वे ओडिशा का सिर-पैर कुछ भी नहीं जानते। अगर आप उनसे पूछेंगे कि ओडिशा की राजधानी क्या है तो उनमें से कई बता नहीं पाएंगे।

यह अभियान नकारात्मक हो गया है क्योंकि भाजपा के पास मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई ठोस कहानी नहीं है जो 24 वर्ष से सत्ता में हैं और भाजपा के पास पटनायक के खिलाफ खड़ा करने के लिए उनके कद जैसा कोई नेता नहीं है। अगर वे कहते हैं कि 24 साल बाद उनके खिलाफ सत्ता विरोधी लहर है तो आप अपने मुख्यमंत्री पद का चेहरा क्यों नहीं दिखाते ? आप किसी को भी अपना मुख्यमंत्री घोषित करने से डरे हुए हैं क्योंकि नवीन बाबू की लोकप्रियता इतनी ज्यादा है कि अगर आप किसी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाते हैं तो वह उनकी तुलना में काफी कमजोर प्रतीत होगा। उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने की स्थिति में बीजद राजग में शामिल होगी या फिर विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा बनेगी। पांडियन ने कहा कि बीजद का राज्य में भाजपा और कांग्रेस दोनों के खिलाफ एक समान आक्रामक मुकाबला है। यह पूछने पर कि क्या वह दोनों दलों को समान रूप से बीजद का प्रतिद्वंद्वी मानते हैं, इस पर पांडियन ने कहा, बिल्कुल।

## बुजुर्ग मां को घर से निकालने वाली बेटी को देना होगा गुजारा भत्ता

**इंदौर (मप्र)।** इंदौर के कुटुम्ब न्यायालय ने अहम फैसले में 55 वर्षीय महिला को आदेश दिया है कि वह अपनी 78 साल की मां को हर महीने गुजारा भत्ते के तौर पर तीन हजार रुपए अदा करे। विधवा महिला ने अपनी इकलौती संतान के खिलाफ कुटुम्ब न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए आरोप लगाया था कि उसकी विवाहित बेटी ने उसकी जमा-पूंजी हड़पने के बाद उसे कोविड-19 की तालाबंदी के दौरान प्रताड़ित करके घर से बाहर निकाल दिया था। न्यायाधीश ने 78 वर्षीय महिला की याचिका मंजूर करते हुए 17 मई को फैसला सुनाया। कुटुम्ब न्यायालय ने फैसले में कहा, प्रार्थी (बुजुर्ग महिला) की ओर से पेश साक्ष्य के आधार पर प्रमाणित है कि बुजुर्ग महिला की बेटी अपने मकान में स्थित दुकान में अपने पुत्र के साथ व्यवसाय करती है। प्रतिप्रार्थी इस दुकान के जरिए व्यवसाय करके आमदनी अर्जित करती है और अपनी माता का भरण-पोषण करने में सक्षम है।

# ईडी ने डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के ठिकानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत मंगलवार को उनके ठिकानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी का मामला उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव अभिषेक के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा हाल में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। 1982 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी के खिलाफ सीबीआई ने फरवरी में छापेमारी की थी।

वह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले डीपीआईआईटी से 2019 में सेवानिवृत्त हुए थे। ईडी धनशोधन जांच के तहत राष्ट्रीय राजधानी के ग्रेटर कैलाश इलाके में और कुछ अन्य स्थानों पर अभिषेक के परिसरों की तलाशी ले रही है। सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि अभिषेक ने सेवानिवृत्ति के बाद उन निजी कंपनियों से परामर्श शुल्क के रूप में बड़ी रकम प्राप्त करके खुद को अवैध रूप से समृद्ध किया, जिनके मामले में उन्होंने सेवा में रहते हुए निपटाए थे।

सीबीआई और ईडी ने उनकी बेटी वानेसा के खिलाफ भी मामले दर्ज किए हैं। अभिषेक वायदा बाजार आयोग (एफएमसी) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं और सीबीआई ने लोकपाल के आरोपों पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। लोकपाल ने आरोप लगाया था कि पिता-पुत्री ने उन अनेक कंपनियों और संस्थाओं से पेशेवर शुल्क के रूप में भारी रकम प्राप्त की जिनसे संबंधित मामलों में पूर्व आईएएस अधिकारी ने सेवा में रहते हुए काम किया था। उसने आरोप लगाया था कि अभिषेक और उनकी बेटी ने जो रकम प्राप्त की, उसे कथित तौर पर नई दिल्ली के आलीशान ग्रेटर कैलाश-2 इलाके में एक घर खरीदने में लगाया गया।

# ईडी की शिकायत का संज्ञान लेने के बाद क्या अदालत गिरफ्तारी की वैधता की पड़ताल कर सकती है: न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा कि कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर निचली अदालत के संज्ञान लेने के बाद उनकी गिरफ्तारी की वैधता की क्या रिट अदालत पड़ताल कर सकती है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोरेन के वकील से अदालत को पहले यह बताने को कहा कि नियमित जमानत के लिए उनकी अर्जी खारिज होने के बाद लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उन्हें कैसे अंतरिम जमानत दी जा सकती है। पीठ ने विषय की अगली सुनवाई बुधवार के लिए निर्धारित की है।

सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने अदालत के सवालों का जवाब देने के लिए बुधवार तक का वक्त मांगा। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस वी राजू ने सोरेन की अंतरिम जमानत अर्जी का विरोध करते हुए दलील दी कि उनका मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अलग है, जिन्हें आम चुनाव में प्रचार करने के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी गई थी। उन्होंने कहा कि निचली अदालत ने सोरेन के खिलाफ प्रथम दृष्टया एक मामला बनते पाए जाने के बाद चार अप्रैल को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया था।

ईडी ने अपने हलफनामे में कहा है कि सोरेन राज्य सरकार की मशीनरी का दुरूपयोग कर अपने खिलाफ धन शोधन मामले की जांच प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के उनके विशेष अनुरोध का विरोध किया है। जांच एजेंसी ने कहा कि 31 जनवरी को सोरेन की गिरफ्तारी को झारखंड उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा है और उनकी नियमित जमानत अर्जी निचली अदालत ने 13 मई को खारिज कर दी थी।

सोरेन ने 13 मई को, केजरीवाल के खिलाफ कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दिए जाने के शीर्ष अदालत के आदेश का हवाला दिया था और अपने लिए भी इसी तरह की राहत देने का अनुरोध किया था। अधिवक्ता प्रज्ञा बघेल के मार्फत दायर अपनी अपील में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता ने कहा है कि उच्च न्यायालय ने उनकी अर्जी खारिज करने में त्रुटि की। सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से संबद्ध है जिस बारे में ईडी का आरोप है कि इसे उन्होंने अवैध तरीके से हासिल किया है। वह अभी रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं।

# पेज 1 का शेष

## विपक्षी...

उन्होंने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सपा को घेरते हुए कहा, बनारस के लोग तो उत्तर प्रदेश और बिहार दोनों जगह रहे जंगल राज से परिचित हैं। बहन-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था। बेटियों को पढ़ाई छोड़कर घर बैठना पड़ता था और सपा वाले बेशर्मी से कहते थे... लड़के हैं लड़कों से तो गलती हो जाती है। आज सपा के लड़के जरा गलती करके दिखाएं... योगी जी की सरकार उनका वह हाल करेगी जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने विपक्ष द्वारा मजाक उड़ाए जाने के बावजूद 11 करोड़ शौचालय यानी इज्जतघर बनवाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ से ज्यादा पक्के घर बनवाकर उनकी रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर करवाई ताकि वे घर की मालकिन बन सकें। उन्होंने कहा, यह बस योजनाएं ही नहीं थी बल्कि इससे नारी शक्ति को नया आत्मविश्वास मिला। यही मेरा मिशन था, यही मेरी सोच थी। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया, विपक्षी गठबंधन के नेता खुलेआम कहते हैं कि हिंदुओं में जो शक्ति है उसका मैं विनाश करके रहूंगा लेकिन चार जून के बाद मोदी आपकी शक्ति को महाशक्ति बनाकर रहेगा। प्रधानमंत्री ने वाराणसी में हर मतदान बूथ पर कमल खिलाने का आह्वान करते हुए कहा कि बनारस में इस बार मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ने हैं। उन्होंने कहा, मैं पार्टी के प्रचार में कितना भी व्यस्त होता हूं लेकिन बनारस को लेकर हमेशा निश्चिंत रहता हूं क्योंकि सब कुछ आप लोग ही संभाले रहते हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी एक खुले वाहन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संबोधित किया। उन्होंने महिला आरक्षण अधिनियम और महिलाओं पर केंद्रित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए दावा किया कि इस बार मोदी को हर तरफ से आधी आबादी का पूरा समर्थन मिल रहा है।

## स्वाति मालीवाल...

यह भी अकल्पनीय और चौंकाने वाला है। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने 14 मई को कहा था कि मालीवाल के साथ हुई घटना अत्यधिक निंदनीय है और दावा किया था कि विभव कुमार ने उनके साथ 'दुर्व्यवहार' किया था। कुछ दिनों बाद आतिशी ने एक प्रेस वार्ता में इस मामले को केजरीवाल को फंसाने की भाजपा की साजिश करार दिया और मालीवाल को इसका चेहरा बताया।

## अमेरिका...

और ईरानी नेता की मृत्यु को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक मौन कार्यक्रम में भी शिरकत की। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका इसे लेकर बहुत स्पष्ट है कि रईसी चार दशक तक ईरानी लोगों का दमन करने में शामिल रहे, लेकिन वह (अमेरिका) हेलीकॉप्टर दुर्घटना जैसे हादसे में किसी की भी मौत पर अफसोस जताता है। मिलर ने कहा कि ईरान में न्यायाधीश और राष्ट्रपति के तौर पर रईसी का रिकॉर्ड नहीं बदला है और यह तथ्य भी नहीं बदला है कि उनके हाथ खून से सने थे।

## अगले पांच...

और कार्यालयों में एयर कंडीशनर का उपयोग बढ़ गया। उन्होंने बताया कि बिजली की मांग के 8,000 मेगावाट से अधिक हो जाने का अनुमान है, जो इस गर्मी में लगभग 8,200 मेगावाट तक पहुंच जाएगी। दिल्ली में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों ने मांग की कि राष्ट्रीय राजधानी में चुनाव के दिन गर्मी से बचने के लिए मतदान केंद्रों पर कूलर, पंखे, पीने का ठंडा पानी और डॉक्टर उपलब्ध कराए जाएं। राष्ट्रीय राजधानी की सात लोकसभा सीट पर 25 मई को मतदान होगा। आईएमडी ने पहले ही भारत में अप्रैल-जून की अवधि के दौरान अत्यधिक गर्मी की चेतावनी दी थी। हिमाचल प्रदेश में कुछ स्थानों पर मंगलवार को आंधी और बारिश के बाद पारा में थोड़ी गिरावट आई जबकि ऊना और नेरी में अधिकतम तापमान क्रमशः 42.4 डिग्री और 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी से कोई राहत मिलने की संभावना नहीं है क्योंकि अगले चार से पांच दिन में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने का अनुमान है। राजस्थान में तापमान में और वृद्धि हुई है और मंगलवार को झुंझुनू का पिलानी 47.2 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। भीषण गर्मी के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। भीषण गर्मी के मद्देनजर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) और बिजली वितरण निगमों को बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, अगले 72 घंटों में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान है और अगले दो दिनों में राज्य के अधिकांश स्थानों पर लू चलने और कुछ स्थानों पर तीव्र लू चलने का अनुमान है। लगातार तीन वर्षों से भारत के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया है।

## अंटार्कटिका....

पर्यावरण संरक्षण पर प्रोटोकॉल के तहत की गई थी। सीईपी अंटार्कटिका में पर्यावरण संरक्षण और संरक्षण पर एटीसीएम को सलाह देता है। रूभ्श्वस्र मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र, गोवा और अंटार्कटिक संधि सचिवालय संयुक्त रूप से इन बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। एनसीपीओआर के निदेशक डॉ. थंबन मेलोथ ने बताया कि भारत के पास 2022 में अधिनियमित भारतीय अंटार्कटिक अधिनियम के माध्यम से अंटार्कटिका में पर्यटन सहित भारत की गतिविधियों को विनियमित करने के लिए एक कानूनी ढांचा है, लेकिन यह पहली बार है कि नियम बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा, भारतीय अंटार्कटिक अधिनियम भारत के पर्यटन नियमों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ संरेखित करता है और सामान्य संरक्षण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अन्य अंटार्कटिक संधि देशों के साथ सहयोग करता है। 2019-20 के पूर्व-महामारी सीज़न से यात्रा में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो आंशिक रूप से जलवायु परिवर्तन के कारण गायब होने से पहले अंटार्कटिका के चमत्कारों को देखने के लिए अंतिम-मौका पर्यटन के आग्रह से बढ़ी है। विडंबना यह है कि अंटार्कटिका को खतरे में डालने वाली घटना ही पर्यटकों के लिए आसान पहुंच की सुविधा प्रदान कर रही है, क्योंकि समुद्री बर्फ के पिघलने से परिभ्रमण का मौसम बढ़ जाता है, जिससे यात्रा कंपनियों को क्षमता का विस्तार करने और शीघ्र यात्राओं के लिए सिल्वरसी के सिल्वर एंडेवर जैसे नए, शानदार विकल्प पेश करने के लिए प्रेरित किया जाता है। अंटार्कटिक यात्रा अनुसंधान में विशेषज्ञता रखने वाले नॉर्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर यू-फ़ै लेउंग, अंटार्कटिका की यात्रा के महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रभाव पर उपयुक्त रूप से प्रकाश डालते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कठोर परिस्थितियों में लंबी दूरी की लंबी उड़ानें और परिभ्रमण कार्बन उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जलवायु परिवर्तन को बढ़ाते हैं और महाद्वीप के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा पैदा करते हैं। लेउंग बताते हैं कि अंटार्कटिक क्रूज का कार्बन फुटप्रिंट एक औसत यूरोपीय के वार्षिक उत्सर्जन को टक्कर दे सकता है, जिसका मुख्य कारण क्रूज जहाजों द्वारा उत्पन्न भारी प्रदूषण और इसमें शामिल व्यापक हवाई यात्रा है। यह यात्रा के अन्य रूपों की तुलना में अंटार्कटिक पर्यटन द्वारा उत्पन्न अद्वितीय पर्यावरणीय चुनौतियों को रेखांकित करता है।

# वोट न डालने पर नाराज जयंत सिन्हा को भाजपा ने नोटिस दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/रांची

**झारखंड** बीजेपी ने चुनाव में वोट नहीं डालने पर हज़ारीबाग़ से मौजूदा लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस पार्टी के राज्य महासचिव आदित्य साहू द्वारा जारी किया गया था, जिन्होंने कहा था कि पार्टी की छवि खराब हुई है क्योंकि सिन्हा ने मताधिकार के अपने अधिकार का प्रयोग नहीं किया है। नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री रह चुके सिन्हा को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। जयंत सिन्हा के पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने अपनी पत्नी के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। इस बीच, धनबाद के मौजूदा विधायक और पांच ब्लॉक अध्यक्षों को भी पार्टी की चुनावी गतिविधियों में रुचि नहीं दिखाने और पार्टी उम्मीदवार के साथ सहयोग नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 22 मई 2024



# आंबेडकर न होते तो नेहरू एससी-एसटी को आरक्षण नहीं मिलने देते : मोदी

**भाषा।** मोतिहारी, महाराजगंज



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर नहीं होते तो पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को आरक्षण नहीं मिलने देते। प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति और सनातन विरोधी सोच के साथ खड़ा है और चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के साथ ही इन सभी को बड़ा झटका लगेगा। बिहार के पूर्वी चंपारण और महाराजगंज संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया, बाबा साहेब आंबेडकर ना होते तो नेहरू जी एससी-एसटी को आरक्षण नहीं मिलने देते। उन्होंने तो मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसका विरोध किया था। नेहरू जी से लेकर राजीव गांधी तक इस परिवार के जितने प्रधानमंत्री हुए, सबने ओबीसी आरक्षण का विरोध किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस के पास एक ही वोट बैंक आज बचा है और वे उसे खुश करने के लिए एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण धर्म के आधार पर आपसे छीनकर वोट जिहाद वालों को देना चाहते हैं। संविधान इसकी इजाजत नहीं देता इसलिए ए संविधान बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, राजग ने पहले दलित बेटे को और फिर हमारे देश की आदिवासी बेटी को संविधान के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर बिठाया। हमारी सरकार ही है, जिसने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव पर परोक्ष निशाना साधा और कहा, जो लोग चांदी का चम्मच लेकर पैदा होते हैं उन्हें पता नहीं होता मेहनत क्या होती है। मैंने सुना है कि यहां कोई घूम-घूम कर कह रहा है कि चार जून के बाद मोदी बेड रेस्ट पर जाएंगे। मैं तो परमात्मा से प्रार्थना करता हूं, मैं तो यही कामना करता हूं कि मोदी तो क्या देश के किसी भी नागरिक के जीवन में बेड रेस्ट की नौबत नहीं आनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, आपने देखा होगा कांग्रेस वाले क्या कहते हैं, मोदी तेरी कब्र खुदेगी। उत्तर प्रदेश के शहजादे क्या कहते हैं, अब मोदी के आखिरी दिन बनारस में कटने हैं। इस चुनाव में इन लोगों के पास मोदी को गाली देने के सिवाय कोई मुद्दा नहीं। मोदी ने कहा, चंपारण की यह धरती प्रेरणा की धरती है। अभी कल ही पहले पांच चरण का चुनाव पूरा हुआ है। पहले चरण में इंडिया गठबंधन पस्त हो गया था। इसके बाद के चरणों में गठबंधन ध्वस्त हुआ और अब कल जो पांचवा चरण हुआ है, इंडिया गठबंधन पूरी तरह परास्त हो चुका है।

# छात्रों के अभिभावकों ने केंद्र से उनकी सुरक्षित वापसी का आग्रह किया

**भाषा।** भोपाल, उज्जैन

## किर्गिस्तान हिंसा

**किर्गिस्तान में** पढ़ रहे मध्य प्रदेश के छात्रों के अभिभावकों ने उस देश की राजधानी बिश्केक में स्थानीय लोगों और विदेशियों में झड़प की खबरों के बीच केंद्र से अपने बच्चों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।कथित तौर पर भारत से लगभग 15,000 छात्र किर्गिस्तान में पढ़ रहे हैं।बिश्केक में अंतरराष्ट्रीय छात्रों, विशेषकर दक्षिण एशिया के छात्रों को निशाना बनाने वाली भीड़ की हिंसा की खबर के बाद शनिवार को भारत सरकार ने छात्रों से घर के अंदर रहने की अपील की थी। इस बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तीन छात्र- विवेक शर्मा, रोहित पांचाल और रवि सराठे से बात की, हालात को जाना और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।छात्रों से बातचीत के बाद यादव ने एक वीडियो बयान में कहा कि उन्हें किर्गिस्तान में पढ़ रहे राज्य के छात्रों के बारे में जानकारी दी गई। यादव ने कहा कि इस घटना से भारतीय छात्र चिंचित हो गए हैं। उन्होंने कहा, मैंने मध्य प्रदेश के छात्रों से बात की है, जिनमें उज्जैन, मंदसौर, नीमच और अन्य स्थानों के छात्र भी शामिल हैं। वे सुरक्षित हैं। हम केंद्र के संपर्क में हैं और छात्रों को सुरक्षा प्रदान की गई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 1200 छात्र किर्गिस्तान में पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि छात्रों को उनकी परीक्षा पूरी होने के बाद ही बुलाया जाना चाहिए। साथ ही हम उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित कर रहे हैं। सरकार छात्रों के संपर्क में है। आशा है कि स्थिति जल्द ही सामान्य होगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक, छात्रों ने जानकारी दी है कि वे छात्रावास में रहते हैं और फिलहाल उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। मुख्यमंत्री ने छात्रों से अपनी पढ़ाई जारी रखने और आगामी परीक्षाओं की तैयारी करने को कहा है। यादव ने छात्रों से कहा कि परीक्षा के बाद ढाई महीने की लंबी छुट्टी होगी और फिर उन्हें बुलाया जाएगा। उन्होंने परिजनों और छात्रों को आश्वासन दिया कि किसी भी कठिन परिस्थिति में जिला प्रशासन को सूचित करें और तुरंत कार्वाई की जाएगी। ऐसे ही एक छात्र की मां अलका सोलंकी ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि उनका बेटा मध्य एशियाई देश में मेडिकल का छात्र है।पिछले दो दिन में उस देश में जो कुछ हुआ, उससे मेरा बेटा डरा हुआ है।

# पांच चरण बाद भाजपा 310 सीट जीत चुकी है : शाह

**भाषा।** संबलपुर, क्योंझर (ओडिशा)

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के पांच चरण पूरे होने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 310 सीट मिलने का दावा करते हुए मंगलवार को ओडिशा के लोगों से अपील की कि वे राज्य को बाबू-राज से आजाद कराएं और भाजपा को केंद्र एवं राज्य दोनों में सरकार बनाने के लिए समर्थन दें।शाह ने संबलपुर में दो चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार ओडिशा में कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलेगा। संबलपुर सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा, पांचवें चरण के मतदान के बाद भाजपा को 310 सीट पहले ही मिल चुकी हैं। छठे और सातवें दौर के मतदान के बाद हम 400 से अधिक सीट हासिल कर लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में मुट्ठी भर अधिकारियों का शासन है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राज्य में मौजूदा बाबू राज को समाप्त कर देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की ज्यादातर खदानें और खनिज भंडार क्योंझर जिले में स्थित होने के बावजूद यहां के आदिवासियों को कोई लाभ नहीं मिला है। शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि देश भर में कोई आतंकवाद न हो। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा,"पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर) भारत का था और यह हमारे पास रहेगा। भारत पीओके वापस लेगा। कांग्रेस की पिछली सरकार पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा,"कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने जनजातीय मामलों के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया था, जबकि नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में नक्सलवाद को खत्म करने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने डीएमएफ (जिला खनिज फाउंडेशन) का गठन किया है और आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपए दिए हैं। भाजपा नेता ने कहा, मोदी सरकार के दौरान जनजातीय मामलों के लिए बजटीय आवंटन को बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है जबकि पिछली संप्रग शासन के दौरान 25,000 करोड़ रुपए दिए गए थे। शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने 740 एकलव्य विद्यालय स्थापित किए हैं जहां एक लाख छात्र पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में लगभग 40,000 शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।शाह ने कहा कि केंदू पत्ता तोड़ने वालों को उनके लघु वन उपज पर बोनस और उचित मूल्य मिलेगा। उन्होंने क्योंझर में 500 बिस्तरों वाला अस्पताल और संबलपुर में 500 बिस्तरों वाला एक अन्य अस्पताल और मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की भी घोषणा की।



## मानव तस्करी के जरिए कंबोडिया पहुंचे 300 भारतीयों ने की बगावत

**विशाखापत्तनम।** हाल में यहां मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ होने की पृष्ठभूमि में आंध्र प्रदेश पुलिस ने मंगलवार को कहा कि अवैध तरीके से कंबोडिया ले जाए गए 300 भारतीयों ने 20 मई को अपने संचालकों के खिलाफ बगावत कर दी जिसकी वजह से उनमें से अधिकतर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि इनमें से 150 लोग विशाखापत्तनम के निवासी है और पिछले एक साल से कंबोडिया में फंसे हुए है, जहां उन्हें चीनी संचालकों द्वारा साइबर अपराध और पोंजी घोटाले को अंजाम देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विशाखापत्तन के पुलिस आयुक्त ए. रवि शंकर ने रेखांकित किया कि मानव तस्करी के जरिए कंबोडिया ले जाए गए भारतीयों ने शिहानोउकविले के जिनबेई और कम्पाउंड में बलवा कर दिया जो कथित तौर पर साइबर अपराध का केंद्र है। शंकर ने एक विज्ञप्ति में बताया, कई लोगों ने व्हाटसऐप के जरिए विशाखापत्तनम पुलिस से संपर्क किया और वीडियो भेजे।

## बी2बी ई.कॉमर्स ऑफर अपनाने से लाभ

**मुंबई।** डिजिटल युग में भारतीय रिटेल क्षेत्र की रीढ़ किराना स्टोर्स कोए तेजी से बदलते मार्केट में तालमेल बनाए रखने के लिए लगातार चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि किराना मालिकग्राहकों को व्यक्तिगत ग्राहक सेवा और सुविधा देती हैए लेकिन पारंपरिक व्यावसायिक तरीके अक्सर उन्हें पीछे खींचती हैं। लेकिनए बी2बी ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने किराना स्टोर्स को उनके कामकाज को सरल करनेए कार्य कुशलता में सुधार करने और मार्केट में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए प्रभावी उपाय पेश किए हैं। आइए उन छह प्रमुख लाभों के बारे में गहराई से जानें जो बी2बी ई.कॉमर्स ऑफर को किराना स्टोर्स ने अपनाना चाहिएरू कार्यक्षमता में वृद्धि और परिचालन लागत में कमी वाइडर सिलेक्शन और कॉम्पिटिटिव प्राइसए बेहतर इन्वेंटरी मैनेजमेंटए डेटा के आधार पर निर्णय लेनाए बड़े रिटेलर्स के साथ समान अवसर सुविधा और समय की बचत।

## हरियाणा: नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल की कैद

**जींद (हरियाणा)।** हरियाणा के जींद जिले की एक अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को मंगलवार को 20 साल कैद और 31 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रहास की अदालत ने दोनो पक्षों की दलील सुनने के बाद यह फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार 14 फरवरी 2023 को उचाना थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि उनकी 13 वर्षीय बेटी को कोई बहला-फुसला कर ले गया है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

## कैंटाबिल करेगा विस्तार

**गोरखपुर।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने गोरखपुर में अपना नया रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1200 वर्ग फुट में फैला, ब्रांड का यह स्टोर रुद्र होटल, यूजीएफ फ्लोर, मेडिकल रोड, एच.एन सिंह चौक के पास, बशारतपुर गोरखपुर, उत्तर प्रदेश 273004 में स्थित है, जो ब्रांड की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। स्टोर के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, श्री दीपक बंसल ने कहा, हम गोरखपुर में अपना नया स्टोर शुरू करके बेहद रोमांचित हैं। कैंटाबिल रिटेल ने मिड-प्रीमियम सेगमेंट में अपने तमाम ग्राहकों के बीच काफी सराहना हासिल की है। हमारा नया स्टोर पुरुषों के लिए फैशन-फॉरवर्ड परिधान, एक्टिववियर और फुटवियर की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करेगा। अपने तमाम कस्टमर्स के लिए ट्रेंडी लेकिन प्रतिस्पर्धी फैशन परिधान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, हमने उत्तर प्रदेश में अपना 85वां स्टोर खोला है। पूरे भारत में एक मजबूत उपस्थिति के साथ, हमारा लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अपनी रिटेल उपस्थिति को और अधिक आक्रामक रूप से विस्तारित करना है।

# पुणे कार हादसे में शामिल किशोर के पिता हिरासत में, तीन होटल अधिकारी गिरफ्तार

**भाषा।** पुणे (महाराष्ट्र)

**पुलिस ने** महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक कार दुर्घटना में कथित तौर पर शामिल 17 वर्षीय लड़के के पिता को हिरासत में लिया और किशोर को शराब परोसने के लिए दो होटल के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना जिस पोर्शे कार से हुई, उसे कथित तौर पर 17 वर्षीय किशोर चला रहा था और रविवार तड़के उसने कल्याणी नगर में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को टक्कर मार दी थी जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि किशोर ने घटना के समय शराब पी रखी थी। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा, हमने छत्रपति संभाजीनगर से किशोर के पिता को हिरासत में लिया है और उन्हें पुणे लाया जा रहा है। उनके खिलाफ दर्ज मामले में उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बलकवडे ने बताया कि इसके अलावा पुणे पुलिस ने कोजी रेस्त्रां के मालिक प्रल्हाद भुटाडा और प्रबंधक सचिन काटकर एवं होटल ब्लैक के प्रबंधक संदीप सांगले को किशोर को शराब परोसने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा, सभी को आज एक अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि को आरोपी किशोर अपने दोस्तों के साथ रात साढ़े नौ बजे से देर रात एक बजे के बीच इन दो जगहों पर गया था और उसके कथित तौर पर शराब पी थी।

# भगवान जगन्नाथ पर टिप्पणी को लेकर तीन दिन तक उपवास करेंगे भाजपा नेता पात्रा

**भाषा।** भुवनेश्वर



**भगवान जगन्नाथ** पर जुबान फिसलने को लेकर विवादों में घिरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और पुरी लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी संबित पात्रा ने विभिन्न वर्गों से आलोचनाओं के बाद माफी मांगी है और मंगलवार से तीन दिन तक उपवास रखकर प्रायश्चित करने की घोषणा की है। पात्रा ने सोमवार को टेलीविजन चैनलों से बातचीत में कहा था कि राज्य के प्रतिष्ठित देवता भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भक्त हैं। पात्रा ने बाद में स्पष्ट किया था कि यह सिर्फ जुबान फिसलने के कारण हुआ और वह यह कहना चाहते थे कि प्रधानमंत्री भगवान जगन्नाथ के परम भक्त हैं। पात्रा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, ...इस गलती के लिए, मैं भगवान जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाकर क्षमा मांगता हूं। मैं इस गलती का प्रायश्चित करने के लिए अगले तीन दिन उपवास करूंगा। पात्रा की टिप्पणी पर विवाद तब बढ़ गया जब ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटायक ने उनके बयान की कड़ी निंदा की और भाजपा से भगवान जगन्नाथ को राजनीति में न घसीटने की अपील की। पटनायक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में ओडिया अस्मिता को ठेस पहुंचाने के लिए पात्रा की आलोचना की। उन्होंने पोस्ट में कहा, महाप्रभु श्रीजगन्नाथ ब्रह्मांड के स्वामी हैं। महाप्रभु को किसी इंसान का भक्त कहना भगवान का अपमान है...यह पूरी तरह निंदनीय है। इससे भावनाएं आहत हुई हैं और दुनियाभर में करोड़ों जगन्नाथ भक्तों तथा उड़िया लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। पटनायक ने कहा, भगवान उड़िया अस्मिता के सबसे बड़े प्रतीक हैं। मैं इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं...और मैं भाजपा से अपील करता हूं कि वह भगवान को किसी भी राजनीतिक चर्चा में शामिल न करे। ऐसा करके आपने ओडिया अस्मिता को गहरी चोट पहुंचाई है और इसे ओडिशा के लोग लंबे समय तक नहीं भूलेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी पात्रा के बयान की निंदा की।

# प्रस्तावित एकीकृत कमान से सशस्त्र बलों की सैन्य तैयारियों में तेजी आएगी : सीडीएस

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि प्रस्तावित एकीकृत कमान से सशस्त्र बलों की सैन्य तैयारियों में तेजी आएगी। एकीकृत कमान स्थापित करने की महात्वाकांक्षी और बहु प्रतीक्षित योजना लागू करने पर भारत के विचार करने के बीच उनकी यह टिप्पणी आई है। सीडीएस ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) से एक संयुक्त कार्यशैली विकसित करने की भी अपील की, क्योंकि वे संयुक्त अभियानगत संरचना बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एकीकृत कमान से सुधारों के अगले दौर की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि एकीकृत कमान से एकल से बहु-क्षेत्रीय अभियान, पारंपरिक क्षेत्र में अंतरिक्ष एवं साइबर जगत का इस्तेमाल, युद्ध क्षेत्र की सूचना का डिजिटाइजेशन जैसे कई सुधारों का मार्ग प्रशस्त होगा। सीडीएस ने मेजर जनरल समीर सिन्हा स्मृति व्याख्यान देते हुए कहा कि सशस्त्र बलों में संयुक्त कार्यशैली का विकास दूसरे चरण का एकीकरण होगा।

# बिहार के सारण में चुनाव बाद हिंसा में एक व्यक्ति की मौत, 3 घायल

**भाषा।** छपरा

**बिहार के सारण** जिले में मंगलवार सुबह चुनाव बाद हुई हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि हिंसा में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हिंसा की यह घटना भिखारी ठाकुर चौक के पास बड़ा तेलमा इलाके में हुई।अधिकारी ने बताया कि इलाके में सोमवार को हुए मतदान के दौरान अनियमितताओं के आरोपों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कथित समर्थकों के दो समूहों के बीच विवाद हो गया और इस दौरान गोलियां भी चलीं। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान चंदन यादव (25) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने बताया, घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उनमें से दो को बेहतर इलाज के लिए पटना स्थानांतरित कर दिया गया।

# जनता हमारे लिए लड़ रही है : खरगे

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के पक्ष में शांत लहर चल रही है तथा यह गठजोड़ लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बहुमत हासिल करने से रोकने में सफल रहेगा। खरगे ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा कि लोग अब उनके समर्थन में और उस भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा के खिलाफ लड़ रहे हैं जो समाज में नफरत एवं विभाजन फैलाते हैं। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि लोगों को लगता है कि यह लड़ाई अब लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है और वे उनकी पार्टी को समर्थन दे रहे हैं। खरगे ने भाजपा पर राम मंदिर, हिंदू-मुस्लिम और भारत-पाकिस्तान के नाम पर लोगों को बार-बार भड़काने और उन्हें भावनात्मक रूप से लूटने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि लोग अब उसका असली रंग समझ गए हैं। खरगे ने पीटीआई-भाषा से कहा, देश भर में यात्रा करने के बाद हम यह महसूस कर रहे हैं कि हमारे पक्ष में शांत लहर चल रही है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के सहयोगियों को इस बार अधिक सीट मिलेंगी। हम भाजपा को सत्ता में आने के लिए आवश्यक सीट हासिल करने से रोकने में सफल रहेंगे। मुझे लगता है कि भाजपा अपनी सरकार नहीं बना पाएगी। उन्होंने कहा, केवल हम ही नहीं, बल्कि जनता भी हमारे लिए लड़ रही है। हम जिस विचारधारा को मानते हैं लोग उसका समर्थन कर रहे हैं और हमारे लिए लड़ रहे हैं। यह साफ है कि भाजपा पिछड़ जाएगी और हम आगे बढ़ेंगे। यह पूछे जाने पर कि उन्हें यह भरोसा कहां से हो रहा है तो खरगे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के प्रति लोगों की जो प्रतिक्रिया मिल रही है, लोगों ने समर्थन करना शुरू कर दिया है और उनकी विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं, इससे उनके भीतर यह विश्वास पैदा हो रहा है।

## अपोलो कैंसर सेंटर जुड़ीं डॉ. ज्योति बाजपेयी

**मुंबई।** अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई ने घोषणा की कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात सीनियर ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. ज्योति बाजपेयी ने कैंसर के खिलाफ संघर्ष में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए लीड-मेडिकल एंड प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी (मुंबई और महाराष्ट्र क्षेत्र) के रूप में अपोलो कैंसर सेंटर में ज्वॉइन किया है। डॉ. बाजपेयी इम्यूनो-ऑन्कोलॉजी, प्रिसिजन मेडिसिन, दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण कैंसरों (सारकोमा, गर्भावस्था से संबंधित कैंसर, किशोरों और युवा वयस्क संबंधित कैंसर, एलजीबीटीक्यू+ कैंसर, वृद्धावस्था कैंसर) और महिलाओं के कैंसर (ब्रेस्ट और गायनेकोलॉजिकल) के क्षेत्र में अपने कार्यों के लिए विख्यात चिकित्सक हैं।

## क्विक न्यूज

### हैदराबाद में एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपए में अनोखा वाहन पंजीकरण नंबर खरीदा

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपए में अपनी कार के लिए अनोखा पंजीकरण नंबर 9999 खरीदा है। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैदराबाद के संयुक्त परिवहन आयुक्त सी. रमेश ने कहा कि अनोखे (फैंसी) पंजीकरण नंबरों की ऑनलाइन नीलामी में 9999 के लिए सबसे ऊंची बोली लगी, जिसमे कार मालिक ने टीजी-09 9999 नंबर के लिए विभाग को 25,50,002 रुपए का भुगतान किया। सोमवार को आयोजित अनोखे नंबर 9999 की नीलामी में 11 लोगों ने भाग लिया और यह नंबर 25.5 लाख रुपए में बिका। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, यह किसी अनोखे नंबर के लिए अब तक की सबसे ऊंची बोली राशि है, जो तेलंगाना मे एक रिकॉर्ड है। अधिकारी ने कहा कि अनोखे नंबर मे रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति 50,000 रुपए का भुगतान करके इसे आरक्षित कर सकता है और ज्यादा बोलीदाता होने पर बोली में भाग ले सकता है। खैरताबाद सड़क परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) कार्यालय ने सोमवार को अन्य अनोखे नंबरों की नीलामी के दौरान 43 लाख रुपए से अधिक रुपए कमाए। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने इस साल मार्च में वाहन पंजीकरण कोड को बदलकर टीजी कर दिया था।

### एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में विभिन्न राज्यों में छापे मारे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट से संबंधित मामले की जांच के तहत मंगलवार को कई राज्यो में छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक मार्च को कैफे मे हुए विस्फोट मे कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हुए थे, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर थी। विस्फोट से कैफे को भारी नुकसान हुआ था। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अधिक विवरण साझा किए बिना कहा, कई राज्यो मे विभिन्न स्थानो पर छापेमारी जारी है। तीन मार्च को जांच का जिम्मा संभालने वाली एजेंसी ने 12 अप्रैल को मामले के सरगना अब्दुल मतीन अहमद ताहा समेत दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कथित तौर पर कैफे मे इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखने वाले ताहा और अन्य आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब को कोलकाता के पास एक लॉज से गिरफ्तार किया गया था, जहां वे फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे।

### काज़ी को पसंद है स्केचिंग की कला

**मुंबई।** ज़ी टीवी के पॉपुलर शो कुमकुम भाग्य ने अपनी दिलचस्पए रोमांचक और नाटकीय कहानी से दर्शकों को बांधे रखा है। शो में इस समय दर्शकों की चहेती जोड़ी रणबीर कृष्णा कौल और प्राची मुग्धा चाफेकर और उनकी बेटी पूर्वी राची शर्मा का सफर दिखाया जा रहा है। हाल के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि मोनिशा सृष्टि जैन के कारण पूर्वी को जाली नोट के मामले में गिरफ्तार किया जाता है। दूसरी ओर पूर्वी के पति राजवंश उर्फआरवी उसे जेल से बाहर निकालने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं। जहां इस शो में जबर्दस्त ड्रामा हो रहा है, वहीं आरवी ने अपने एक खास शौक के बारे में बताया जो उनके लिए दवा का काम करता है, और जब कैमरा नहीं चल रहा होता हैए तब उन्हें सुकून देता है। शॉट्स के बीच में अबरार को जब भी खाली वक्त मिलता है, वो स्केचिंग करते हैं। उनके लिए स्केचिंग सिर्फएक आर्ट नहीं है बल्कि खुद को बेहतर ढंग से जाहिर करने का एक खूबसूरत जरिया भी हैए ठीक उसी तरह जैसे कि कुछ लोगों के लिए लिखना होता है। इस काम से उनका दिमाग शांत रहता है और वो बेहतर ढंग से सोच पाते हैं। अबरार कहते है कि यह बात ज्यादा लोग नहीं जानते हैं लेकिन मैं काफी इंट्रोवर्ट हूं और स्केचिंग मुझे बेहद पसंद है। स्केचिंग मेरे लिए ध्यान की तरह है जिससे मुझे अपना फोकस रखने और मन को शांत रखने में मदद मिलती है। मुझे अपने स्केचेस के लिए अपनी कुमकुम भाग्य की टीम और अपने दोस्तों से काफी तारीफें मिलीं। मैं हफ्ते में कम से कम एक पोर्ट्रेट पूरा करने की कोशिश करता हूं। अपना मूड सुधारने और सुकून पाने का सबका अपना तरीका होता है और मेरे लिए स्केचिंग ऐसा ही है। यह बिल्कुल उपचार की तरह है।

### रत्न भंडार की चाबी मुद्दे पर स्टालिन ने कहा : वोटों के लिए मोदी तमिलों को बदनाम नहीं करें

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एमके स्टालिन ने ओडिशा मे भगवान जगन्नाथ मंदिर के कोषागार की गायब चाबियो को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक टिप्पणी पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि यह वोटों की खातिर तमिलों को बदनाम करने का प्रयास है।प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में एक रैली मे कहा था कि भगवान जगन्नाथ मंदिर के कोषागार की चाबियां तमिलनाडु चली गई है। स्टालिन ने यहां एक बयान में कहा कि मोदी को तमिलों की छवि खराब करने वाली इस तरह की टिप्पणी नही करनी चाहिए।प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की चाबियां पिछले छह साल से गायब होने पर चिंता जताते हुए सोमवार को ओडिशा मे नवीन पटनायक नीत बीजू जनता दल (बीजद) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था, पुरी में भगवान जगन्नाथ का मंदिर भी इस सरकार के हाथों में सुरक्षित नही है। उन्होंने कहा था कि ओडिशा जानना चाहता है कि बीजद ने रत्न भंडार चाबियो पर न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को क्यों दबाया।मोदी ने कहा था, मामले मे बीजद की भूमिका संदिग्ध है। भाजपा सरकार 10 जून को सत्ता में आने के बाद रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी।

### फराह खान ने सुनाया अनिल कपूर का किस्सा

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर ओजी बॉलीवुड ट्रेंडसेटर्स फ़राह ख़ान और अनिल कपूर से मिले। 13-एपिसोड की सीरीज़ के इस 9वें एपिसोड में आप फ़राह का साफ दिल और अनिल कपूर के आकर्षक व्यक्तित्व को जान पायेंगे। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में कपिल के पूछने पर फ़राह ख़ान ने खुलासा किया कि अनिल का यह निकनेम कैसे शुरू हुआ था। फ़राह बताती हैं, इसका मतलब कोई पिता वाले पापा जी नहीं है। जब हम 1942 ए लव स्टोरी फिल्म पर काम कर रहे थे, (विधु) विनोद चोपड़ा जी हमारे साथ में थे। जब भी वो कुछ करते, हम (फराह और अनिल) उनकी तारीफ़ करते थे, पापाजी यू आर ग्रेट! या पाप्पा जी यू आर पोप्पो ! फिर पाप्पा जी हमारा कोडवर्ड बन गया। तब से हम जब भी मिलते हैं, एक-दूसरे को पाप्पा जी कहते हैं। इस एपिसोड के बाद पापाजी बेस्टी या बे की जगह ले सकते हैं।

### लैमन का जीरो-कमीशन म्यूचुअल फंड

**मुंबई।** पीपलको की लैमन ने नए निवेशकों को अपने निवेशों में विविधता लाने में मदद करने के लिए ऐप पर म्यूचुअल फंड निवेश सेवा लॉन्च की है। यूजर्स लैमन पर म्यूचुअल फंड में सीधे और बिना कमीशन के निवेश और न्यूनतम 100 रुपये से शुरुआत कर सकते हैं। वे पोर्टफोलियो इंपोर्ट फीचर का उपयोग करके थर्ड पार्टी ऐप्स पर किए गए अपने निवेशों को भी ट्रैक कर सकते हैं। ऐप 40 से अधिक फंड हाउस की स्कीम पेश करता है, जिनमें एचडीएफसी, एसबीआई, एक्सिस जैसे प्रमुख एएमसी शामिल हैं। देवम सरदाना, बिजनेस हेड, लैमन ने लॉन्च पर बोलते हुए कहा, हमारा लक्ष्य पहली बार निवेशकों को निवेश परिदृश्य की गहरी समझ हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है। इस प्रकार, लैमन पर म्यूचुअल फंड पेश करना हमारे लिए एक स्वाभाविक कदम है। भारत के म्यूचुअल फंड उद्योग की तेजी से वृद्धि, जो अमेरिका, जापान और चीन जैसे देशों से भी आगे है और एक स्पष्ट बढ़ती मांग को दर्शाती है। इस मांग को सरल, पारदर्शी और सस्ते उत्पादों की पेशकश करके और अधिक बढ़ाया जा सकता है।

# आईसीसी ने युद्ध के दौरान अपराध के लिए इजराइल, हमास नेताओं को आरोपी बनाया

**एपी।** यरूशलम

**अंतरराष्ट्रीय आपराधिक** अदालत के शीर्ष अभियोजक ने युद्ध के दौरान अपराधों के लिए इजराइल और हमास के प्रमुखों पर आरोप लगाते हुए उन्हें मानवता के खिलाफ जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले वैश्विक नेताओं की सूची में डाल दिया।

मुख्य अभियोजक करीम खान ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू सहित इजराइल के दो नेताओं और हमास के तीन नेताओं के खिलाफ सोमवार को गिरफ्तारी वारंट की घोषणा की।

अभियोजक ने सात अक्टूबर को किए गए हमास पर हमले पर ध्यान केंद्रित किया। इस दिन चरमपंथियों ने दक्षिणी इजराइल पर हमला कर करीब 1,200 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था और करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया था, जिसके जवाब में इजराइल ने गाजा में सैन्य हमला किया जिसमें करीब 35,000 फलस्तीनीयों की मौत हो गई है।

नेतन्याहू ने इस फैसले की सोमवार को निंदा करते हुए इसे वास्तविकता से कोसों दूर करार दिया।

उन्होंने कहा, मैं हेग अभियोजक द्वारा लोकतांत्रिक इजराइल और हमास के सामूहिक हत्यारों के बीच की गई तुलना को कड़े शब्दों के साथ अस्वीकार करता हूं।

वहीं हमास ने एक बयान में आरोप लगाया कि अभियोजक पीड़ित की तुलना जल्लाद से करने की कोशिश कर रहे हैं।

बयान के मुताबिक, हमास के पास इजराइली कब्जे का विरोध करने का अधिकार है।

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत की स्थापना 2002 में हुई थी, जो युद्ध के दौरान अपराधों, मानवता के खिलाफ अपराधों, नरसंहार और हमले संबंधी अपराधों के लिए लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाती है। इजराइल, अमेरिका, चीन और रूस सहित कई देश न्यायालय के क्षेत्राधिकार को स्वीकार नहीं करते।



येरूशलम में इजराइल की संसद नेसेट के बाहर इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान और गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी समूह द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों की रिहाई की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर×बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार का इस्तेमाल किया

## इजराइली सैनिकों ने वेस्ट बैंक में किया हमला, सात फलस्तीनी मारे गए

**एपी।** जेनिन (वेस्ट बैंक)

**इजराइली सैनिकों** ने मंगलवार को वेस्ट बैंक के एक आतंकी ठिकाने पर धावा बोला, जिसमें एक चिकित्सक सहित कम से कम सात फलस्तीनी मारे गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

गाजा पट्टी में सात महीने पहले युद्ध छिड़ने के बाद से क्षेत्र में किए गए सबसे घातक हमलों में से यह एक है।

इजराइली सेना ने कहा कि उत्तरी वेस्ट बैंक के शहर जेनिन में एक अभियान के तहत आतंकवादियों को निशाना बनाया गया। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कम से कम सात फलस्तीनी मारे गए हैं और अन्य नौ घायल हैं। उनकी पहचान अभी जाहिर नहीं की गई है।

फलस्तीनी इस्लामी जिहाद आतंकी समूह ने कहा कि इसके लड़ाकों ने इजराइली सैनिकों का मुकाबला किया।

हालांकि, जेनिन गवर्नमेन्ट हॉस्पिटल के निदेशक विसम अबु बकर के अनुसार, मरने वालों में चिकित्सा संस्थान के सर्जरी विशेषज्ञ ओसाएद कमाल जाबरीन भी शामिल हैं। जेनिन आतंकवाद का एक मुख्य केंद्र रहा है। इजराइल पर सात अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए हमले के बाद गाजा में आतंकी समूह के साथ छिड़े युद्ध से काफी समय पहले से इजराइल ने अक्सर यहां हमले किए हैं।

# ईरान के राष्ट्रपति और अन्य की मौत पर मातम मनाने जुटे लोग

**एपी।** दुबई

**ईरान के** दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन और अन्य अधिकारियों के जनाजे में शामिल होने और मातम मनाने के लिए मंगलवार को लोगों के जुटने का सिलसिला शुरू हो गया है।

ईरान की सरकार ने दिवंगत राष्ट्रपति के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं साथ ही वह इसके जरिए पश्चिम एशिया में शक्ति प्रदर्शन भी करना चाहती है।

ईरान में शिया धर्म आधारित शासन में विशाल प्रदर्शन हमेशा से अहम रहे हैं। यहां तक कि 1979 की इस्लामिक क्रांति के दौरान भी तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह रुहुल्लाह खुमैनी के स्वागत में लाखों लोग राजधानी तेहरान की सड़कों पर उतर आए थे।

पड़ोसी देश बगदाद में अमेरिकी ड्रोन हमले में 2020 में मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के जनरल कासिम सुलेमानी के जनाजे में एक अनुमान के अनुसार 10 लाख लोग शामिल हुए थे।

दिवंगत राष्ट्रपति रईसी, विदेशमंत्री अमीराब्दुल्लाहियन और अन्य के जनाजे में इतनी ही भीड़ जुटने की संभावना पर सवाल है क्योंकि इनकी मौत हेलीकॉप्टर हादसे में हुई है और रईसी देश के इतिहास में सबसे कम अंतर से चुनाव जीते थे एवं उन्होंने सभी विरोधियों के खिलाफ कड़ाई से कार्वाई की थी।

अभियोजकों ने पहले ही चेतावनी दी है कि किसी ने रईसी के निधन पर खुशी का इजहार किया तो उसके खिलाफ भी कार्वाई की जाएगी। हेलीकॉप्टर हादसे के बाद से ही तेहरान की सड़कों पर भारी तादाद में सुरक्षाबल तैनात हैं।

रईसी (63)की चर्चा ईरान के सर्वोच्च नेता 85 वर्षीय अयातुल्लाह अली खामनेई के संभावित उत्तराधिकारी के तौर पर होती थी लेकिन अब यह संभावना समाप्त हो गई है।राष्ट्रपति चुनाव 28 जून को कराने की घोषणा की गई है लेकर शीर्ष नेता की ओर से उत्तराधिकारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

हेलीकॉप्टर जिस स्थान पर रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हुआ था उसके नजदीकी प्रमुख शहर तबरेज़ की संकरी गलियों से होकर मारे गए लोगों के ताबूत मंगलवार को जब ले जाए जा रहे थे तो हजारों की संख्या में लोग काले मातमी लिबास में ताबूतों के साथ चल रहे थे। उनमें से कुछ ताबूत पर पुष्प वर्षा कर रहे हैं और लाउडस्पीकर पर लोग रोते हुए मारे गए लोगों को शहीद बताते हुए उद्घोष किए जा रहे हैं।

शवों को मंगलवार को तेहरान लाए जाने से पहले शियाओं के पवित्र शहर कौम ले जाया जाएगा। बुधवार को मारे गए लोगों को जनाजे की नमाज खामनेई के नेतृत्व में पढ़ी जाएगी जिसके बाद जुलुस के रूप में रईसी के जनाजे को बृहस्पतिवार को उनके गृहनगर बीरजंद ले जाया जाएगा और वहां से पवित्र मशहाद शहर में इमाम रज़ा की दरगाह में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। इमाम रज़ा एकमात्र शिया इमाम हैं जो ईरान में दफन हैं।

# एनमेस्टी प्रमुख ने पाक में आम लोगों के खिलाफ सैन्य अदालत में मुकदमा चलाने की आलोचना की

**भाषा।** कराची

**एमनेस्टी इंटरनेशनल** की प्रमुख डॉ एग्नेस कैलामार्ड ने कहा है कि पिछले साल नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले के आरोप में सैन्य अदालतों को 100 से ज्यादा लोगों पर मुकदमा नहीं चलाना चाहिए।

एमनेस्टी इंटरनेशनल की महासचिव कैलामार्ड ने सरकार से अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा और नागरिक एवं राजनीतिक अधिकारों संबंधी अंतरराष्ट्रीय नियम साफ तौर पर कहता है कि असैन्य नागरिकों के खिलाफ सैन्य अदालतों में मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए।

डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, दक्षिण एशिया के पहले दौरे पर आईं एमनेस्टी प्रमुख ने कहा कि आम नागरिकों के खिलाफ सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाना अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अस्वीकार्य है, लेकिन दुखद है कि पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास में यह होता आया है और यह कोई नई बात नहीं है। कैलामार्ड ने पारदर्शिता, उचित प्रक्रिया और न्यायिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर जोर देते हुए पाकिस्तान से अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को बनाए रखने और निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार सुनिश्चित करने वाली संवैधानिक गारंटी की रक्षा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सैन्य अदालतों का उपयोग संवैधानिकता को खतरे में डाल रहा है। पाकिस्तान में सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रतिबंध को लेकर कैलामार्ड ने कहा कि देश में अभिव्यक्ति की आजादी के कम होते स्थान को लेकर एमनेस्टी काफी चिंतित है।

उन्होंने प्रतिबंध को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया। कैलामार्ड ने कहा कि हर चीज को निशाना बनाया जा रहा है, जिनमें अभिव्यक्ति के साधन और पत्रकार भी शामिल हैं। पाकिस्तान ने फैसला किया है कि पिछले साल खान की गिरफ्तारी के बाद सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों के सिलसिले में 100 से ज्यादा असैन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। इस घोषणा के बाद कैलामार्ड का यह बयान आया है।

# विरोध गीत पर प्रतिबंध संबंधी आदेश की अवज्ञा पर निगरानी रखेगा हांगकांग

**एपी।** हांगकांग

**हांगकांग के** नेता ने मंगलवार को कहा कि उनका प्रशासन प्रदर्शन संबंधी एक लोकप्रिय गीत पर प्रतिबंध लगाने के अदालती आदेश की अवज्ञा पर निगरानी रखेगा।

इससे कुछ दिन पहले यूट्यूब ने शहर में इस गीत की धुन वाले कई वीडियो पर रोक लगा दी थी।

अदालत ने 2019 में सरकार विरोधी व्यापक प्रदर्शन के दौरान गाए गए लोकप्रिय गीत ग्लोरी टू हांगकांग के प्रसारण या वितरण पर रोक लगा दी है। यह गीत चीन से हांगकांग को अलग करने की पैरवी करता है। साथ ही ऐसे किसी भी कार्य पर रोक लगाई गई है जो राष्ट्रगान का अपमान करने के इरादे से इस गीत को राष्ट्रगान के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत करता है।

हांगकांग के मुख्य कार्यकारी जॉन ली ने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर सरकार ने इस आदेश के गैर–अनुपालन की कोई घटना पाई तो कार्वाई की जाएगी।

उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि ऑपरेटर कानून के तहत काम करेंगे, हम स्थिति पर नजर रखते रहेंगे।

अदालत के इस आदेश से हांगकांग की अभिव्यक्ति की आजादी और इंटरनेट की आजादी को लेकर चिंता पैदा हो गई है।

गत सप्ताह, यूट्यूब ने इस गीत के 32 वीडियो तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया था जिन्हें शहर में दर्शकों के लिए निषिद्ध प्रसारण माना गया था। कंपनी ने कहा था कि वह अदालत के फैसले से निराश है और अपील के विकल्प पर गौर करेगी।

बहरहाल, एसोसिएटेड प्रेस को मंगलवार सुबह यूट्यूब पर इस गीत के वीडियो मिले। यह गीत स्पोटिफाई और एप्पल म्यूजिक पर भी उपलब्ध है।

## अमेरिका ने बांग्लादेश के पूर्व सेना प्रमुख जनरल अजीज अहमद पर लगाए प्रतिबंध

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका ने** बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के कारण सोमवार को प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि उनके कदमों ने बांग्लादेशी लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं में लोगों के भरोसे को कमजोर किया।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर बड़े भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाने की आज सार्वजनिक रूप से घोषणा की।

मिलर ने कहा, उनके (अहमद के) कदमों ने बांग्लादेश के लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थानों और प्रक्रियाओं में जनता के विश्वास को कम करने में योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि अजीज अहमद ने बांग्लादेश में आपराधिक गतिविधियों के लिए जवाबदेही से बचने में अपने भाई की मदद करने के लिए सार्वजनिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करके बड़ा भ्रष्टाचार किया।

मिलर ने कहा कि अजीज ने अपने भाई के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया कि सैन्य अनुबंध अनुचित तरीके से दिए जाएं और वे अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए सरकारी नियुक्तियों के बदले में रिश्वत ले सकें।

उन्होंने कहा, यह प्रतिबंध बांग्लादेश में लोकतांत्रिक संस्थानों एवं कानून के शासन को मजबूत करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। अमेरिका सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी एवं किफायती बनाने, व्यापार एवं नियामक संबंधी माहौल में सुधार करने और धनशोधन एवं अन्य वित्तीय अपराधों की जांच करने एवं उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए क्षमता निर्माण में सहायता करके बांग्लादेश में भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों का समर्थन करता है।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रूस समर्थित प्रस्ताव को खारिज किया

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**अंतरिक्ष में** हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद ने सोमवार को खारिज कर दिया। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था जो अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है।

सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं।

पिछले महीने रूस के प्रतिद्वंदी देश अमेरिका और जापान ने सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा था जो खारिज हो गया था। अमेरिका और जापान द्वारा रखे प्रस्ताव में अलग–अलग प्रकार के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारी तबाही का कारण बन सकते हैं। वहीं रूस के प्रस्ताव में सभी प्रकार के हथियारों पर चर्चा की गई।

अमेरिका और उसके सहयोगियों का कहना है कि 15 सदस्ईय परिषद में सोमवार को जिस प्रस्ताव पर चर्चा हुई उसका मकसद सिर्फ और सिर्फ रूस की अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती की वास्तविक मंशा से विश्व का ध्यान भटकाना है।

अमेरिकी उपराजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया, आज हमारे सामने रखा गया प्रस्ताव और कुछ नहीं बल्कि रूस की ध्यान भटकाने की पराकाष्ठा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इस तथ्य को खारिज किया कि उनका देश दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर मतदान हमारे पश्चिमी सहयोगियों के लिए सच सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है।

चीन और अन्य देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था।

नेबेंजिया ने कहा, अगर वे इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं करते हैं तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि उनका मुख्य मकसद खुद को बाहरी अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती के संबंध में आजाद रखने का है।

हर राष्ट्र कहता है कि वे हथियारों को अंतरिक्ष से दूर रखना चाहते हैं और परिषद के सदस्य देशों ने भी सोमवार को इसे दोहराया है। लेकिन जब बात मतदान की आती है तो परिषद रूस और अमेरिका के प्रस्तावों पर दो भागों में बंट गया और स्विट्जरलैंड मतदान प्रक्रिया से नदारद रहा।

यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के नियमों के तहत गिर गया क्योंकि उसे जरूरी नौ मत नहीं प्राप्त हुए।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के डिलिवरी बॉय को जेल की सजा

**भाषा।** सिंगापुर

**भारतीय मूल** के एक डिलिवरी बॉय (सेवा प्रदाता कंपनी का प्रतिनिधि) को एक थोक विक्रेता के लिए काम करते हुए 1,70,000 सिंगापुर डॉलर से ज्यादा मूल्य के मांस उत्पाद चुराने के मामले में सोमवार को 30 महीने जेल की सजा सुनाई गई।

टुडे समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शिवम करुप्पन (42) और ची सॉन्ग फूड्स विक्रेता में काम करने वाला उसका एक अन्य सहकर्मी चुराए हुए मांस उत्पादों को ग्राहक को बेचते थे और इससे प्राप्त धन को अपने पास रखते थे। करुप्पन के सहयोगी के खिलाफ अदालत में मामला फिलहाल शुरू नहीं हुआ है। करुप्पन का सहयोगी नेशान गुणसुंदरम (27) भी भारतीय मूल का नागरिक है, जिसे कंपनी ने गोदाम में सुपरवाइजर के रूप में तैनात किया था।

## नाइजीरिया : चरमपंथी समूह बोको हराम के चंगुल से सैकड़ों लोगों को मुक्त कराया गया

**एपी।** मैदुगुरी (नाइजीरिया)

**नाइजीरिया के** उत्तरी पूर्वी हिस्से में चरमपंथी समूह बोको हराम द्वारा जंगल में महीनों तक बंधन बनाकर रखे गए सैकड़ों लोगों को मुक्त कराकर अधिकारियों को सौंप दिया गया है। सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि मुक्त कराए गए लोगों में अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं और ए कई महीनों या सालों से बंधक थे।

नाइजीरियाई सेना के वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल केन चिग्बु ने सोमवार को मुक्त कराए गए लोगों को बोर्नो में असैन्य प्रशासन को सौंपने के दौरान कहा कि 350 बंधकों को बोको हराम ने सम्बिसा के जंगलों में बंधक बनाकर रखा था।

उन्होंने बताया कि 209 बच्चे, 135 महिलाएं और छह पुरुष मुक्त कराए गए हैं। फटे–पुराने कपड़ों में ए लोग बहुत थके हुए नजर आए। माना जाता है कि कुछ लड़कियों ने दुष्कर्म या उग्रवादियों से जबरन शादी के बाद बच्चों को जन्म दिया होगा। एक बंधक महिला के सात बच्चे हैं और उसने बताया कि बच्चों की वजह से वह एवं अन्य लोग भागने की कोशिश नहीं कर सके।

मुक्त कराई गई हाजरा उमरा ने कहा, मैं हमेशा मुक्त होना चाहती थी लेकिन बच्चों के कारण ऐसा नहीं कर सकी। उसने बताया, भागते समय पकड़े जाने पर वे यातना देते और अनिश्चितकाल के लिए कारागार में डाल देते।

नाइजीरिया में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों के मुताबिक बोको हराम नाइजीरिया का जेहादी समूह है जिसकी स्थापना 2009 में देश में इस्लामिक शरिया कानून लागू करने के लिए की गई थी। बोको हराम के हमले और हिंसा में अब तक कम से कम 35 हजार लोग मारे गए हैं और 21 लाख लोग विस्थापित हुए हैं।

# क्या ईरान अपने राष्ट्रपति की मृत्यु के बाद राजनीतिक संकट से बच सकता है?

**द कन्वरसेशन।** गीलॉन्ग (ऑस्ट्रेलिया)

**इस सप्ताह** एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मृत्यु इस्लामी गणतंत्र ईरान के सबसे चुनौतीपूर्ण समय में से एक के दौरान हुई।

राजनीतिक अभिजात वर्ग में एक खास मुकाम रखने वाले रईसी का ईरान की घरेलू नीतियों पर गहरा प्रभाव था। वह क्षेत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों के साथ संबंध सुधारने के ईरान के हालिया कदमों के केंद्र में भी थे।

उनके व्यापक प्रभाव को देखते हुए, उनकी अनुपस्थिति का देश के घरेलू मामलों पर क्या असर होगा? और इसका क्षेत्र में देश के संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**खतरनाक समय में स्थिरता बनाए रखना**

रईसी की सरकार बहुत रूढ़िवादी थी और उनके देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ घनिष्ठ संबंध थे। दोनों पक्षों के बीच लगभग कोई संघर्ष या असहमति नहीं थी, जो पिछली सरकारों के विपरीत थी, जिनमें से अधिकांश में नेता के साथ कुछ दूरी या तनाव था।

रईसी को 85 वर्षीय खामेनेई, जो 35 वर्षों से देश के सर्वोच्च नेता का पद संभाल रहे हैं, के उत्तराधिकारी की दौड़ में अग्रणी उम्मीदवारों में से एक माना जाता था। देश के रूढ़िवादी हलकों में उनके व्यापक प्रभाव ने उन्हें ईरान के नेतृत्व के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बना दिया था।

हालाँकि, उनकी मृत्यु, जो उनके दूसरे कार्यकाल के समापन से एक साल पहले हुई, घरेलू, क्षेत्रीय और अंर्ताष्ट्रीय चुनौतियों की पृष्ठभूमि के बीच हुई।

ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए अमेरिका द्वारा लगाए गए गंभीर प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, जिससे अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान हुआ है और लोगों के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

सितंबर 2022 में नैतिकता पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत पर देश ने अपने इतिहास के सबसे उग्र विरोध आंदोलनों में से एक का सामना किया।

देश के विभिन्न हिस्सों में भी स्थानीय विरोध प्रदर्शन हुए हैं, ज्यादातर आर्थिक संकट और सरकार की कुछ घरेलू नीतियों को लेकर।

इसके अलावा, इस साल मार्च में संसदीय चुनावों में देश के इतिहास में सबसे कम मतदान दर देखी गई। नतीजतन, नए चुनाव कराना, जो रईसी की मृत्यु के 50 दिनों के भीतर अनिवार्य है, ऐसे समय में शासन के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है जब इसकी सार्वजनिक वैधता अपने सबसे निचले स्तर पर है।

यही नहीं, इज़राइल के साथ चल रहे छाया युद्ध में हालिया वृद्धि ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है और कई साजिश सिद्धांतों को हवा दी है। जनता में अफवाहों ने जोर पकड़ लिया है कि राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर दुर्घटना इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, ड्रोन हमले या यहां तक कि इज़राइल द्वारा किए गए जमीनी हमले का परिणाम था। (सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने कहा कि दुर्घटना तकनीकी विफलता के कारण हुई थी।)



हालाँकि, इन चुनौतियों के बावजूद, ईरान में शक्ति की गतिशीलता की प्रकृति के कारण सत्ता के हस्तांतरण से देश की स्थिरता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

ईरानी राजनीतिक व्यवस्था में सर्वोच्च नेता के मार्गदर्शन में कई परस्पर जुड़े हुए मंडल शामिल हैं। एक मुख्य खिलाड़ी को खोने से कोई बड़ा व्यवधान नहीं होगा जब कई अन्य खिलाड़ी उस स्थान को भरने के लिए तैयार हों।

नए चुनाव होने तक उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर ने कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कदम रखा है। यह उम्मीद की जाती है कि सर्वोच्च नेता के करीबी रूढ़िवादी आंतरिक मंडल न्यूनतम चुनौतियों के साथ एक सुचारु परिवर्तन का लक्ष्य रखते हुए, चुनाव के लिए अपने पसंदीदा उम्मीदवार का चयन करेंगे। जैसा कि खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट किया:

देश को चिंतित या परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि देश का प्रशासन बाधित नहीं होगा।

हालाँकि, इस्लामिक गणराज्य में नेतृत्व का एक ऐतिहासिक विश्लेषण रूढ़िवादियों और सुधारवादियों के बीच सत्ता परिवर्तन के आवर्ती रूख का सुझाव देता है, जो ईरानी राजनीति में संतुलन की भावना पैदा करता है और शासन की सार्वजनिक वैधता को बढ़ावा देता है।

इसलिए, भले ही रईसी के उत्तराधिकारी को एक रूढ़िवादी आंतरिक हलके द्वारा नामित और समर्थित किया जाएगा, वह कुछ हद तक उदारवादी रुख अपना सकता है। वर्तमान संसद अध्यक्ष, मोहम्मद बघेर ग़ालिबफ़, या पूर्व अध्यक्ष अली लारिजानी जैसे लोग, जो दोनों उदारवादी रूढ़िवादी हैं, इस खांचे में फिट बैठते हैं।

**ईरान के पड़ोसियों के लिए इसका क्या मतलब होगा?**

अपने कार्यकाल के दौरान, रईसी ने देश की विदेश नीति को मध्य पूर्व की ओर अधिक स्थानांतरित कर दिया, जिससे यह सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई। यह उनके पूर्ववर्ती हसन रूहानी की नीतियों के उलट है, जिन्होंने यूरोपीय देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने और अन्य पश्चिमी देशों के साथ संबंधों को सामान्य बनाने को प्राथमिकता दी थी।

उदाहरण के लिए, रईसी के राष्ट्रपति काल के दौरान, इराक ने ईरान और सऊद्दी अरब के बीच पांच दौर की वार्ता की मेजबानी की, जिसका समापन 2023 की शुरुआत में दोनों के बीच संबंधों के ऐतिहासिक सामान्ईकरण में हुआ।

तत्कालीन इराकी प्रधान मंत्री के रणनीतिक संचार के पूर्व सलाहकार के रूप में, मेरे लिए यह स्पष्ट हो गया कि ईरान अपने पड़ोसियों के साथ रणनीतिक, दीर्घकालिक, मजबूत संबंध बनाने के लिए गंभीर था।

इन वार्ताओं के नतीजे ने यमन में एक लंबे गृह युद्ध के अंत को चिह्नित किया, सीरिया के साथ अरब देशों के संबंधों को सामान्य बनाने में मदद की और इराक में स्थिरता बढ़ाने में योगदान दिया।

इसके अतिरिक्त, ईरान ने हाल ही में इराक की मदद से जॉर्डन और मिस्र के साथ महत्वपूर्ण बातचीत की है। इन पहलों ने क्षेत्र में लंबे समय से हावी रहे सांप्रदायिक संघर्षों से आगे बढ़ने और अधिक सहयोग के लिए आधार तैयार करने का मौका दिया।

रईसी के राष्ट्रपति रहने के दौरान ईरान की चीन और रूस दोनों के साथ घनिष्ठता बढ़ी, जो सर्वोच्च नेता द्वारा समर्थित पूर्व की ओर एक रणनीतिक, दीर्घकालिक झुकाव को दर्शाता है।

हालाँकि, ईरान ने रूहानी के कार्यकाल की तुलना में अलग रणनीति अपनाते हुए, अपने परमाणु कार्यक्रम पर पश्चिमी शक्तियों के साथ बातचीत जारी रखी।

नए राष्ट्रपति के तहत ईरान की विदेश नीति वैसी ही रहने की संभावना है। हेलीकॉप्टर दुर्घटना (जिसने वर्तमान विदेश मंत्री की भी जान ले ली) के बाद कार्यवाहक विदेश मंत्री के रूप में अली बाघेरी कानी की नियुक्ति इस निरंतरता को मजबूत करती है।

कानी, जिन्होंने रईसी के तहत परमाणु वार्ता का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, देश की स्थापित विदेश नीति दिशा के अनुरूप हैं।

इसके अलावा, ईरान के अपने पड़ोसियों के साथ घनिष्ठ संबंध अलगाव से अधिक स्थाई बदलाव का संकेत देते हैं। अल्पावधि में इसमें सुधार जारी रहने की संभावना है।

# डबल अय्यर का धमाल, केकेआर फाइनल में

## ● सनराइजर्स को 8 विकेट से किया पराजित



**भाषा** । अहमदाबाद

**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 के पहले क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सनराइजर्स की पारी को 159 रन पर समेटने के बाद केकेआर ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बना कर शानदार जीत दर्ज की। केकेआर के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 58 और वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 51 रन की पारी खेली। इससे पहले मिचेल स्टार्क (34 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद की पारी को 19.3 ओवर में 159 रन पर समेट दिया।स्टार्क को शुरुआती ओवरों में वैभव अरोड़ा (17 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने शुरुआती दो ओवरों में शानदार लय में चल रहे सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों ट्रेविस हेड (शून्य) और अभिषेक शर्मा (तीन) को पवेलियन की राह दिखा दी। वरुण चक्रवर्ती (26 रन पर दो विकेट) और सुनील नारायण (40 रन पर एक विकेट) की फिरकी ने मध्यक्रम में सनराइजर्स के बल्लेबाजों को ज्यादा देर तक पैर जमाने का मौका नहीं दिया। हर्षित राणा (27 रन पर एक विकेट) और आंद्रे रसेल (15 रन पर एक विकेट) को भी एक-एक सफलता मिली।सनराइजर्स के लिए राहुल त्रिपाठी ने 35 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का की मदद से 55 रन बनाने के साथ हेनरिच क्लासेन (32) के साथ महज 37 गेंद में 62 रन की आक्रामक साझेदारी की। क्लासेन ने 21 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरों में कप्तान पैट कमिंस ने 24 गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के की मदद से 30 रन बनाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। इस मैच को जीतने वाली टीम 26 मई को खेले जाने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी जबकि हारने वाली टीम राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले जाने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी।

### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स पारी:** हेड बो स्टार्क 00,अभिषेक शर्मा का रसेल बो अरोड़ा 03, त्रिपाठी रन आउट 55, रेड्डी का रहमानुल्लाह बो स्टार्क 09, अहमद बो स्टार्क 00,क्लासेन का रमनदीप बो चक्रवर्ती 32,समद का अय्यर बो हर्षित 16, सनवीर बो नारायण 00, कमिंस का रहमानुल्लाह बो रसेल 30,भुवनेश्वर पगबाधा चक्रवर्ती 00, व्यासकांत नाबाद 07,**अतिरिक्त:** 07,**कुल योग:** (19.3 ओवर मे सभी आउट) 159 रन, **विकेट पतन:** 1-0, 2-13, 3-39, 4-39, 5-101, 6-121, 7-121, 8-125, 9-126,**गेंदबाजी** : स्टार्क 4-0-34-3,अरोड़ा 2-0-17-1,हर्षित 4-0-27-1, नारायण 4-0-40-1, रसेल 1.3-0-15-1, चक्रवर्ती 3-0-15-2

**केकेआर पारी:** गुरबाज का व्यासकांत बो नटराजन 23, नारायण का व्यासकांत बो कमिंस 21,अय्यर नाबाद 51, अय्यर नाबाद 58,**अतिरिक्त:** 11,**कुल योग:** (13.4 ओवर मे दो विकेट पर) 164 रन,**विकेट पतन:** 1-44, 2-67 **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर 3-0-28-0,कमिंस 3-0-38-1,नटराजन 3-0-22-1,व्यासकांत 2-0-22-0, रेड्डी 1.4-0-32-0,शाहबाज 1-0-13-0

# पेशेवर खेल में आपको कोई उम्र संबंधी छूट नही मिलती: धोनी

**भाषा** । नई दिल्ली



**करिश्माई विकेटकीपर** बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उनके पास कड़ी मेहनत करते रहने और फिट रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है क्योंकि पेशेवर खेलों में किसी को उम्र संबंधी कोई छूट नहीं मिलती है। भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान 43 साल के करीब पहुंचने के बाद बावजूद फिटनेस के मामले में शानदार है। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में छक्के मारने की क्षमता को बरकरार रखते हुए प्रभावित किया। इस सत्र की शुरुआत में रुतुराज गायकवाड़ को चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी सौंपने वाले धोनी ने आईपीएल लीग चरण के सभी 14 मैच खेले और निचले क्रम पर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से काफी प्रभाव छोड़ा। विश्व कप विजेता कप्तान ने 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए। इससे कई लोगों को यह विश्वास हो गया कि वह आईपीएल में दो और साल खेल सकते हैं। इस महान खिलाड़ी ने यह स्वीकार किया कि लीग से पहले कोई क्रिकेट खेले बिना सीधे आईपीएल आकर प्रदर्शन करना कठिन है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में धोनी ने कहा, सबसे मुश्किल बात यह है कि मैं पूरे साल क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। इसलिए मुझे फिट रहना होता है। जब यहां पहुंचता हूं तो आप उन युवाओं के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं जो फिट हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। पेशेवर खेल आसान नहीं है, कोई भी आपको उम्र के हिसाब से छूट नहीं देता। धोनी ने दुबई आई 103.8 यूट्यूब चैनल पर पोस्ट वीडियो में कहा, अगर आप खेलना चाहते हैं, तो आपको अन्य लोगों की तरह फिट रहना होगा। ऐसे में खान-पान की आदतें, थोड़ा प्रशिक्षण पर काफी ध्यान देना होता है। सोशल मीडिया का आप पर काफी असर होता है लेकिन, शुक्र है कि मैं सोशल मीडिया पर नहीं हूं, इसलिए ध्यान कम भटकता है। झारखंड के इस महान क्रिकेटर के लिए खेती, बाइक चलाना और पुरानी कारें जैसी चीजें उनके लिए स्ट्रेस बस्टर (तनाव कम करना) का काम करती हैं। उन्होंने कहा, जब मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ दिया, तो मैं अपने परिवार के साथ कुछ और समय बिताना चाहता था।

## शारजाह शतरंज: अरविंद चिदंबरम हारे, बढ़त गंवाई

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम को सातवें दौर में ईरान के बार्दिया दानेश्वर के खिलाफ बड़ी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे उन्होंने बाजी के अलावा शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट मे बढ़त भी गंवा दी। दानेश्वर के खिलाफ हार के साथ अरविंद शीर्ष स्थान से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर खिसक गए। सैम शैंक्लैंड ने अमेरिका के अपने हमवतन हेंस मोके नीमैन को हराया जिससे उनके ईरान के खिलाड़ी के बराबर अंक हो गए है। दानेश्वर और शैंक्लैंड दोनो के 5.5 अंक है। दानेश्वर के खिलाफ अरविंद अच्छी स्थिति मे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने बड़ी गलती करते हुए बाजी गंवा दी।

## जर्मनी के डिफेंडर कार्ल-हेंज का निधन

**कोलोन (जर्मनी)।** पश्चिम जर्मनी के लिए 1966 के फुटबॉल विश्व कप फाइनल सहित चार विश्व कप में खेलने वाले कार्ल-हेंज श्नेलिंगर का निधन हो गया। वह 85 बरस के थे। जर्मन सॉकर महासंघ और श्नेलिंगर के पूर्व क्लब कोलोन दोनो ने मंगलवार को उनके निधन की जानकारी दी लेकिन विस्तार से कुछ नही बताया। बाएं छोर से डिफेंडर के रूप मे खेलने वाले श्नेलिंगर ने पश्चिम जर्मनी के लिए 1958, 1962, 1966 और 1970 के विश्व कप में 17 मैच खेले। वह कुल मिलाकर 47 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

## ब्रावो अफगानिस्तान के गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त

**काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मंगलवार को वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज ड्वेन ब्रावो को एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम का गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त किया। टी20 विश्व कप के दो बार के विजेता ब्रावो अमेरिका और कैरेबियाई देशो मे होने वाले इस प्रमुख आयोजन से पहले तैयारी शिविर के दौरान टीम से जुड़ेंगे। एसीबी ने यहां जारी बयान मे कहा, अफगानिस्तान की टीम पहले ही सेंट किट्स एवं नेविस पहुंच चुकी है।

## चंद्रू जी ने डब्ल्यूबीसी इंडिया राष्ट्रीय खिताब जीता

हैदराबाद। तमिलनाडु के उभरते हुए मुक्केबाज चंद्रू जी ने पंजाब के जसकरण सिंह को चौथे दौर में नॉकआउट करते हुए डब्ल्यूबीसी इंडिया क्रूजरवेट चैपियनशिप खिताब जीता। इस मुकाबले में 10-0 के जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ उतरे चंद्रू उम्मीद के मुताबिक जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने हालांकि धीमी की शुरुआत की और जसकरण (9-3) ने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए बढ़त बना ली। दूसरे दौर से हालांकि चंद्रू ने दबदबा बनाना शुरू किया और फिर विरोधी मुक्केबाज को कोई मौका नही दिया।

## युवा को लुभा रही गेंमिंग तकनीकी

**नई दिल्ली।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांडए वीवो ने अपने प्रीमियम वाई सीरीज पोर्टफोलियो में अपना लेटेस्ट स्मार्टफोन वीवो वाई 200 प्रो 5जी पेश किया। वाई 200 प्रो 5जी का एक आकर्षक डिज़ाइन है और यह दो शानदार रंगों , सिल्क ग्रीन और सिल्क ब्लैक में उपलब्ध होगा। इसमें गेंमिंग का भी ध्यान रख गया। 24,999 रूपये की कीमत वाला, वाई 200 प्रो 5जी में केवल एक 8 जी बी. 128 जी बी स्टोरेज वेरिएंट होगा और यह फ्लिपकार्ट, वीवो इंडिया ई.स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर्स पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। नए प्रोडक्ट के लॉन्च पर वीवो इंडिया की कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी हेड गीता चनाना ने कहा कि वीवो की प्रीमियम वाई सीरीज शानदार डिजाइन और किफ ायती दाम में बेहतरीन कैमरा परफॉर्मेंस देने के लिए जानी जाती है। हम अपने युवा, टेक्नोलॉजी पसंद करने वाले यूज़र्स को ऐसे स्मार्टफोन से लैस करना चाहते हैं जो उनकी स्टाइल से मेल खाए और उन्हें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से और सशक्त बनाए।

# राजस्थान रॉयल्स के सामने आत्मविश्वास से लबरेज आरसीबी की कठिन चुनौती

## ● आईपीएल एलिमिनेटर मुकाबला आज

**भाषा** । अहमदाबाद



**संजू सैमसन** की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ में आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की कठिन चुनौती होगी जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है। एक समय पर रॉयल्स का शीर्ष दो में रहना तय लग रहा था लेकिन लगातार चार हार और केकेआर के खिलाफ आखिरी मैच बारिश में धुलने के कारण वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद तीसरे स्थान पर रही। दूसरी ओर आरसीबी प्लेआफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची। पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद फाफ डु प्लेसी की टीम ने गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर प्लेआफ में जगह बनाई। रॉयल्स चार हार और एक वर्षाबाधित मैच रद्द होने के बाद यहां पहुंची है तो आरसीबी ने लगातार छह जीत दर्ज करके अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। आईपीएल के पहले सत्र 2008 की चैम्पियन रॉयल्स कुछ सप्ताह पहले खिताब की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थी लेकिन पिछले चार मैचों में उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरियां उजागर हुई। जोस बटलर के इंग्लैंड लौट जाने से उसकी बल्लेबाजी पर असर पड़ा है। अब यशस्वी जायसवाल (348 रन), कप्तान सैमसन (504 रन) और रियान पराग (531 रन) को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। सैमसन और पराग के अलावा इंग्लैंड के टॉम होलेर कैडमोर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। शिमरोन हेटमाएर निचले क्रम को मजबूती दे सकते हैं हालांकि अभी तक बल्ले से इस सत्र में कमाल नहीं कर सके हैं। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम बाकी मैदानों की तरह बल्लेबाजों की ऐशगाह नहीं है लिहाजा यहां रॉयल्स के गेंदबाज उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस मैदान पर इस सत्र में 12 पारियों में सिर्फ दो बार 200 से पार का स्कोर बना है यानी अनुशासित गेंदबाजी करने वाली टीम का पलड़ा भारी हो सकता है। दूसरी ओर आरसीबी के विराट कोहली इस सत्र में 14 मैचों में 708 रन बना चुके हैं और वह ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी भी फॉर्म में लौट आए हैं जबकि रजत पाटीदार ने भी पांच अर्धशतक जमाए हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स के जाने का आरसीबी पर असर नहीं पड़ा है चूंकि निचले क्रम पर दिनेश कार्तिक 195 की स्ट्राइक रेट से अधिक से रन बना रहे हैं।

## त्रिसा–गायत्री मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर।** भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर मे पहुंच गई। राष्ट्रमंडल खेलो की कांस्य पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन और लियांग जिंग यू को 21-14, 21-10 से हराया। पुरूष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हार गए। पिछले साल दिसंबर में ओडिशा मास्टर्स जीतने वाले सतीश कुमार करुणाकरन ने मलेशिया के चीम जून वेइ को 21-15, 21-19 से हराया लेकिन इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 21 -13, 20-22, 13-21 से हार गए। विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने हमवतन कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21-7, 21-14 से हराया लेकिन थाईलैंड के पानीचाफोन तीराराटसाकुल से 21-23, 12-16, 17-21 से हार गए। पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता एस शंकर सुब्रहमण्यन को रुस्तावितो ने पहले दौर मे 21-12, 21 -17 से हराया।

# सात्विक-चिराग का विश्व में नंबर एक रैंकिंग

**भाषा** । नई दिल्ली



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने थाईलैंड ओपन में जीत के बाद मंगलवार को पुरुष युगल विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में हार के बाद भारतीय जोड़ी तीसरे नंबर पर खिसक गई थी। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण इस जोड़ी ने चीन में एशिया चैंपियनशिप में वॉकओवर दे दिया था। भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड ओपन में जोरदार वापसी करते हुए चीन के चेन बो यांग और लियू ई पर सीधे गेम में जीत के साथ सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता। यह जोड़ी बीडब्ल्यू की नवीनतम रैंकिंग में 99670 अंकों के साथ दो पायदान चढ़कर पांच सप्ताह के बाद फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल रैंकिंग में एक स्थान फिसलकर 15वें नंबर पर आ गई। एचएस प्रणय ने अपनी नौवीं रैंकिंग बरकरार रखी और पुरुष एकल के शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय है। लक्ष्य सेन तीन स्थान गिरकर 14वें नंबर पर खिसक गए।

## गेमिंग टीडब्ल्यूएस बढ़ेगा रोमांच

**बेंगलुरू।** भारत के नंबर 1 रेटेड ऑडियो ब्रांड बोल्ट ने बहुप्रतिक्षित जेड-40 गेमिंग और वाय1 गेमिंग ईयरबड्स के लॉन्च के साथ गेमिंग टीडब्ल्यूएस सेगमेंट में प्रवेश किया है। बोल्ट के इन दोनों टीडब्ल्यूएस में गेमिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई प्रभावशाली फीचर्स शामिल किए गए हैं, जिसमें डुअल डिवाइस कनेक्टिविटी, ब्लूटूथ 5.4 टेक्नोलॉजी और 40एमएस की अल्ट्रा-लो लेटेंसी के साथ कॉम्बैट गेमिंग मोड में, आप डिवाइस के बीच आसानी से स्विच कर सकते हैं और न्यूनतम लेटेंसी के साथ इमर्सिव गेमिंग सेशन का आनंद ले सकते हैं। दोनों टीडब्ल्यूएस में इनबिल्ट जैडईएन क्वाड माइक ईएनसी टेक्नोलॉजी शोरगुल वाले माहौल में भी क्लीयर कम्युनिकेशन की गारंटी प्रदान करता है। दोनों टीडब्ल्यूएस ईयरबड्स को आईओएस ऐप स्टोर और गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध बोल्ट एम्प ऐप के माध्यम से कनेक्ट और संचालित किया जा सकता है। ये टीडब्ल्यूएस ईयरबड मेड इन इंडिया हैं।इसके अनूठे ब्लैक मोस और इलेक्ट्रिक व्हाइट रंग वेरिएंट्स, जिनमें लगी आरजीबी लाइट्स आपके गेमिंग सेटअप को स्टाइलिश टच देती है। वरुण गुप्ता, को-फाउंडर और सीईओ, बोल्ट ने प्रोडक्ट लॉन्च पर बोलते हुए कहा, इनोवेशन के प्रति हमारा अटूट समर्पण और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता हमें ऑडियो टेक्नोलॉजी की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। हमारे लेटेस्ट गेमिंग टीडब्ल्यूएस के लॉन्च के साथ, हम गेमिंग सेगमेंट में अपनी पेशकशों का विस्तार करने के लिए रोमांचित हैं, जो गेमर्स को टॉप-ऑफ-द-लाइन ऑडियो सोल्यूशंस प्रदान करते हैं जो उनके गेमिंग अनुभव को बढ़ाते हैं।

## यूरोप दौरे की शानदार शुरूआत की भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने

**एंटवर्प।** श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट के जरिए हराकर यूरोप दौरे की रोमांचक जीत के साथ शुरूआत की। तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल किए। निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 था लेकिन भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की। तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई और पहले क्वार्टर तक यह बढ़त कायम रही। दूसरे क्वार्टर में तिवारी ने 27वें मिनट में एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढ़त थी। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। चौथे क्वार्टर में भी बेल्जियम ने दबाव बनाए रखा और पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल दाग दिया। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिए गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो शानदार गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है।

## लखनऊ ने सहगल क्लब दिल्ली को 5 विकेट से हराया

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच कृतज्ञ सिंह 2 विकेट 47 रन के आलराउंड खेल के साथ अक्शदीप नाथ नाबाद 51 व अंश यादव-72 के अर्धशतकों से क्रिकेट एसोसिएशन ऑफलखनऊ ने 40वीं ऑल इंडिया उत्तराखंड गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट में सहगल क्रिकेट क्लब दिल्ली को 5 विकेट से हराया। एस इंटरनेशनल स्कूलए देहरादून के क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में सहगल क्रिकेट कल्ब ने 46.5 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 222 रन बनाए। टीम 30 रन पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल फंस गयी थी। ऐसे हालात में अंकित कौशिक ने नाबाद 128 रन की शतकीय पारी खेल टीम को संभाला। अंकित ने 119 गेंदों की अपनी पारी में 16 चौके व 4 छक्के भी जड़े।

# पैरालंपियन सुमित ने भाला फेंक विश्व खिताब का बचाव किया

**भाषा** । कोबे (जापान)



**गत पैरालंपिक** चैंपियन सुमित अंतिल ने मंगलवार को यहां एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में अपना विश्व खिताब बरकरार रखा जबकि थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी क्रमश: उंची कूद और क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। पांचवें दिन पांच पदक जीतने वाले भारत के कुल 10 पदक हो गए हैं जिसमें चार स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। भारत अभी चीन (15 स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य) और ब्राजील (14 स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य) के बाद तीसरे स्थान पर चल रहा है। तोक्यो पैरालंपिक और 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित ने भाले को 69.50 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरियाणा के 25 साल के सुमित ने इस तरह एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में अपना वैश्विक वर्चस्व जारी रखा। उन्होंने पिछले साल चीन के हांगझोउ में पैरा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान 73.29 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर विश्व रिकॉर्ड भी बनाया था। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 70.83 मीटर का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है जो उन्होंने 2023 में पेरिस में पिछले सत्र में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। सुमित के हमवतन संदीप ने इसी स्पर्धा में 60.41 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता जबकि श्रीलंका के दुलान कोडिथुवाकु ने 66.49 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीता। सुमित ने नौ खिलाड़ियों के बीच पूरे मुकाबले के दौरान बढ़त बनाए रखी।

## भारतीय पुरूष और महिला चार गुणा 400 मीटर टीमों ने एशियाई रिले चैंपियनशिप में रजत पदक जीते

बैंकॉक। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बाद मुख्य खिलाडयों के बिना मैदान मे उतरी भारत की पुरूष और महिला चार गुणा 400 मीटर चौकड़ी ने मंगलवार को यहां एशियाई रिले चैंपियनशिप में अपनी-अपनी स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया। विथ्या रामराज, एमआर पूवम्मा, प्राची चौधरी और रूपल चौधरी की महिला टीम ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले फाइनल मे वियतनाम (तीन मिनट 30.81 सेकंड) के बाद तीन मिनट 33.55 सेकंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। जापान ने तीन मिनट 35.45 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। विथ्या और प्राची उस भारतीय चौकड़ी का हिस्सा नही थी जिसने इस महीने की शुरूआत में बहामास के नासाउ मे विश्व एथलेटिक्स रिले के दौरान पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था।




सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।